WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

# नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, शनिवार, 15 नवंबर 2025 | शुक्ल पक्ष- दशमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 | अंक- 207 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित



# बिहार की हार का जिम्मेदार चुनाव आयोग और एसआईआर जिम्मेदार

■ ज्ञानेश कुमार बिहार की जनता पर बढ़त बनाते हुए दिख रहे हैं

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 अपने अंतिम चरण में है। मतगणना के शुरुआती रुझान में महागठबंधन बुरी तरह से पिछड़ता हुआ नजर आ रहा है, जबकि एनडीए के बार फिर से सत्ता पर अपनी पकड़ को मजबूत बनाता हुआ दिख रहा है। कांग्रेस पार्टी ने अपनी इस हालत के लिए चुनाव आयोग और एसआईआर को जिम्मेदार बताया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा की चुनाव की मतगणना के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह चुनाव उनके और बिहार की जनता के बीच सीधी लड़ाई बन गया है।

एएनआई से बात करते हुए खेड़ा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि इस मुकाबले में उनकी बढ़त बिहार की जनता पर भारी पड़ रही है। शुरुआती रुझान साफतौर पर बता रहे हैं कि ज्ञानेश कुमार बिहार की जनता पर बढ़त बनाते हुए दिख रहे हैं। मैं बिहार की जनता को कम नहीं मानता। उन्होंने एसआईआर और वोट चोरी के बावजूद मुकाबला किया। यह मुकाबला सीधे तौर पर बिहार की जनता और भारत के चुनाव आयोग के बीच है, अब देखते हैं कौन जीतता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक किताब है 'प्रेम से सेवा करना'। ज्ञानेश कुमार अब प्रधानमंत्री मोदी के लिए भी यही किताब लिख रहे हैं। पवन खेड़ा के अलावा कांग्रेस के दूसरे नेता उदित राज ने बिहार चुनाव में कांग्रेस और महागठबंधन की हार के लिए चुनाव आयोग और एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ÷यह भाजपा या एनडीए की नहीं, बल्कि एसआईआर की जीत है; यह एकतरफा प्रतीत होता है। हमने एसआईआर का लगातार विरोध किया है और जवाब माँगा है, लेकिन चुनाव आयोग ने निर्देशानुसार जवाब दिया। चुनाव आयोग अब भी दावा कर रहा है कि उसे कोई आपत्ति नहीं मिली।÷

आपको बता दें कांग्रेस नेता की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब बिहार चुनाव की मतगणना में कांग्रेस पार्टी और उनका गठबंधन बुरी तरह से पिछड़ रहा है। वहीं, दूसरी और भाजपा और उनका गठबंधन एक बार फिर से सत्ता की तरफ बढ़ता दिख रहा है।

# बिहार के नेताओं को नतीजों से चौंकने की जरूरत नहीं यह पूरा 'महाराष्ट्र मॉडल'

**मुंबई।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे लगभग साफ हो गए हैं। भाजपा और जेडीयू के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भारी बहुमत के साथ सत्ता में आता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसे में विपक्षी नेताओं ने एक बार फिर से निर्वाचन आयोग और वोट चोरी के मुद्दे को उठाना शुरू कर दिया है। शिवसेना नेता संजय राउत ने बिहार विधानसभा चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी तुलना महाराष्ट्र चुनाव से की। उन्होंने कहा कि बिहार के नेताओं को नतीजों से चौंकने की जरूरत नहीं है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर शिवसेना यूबीटी नेता ने बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर चुनाव आयोग पर तंज कसा। उन्होंने भाजपा और निर्वाचन आयोग पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग सत्ता में आने वाले होते हैं, वह इनकी मिलीभगत की वजह से 50 सीटों के भीतर ही सिमट जाते हैं। उन्होंने लिखा, "बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों से चौंकने की जरूरत नहीं है। चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर राष्ट्रीय एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं, ऐसे में इससे अलग नतीजा आना नामुमकिन था!"

बिहार चुनाव को 'पूरी तरह महाराष्ट्र जैसा पैटर्न' बताते हुए राउत ने आगे कहा, "जिनका सत्ता में आना तय था, वे 50 के अंदर ही खत्म हो गए!"

शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने पिछले साल महाराष्ट्र चुनाव के दौरान वोट चोरी का आरोप लगाया था।

# कांग्रेस ने जिसे छुआ, वो भस्म हो गया : शहजाद पूनावाला

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** बिहार विधानसभा चुनाव के शुरुआती रुझान में महागठबंधन के प्रदर्शन पर भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दूसरे राज्यों की तरह बिहार में भी सहयोगी पार्टियों को भस्म करने का काम किया है।

बिहार चुनाव के 243 सीटों पर आए रुझानों में एनडीए की बंपर वापसी हुई है। भारतीय चुनाव आयोग के द्वारा 243 विधानसभा सीटों पर जारी किए गए रुझानों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई है। बिहार में डबल इंजन की सरकार की वापसी और कांग्रेस के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बिहार की जनता को धन्यवाद कि उन्होंने डबल इंजन की सरकार पर भरोसा जताया। वहीं, कांग्रेस पार्टी को अब आत्ममंथन करने की जरूरत है, क्योंकि कांग्रेस आज ऐसी पार्टी बन गई है, जो दूसरी पार्टी को छूती है तो वह भस्म हो जाती है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार की वापसी हो रही है, तो यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए के लिए एक निर्णायक सत्ता-समर्थक रुझान को दर्शाता है, जिसे हम 2014 से बार-बार देख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक केंद्र में तीन बार अपनी सरकार बना चुके हैं।

### परजीवी पार्टी बन चुकी कांग्रेस पार्टी

कांग्रेस पार्टी पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी परजीवी पार्टी बन चुकी है। जहां भी कांग्रेस जाती है, वहां अपने सहयोगी को हराती है। राहुल गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर का मुद्दा उठाया, लेकिन तेजस्वी यादव उसमें रुचि नहीं ले रहे थे। राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाया, लेकिन राजद ने उस मुद्दे को नहीं उठाया।

# दिल्ली ब्लास्ट केस में बड़ा ऐक्शन उमर के घर को सुरक्षा बलों ने उड़ाया

*दिल्ली में बम धमाका करने वाले आतंकी डॉ. उमर के साथ जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद (जीयूएच) से जुड़े तीन आतंकी 2022 में तुर्किये गए थे। वहां अंकारा में उनकी मुलाकात हैंडलर उकासा से हुई। टेलीग्राम एप पर शुरू हुई बातचीत बाद में सिग्नल और सेशन पर स्थानांतरित हो गई। इसी दौरान साजिश रची, जिनमें गाड़ियों में आईईडी से धमाके शामिल थे।*

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके में विस्फोटक से लदी कार चलाने वाले मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी के पुलवामा जिले स्थित मकान को सुरक्षा बलों ने बम से उड़ा दिया है। यह कार्रवाई देर रात की गई। आपको बता दें कि सोमवार रात लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। डॉ. उमर नबी उस हुंडई i20 कार को चला रहा था, जिसमें विस्फोटक लदे थे। विस्फोट स्थल से एकत्र किए गए डीएनए नमूने डॉ. उमर की मां के नमूनों से मेल खाने के बाद उसकी पहचान की पुष्टि हुई थी।

उमर नबी पर आरोप है कि वह पिछले दो वर्षों में कट्टरपंथी बन गया था। जांचकर्ताओं ने बताया कि वह सोशल मीडिया पर कई कट्टरपंथी मैसेजिंग ग्रुप में शामिल हो गया था।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अंतर-राज्यीय 'व्हाइट कॉलर' आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में काजीगुंड स्थित डॉ. मुजफ्फर के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए इंटरपोल से संपर्क किया है। गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में तीन डॉक्टर शामिल हैं। उनमें से एक डॉ. अदील का भाई है। आपको यह भी बता दें कि केंद्र सरकार ने दिल्ली विस्फोट के बाद अल फलाह यूनिवर्सिटी के सभी रिकॉर्ड का फोरेंसिक ऑडिट कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय और अन्य वित्तीय जांच एजेंसियों को इस हरियाणा-स्थित संस्थान के मनी ट्रेल की जांच करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्णय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद लिया गया, जिसमें 10 नवंबर को लाल किला के पास हुए विस्फोट की प्रगति की समीक्षा की गई। इस विस्फोट में 13 लोगों की जान चली गई थी।

### गिरफ्तार किए गए आठ में से सात कश्मीर से

जांचकर्ताओं ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आठ में से सात कश्मीर से हैं। मुजफ्फर भी उन डॉक्टरों की टीम का हिस्सा था जिसने 2021 में मुजम्मिल गनई और उमर नबी के साथ तुर्की का दौरा किया था। पुलिस के मुजफ्फर का पता लगाने की कोशिश करने पर पता चला कि वह अगस्त में भारत छोड़कर दुबई चला गया था और माना जाता है कि वह वर्तमान में अफगानिस्तान में है।

# हर कश्मीरी मुसलमान आतंकी नहीं : उमर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जोर देकर कहा है कि हर कश्मीरी मुसलमान आतंकवादी नहीं है। सोमवार को दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार धमाके के बाद उन्होंने कश्मीरी मुसलमानों पर बढ़ते संदेह के बीच ये बयान दिया है। उन्होंने आशंका जताई है कि दिल्ली ब्लास्ट के बाद केंद्र शासित प्रदेश के मुस्लिमों के साथ देशभर में भेदभाव बढ़ सकता है। आज सुबह जम्मू में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने दिल्ली ब्लास्ट की निंदा की और कहा कि कोई भी धर्म इतनी क्रूरता से निर्दोष लोगों की हत्या को उचित नहीं ठहरा सकता।

10 नवंबर को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई और लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गए। इस धमाके के तार कश्मीरी डॉक्टरों से जुड़े हैं, जो फरीदाबाद के अल-फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं।

### जम्मू-कश्मीर का हर निवासी आतंकवादी नहीं

इसी के मद्देनजर सीएम अब्दुल्ला ने कहा, "हमें एक बात याद रखनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर का हर निवासी आतंकवादी नहीं है या आतंकवादियों से जुड़ा नहीं है। ये कुछ ही लोग हैं जिन्होंने हमेशा यहाँ शांति और भाईचारे को बर्बाद किया है। जब हम जम्मू-कश्मीर के हर निवासी और हर कश्मीरी मुसलमान को एक ही विचारधारा से देखते हैं और सोचते हैं कि उनमें से हर एक आतंकवादी है, तो लोगों को सही रास्ते पर रखना मुश्किल हो जाता है।"

# जेल में रहकर बाहुबली अनंत सिंह ने गाड़ा झंडा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की हॉट सीट मोकामा से एनडीए प्रत्याशी बाहुबली अनंत कुमार सिंह विजयी हो गए हैं। उन्होंने राजद प्रत्याशी वीणा को 28 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से मात दी है। दुलारचंद यादव हत्याकांड में नाम सामने आने के बाद जेल में बंद जदयू प्रत्याशी मतगणना की शुरुआत से ही बढ़त बनाए हुए थे। इस विधानसभा चुनाव में अनंत सिंह का नाम इसलिए भी खास हो जाता है क्योंकि उन्होंने सबसे पहले ही चुनाव के लिए अपना पर्चा भर दिया था। इतना ही नहीं उन्होंने सीट और टिकट बंटने से पहले ही इस बात का ऐलान कर दिया था कि मोकामा से वह जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

प्रचार के दौरान जेल में बंद होने के बाद राजनीतिक हलकों में इस बात की चर्चा थी कि बाहुबली अनंत सिंह चुनाव हार सकते हैं। लेकिन अपने विरोधियों को धूल चटाते हुए अनंत सिंह बिहार चुनाव में सबसे पहले विजयी बनकर सामने आए हैं।

बिहार की इस हॉट सीट पर बाहुबली अनंत सिंह का सामना बाहुबली सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा से था।

# कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा को झटका

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत दर्ज मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया है। इसके अलावा हाई कोर्ट ने पूर्व सीएम के खिलाफ निचली अदालत के कथित अपराध का संज्ञान लेने और समन जारी करने के आदेश को जारी रखा। हालांकि, हाईकोर्ट ने निचली अदालत को निर्देश भी दिया।

# 'जंगल राज' खत्म कर 'सुशासन की सरकार' लाए नीतीश कुमार

**मुंबई (आईएएनएस)।** बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि बिहार का जनादेश देश की मजबूत लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, हमारे देश में लोकतंत्र बहुत मजबूत है। हर नागरिक को मतदान का अधिकार है और किसे वोट देना है, यह पूरी तरह मतदाता के विवेक पर निर्भर करता है। इस बार बिहार की जनता ने विकास को चुनकर अपना संदेश स्पष्ट कर दिया है।÷

आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार के लिए घोषित नए पैकेज के बाद राज्य में विकास की गति और तेज हुई है। उनका कहना था कि देश के विकास के साथ-साथ बिहार भी लगातार आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव के जंगल राज को खत्म कर बिहार में लोकतंत्र और विकास की सरकार स्थापित की। इसी कारण इस बार बिहार की जनता ने रिकॉर्ड मतदान किया है। जनता ने स्थिरता और प्रगति को प्राथमिकता दी है।

आठवले ने एनडीए के प्रदर्शन को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि गठबंधन 190 से 195 सीटों तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार एक बार फिर लगातार 10वीं बार मुख्यमंत्री बनेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार को विकास की नई दिशा दी है और आने वाले दिनों में यह डबल इंजन डबल रफ्तार के साथ और तेजी से आगे बढ़ेगा। उनके मुताबिक, बिहार के वोटरों ने इसी भरोसे के साथ अपना जनादेश दिया है।

चुनाव के रुझानों पर बोलते हुए आठवले ने कहा कि परिणाम साफ तौर पर दिखा रहे हैं कि जनता ने स्थिर, सुरक्षित और विकास-उन्मुख शासन को चुना है। उन्होंने कहा कि बिहार में जनता का उत्साह और भारी वोटिंग इस बात का संकेत है कि लोग अपने बेहतर भविष्य के लिए निर्णायक फैसले ले रहे हैं।

# बिहार की जनता ने न्याय, शांति और विकास के लिए वोट दिया : गिरीराज

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा के नतीजों के रुझानों को देखकर हृष्ठ गदगद है। जैसे जैसे रुझानों में भाजपा और जेडीयू को बढ़त मिलती दिख रही है, एनडीए नेताओं के मन में उत्साह बढ़ता जा रहा है। इस बीच बिहार के नतीजे आने से पहले ही भाजपा अगले चुनाव की तैयारी में जुट गई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि बिहार में पार्टी की जीत कर बाद अगली बारी बंगाल की है। गिरिराज सिंह ने एएनआई से बातचीत के दौरान कहा, "मैं पहले दिन से ही कह रहा था कि बिहार में हमारी लैंडस्लाइड विक्ट्री होगी, 2010 की तरह होगी। मेरे सारे बयानों को देख लीजिए। जिस ढंग से वोटिंग हुई है, जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिला है, ये जीत निश्चित थी। बिहार की जनता ने न्याय, शांति और विकास के लिए वोट दिया है।"

गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार और पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, "नीतीश कुमार ने महिलाओं का सशक्तिकरण किया। नरेंद्र मोदी जी ने लखपति दीदी का कॉन्सेप्ट दिया। तो महिलाओं ने नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार पर भरोसा किया। और इसीलिए उन्होंने हमें यह अवसर दिया है।

### आतंकवाद पर चिंदबरम के बयान से भड़के गिरिराज सिंह

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट ने देश को सकते में डाल दिया है। धमाके के बाद आतंकवाद को लेकर एक नई बहस शुरू हो गई। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री चिदंबरम सरकार को घेरते हुए कहा कि देश के भीतर आतंकवादी पनप रहे हैं और सरकार को चुप है। पूर्व गृहमंत्री एक इस बयान को आड़े हाथों लेते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को उन पर आतंकवादियों के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया।


## भारत निर्वाचन आयोग

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के

मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण

[अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026]

गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने की अवधि

[दिनांक: 04.11.2025 से 04.12.2025 तक]

छत्तीसगढ़ के सभी मतदाताओं से अपील है कि

"मतदाता सूची" में दर्ज अपने नाम को सत्यापन कराने हेतु

- ECINET मोबाइल एप या voters.eci.gov.in के माध्यम से आज ही ऑनलाइन तरीके से अपना गणना प्रपत्र ( एन्यूमरेशन फॉर्म ) भरें।

कृपया QR Code स्कैन करें

voters.eci.gov.in

- आप अपने मतदान केंद्र के "बूथ लेवल अधिकारी" के पास भी ऑफलाइन माध्यम से अपना गणना प्रपत्र ( एन्यूमरेशन फॉर्म ) भर कर जमा कर सकते हैं।
- विगत एस.आई.आर. 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट voters.eci.gov.in एवं election.cg.gov.in/deoportal पर उपलब्ध है।

महत्वपूर्ण तिथियां

| क्र. | कार्यक्रम का विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने की अवधि | 04.11.2025 से 04.12.2025 तक |
| 2. | मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन | 09.12.2025 |
| 3. | दावा आपत्ति करने की अवधि | 09.12.2025 से 08.01.2026 तक |
| 4. | नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) की अवधि | 09.12.2025 से 31.01.2026 तक |
| 5. | मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 07.02.2026 |

S-45927/12

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर अद्यतन, स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण में अपना सहयोग दें।

यदि आपको ( एन्यूमरेशन फॉर्म ) भरने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई आती है तो हमारे टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करें अथवा अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क करें।

Follow Us On

CEOChhattisgarh | CEOChhattisgarh | ceochhattisgarh

CEOChhattisgarh | ceochhattisgarh

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़

WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
# नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 4 | अभिव्यक्ति 5 | राजधानी 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

बिलासपुर, शनिवार, 15 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- दशमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 207 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

# बिहार में एनडीए की आंधी में बुझी लालटेन!

## पीएम मोदी का ट्वीट- यह सुशासन, विकास की जीत

**पटना(वार्ता /आईएएनएस)।** बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों में एनडीए बंपर जीत की तरफ बढ़ रहा है। राजद के नेतृत्व में महागठबंधन का बुरा हाल है। साफ है कि बिहार की जनता ने पीएम मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर विश्वास जताया है।

पीएम मोदी ने बिहार चुनाव को लेकर दी पहली प्रतिक्रिया

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर बिहार चुनाव के नतीजों पर लिखा कि 'सुशासन की जीत हुई है। विकास की जीत हुई है। जन-कल्याण की भावना की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है। बिहार के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत का आशीर्वाद दिया है। यह प्रचंड जनादेश हमें जनता-जनार्दन की सेवा करने और बिहार के लिए नए संकल्प के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगा।ó

óमैं एनडीए के प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अथक परिश्रम किया है। उन्होंने जनता के बीच जाकर हमारे विकास के एजेंडे को सामने रखा और विपक्ष के हर झूठ का मजबूती से जवाब दिया। मैं उनकी हृदय से सराहना करता हूं! पीएम मोदी ने लिखा कि 'आने वाले समय में हम बिहार के विकास, यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और राज्य की संस्कृति को नई पहचान देने के लिए बढ़-चढ़कर काम करेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां की युवा शक्ति और नारी शक्ति को समृद्ध जीवन के लिए भरपूर अवसर मिले।

## बिहार में राजग ऐतिहासिक जीत की ओर 202 सीटों पर बढ़त

बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य में ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर होते हुए अभी तक 202 सीटों पर बढ़त हासिल कर ली है जबकि महागठबंधन केवल 35 सीटों पर सिमटता हुआ नजर आ रहा है।चुनाव आयोग की ओर से सभी 243 बिहार विधानसभा चुनाव के रुझान के जारी आंकड़े के अनुसार राजग के घटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 89, जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के 83, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 21, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के 04 उम्मीदवार अपनी अपनी सीटों पर बढ़त बनाये हुये हैं। दूसरी तरफ राज्य में महागठबंधन में शामिल राजद के 27, कांग्रेस के पांच भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी- लेनिनवादी (भाकपा- माले) के दो और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक उम्मीदवार अपनी सीटों पर मतगणना में आगे चल रहे हैं। इसके अलावा ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पांच और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एक उम्मीदवार मतगणना में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे चल रहे हैं।

## गया के सभी सीटों का हाल

गया जिले में इस बार चुनावी नतीजों ने कई दिलचस्प संदेश दिए। गया टाउन सीट से बीजेपी के वरिष्ठ नेता और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार विजयी हुए, जबकि गुरुआ सीट से पहली बार चुनाव लड़ रहे बीजेपी प्रत्याशी उपेंद्र प्रसाद ने जीत दर्ज की, जहां जातीय समीकरण उनके पक्ष में प्रमुख फैक्टर माना गया। अतरी विधानसभा से हम के उम्मीदवार रोमित कुमार ने विकास और जंगलराज के मुद्दों के सहारे पहली बार जीत हासिल की। टिकारी में राजद उम्मीदवार अजय कुमार ने अपने पहले ही चुनाव में सबको चौंकाते हुए जीत दर्ज की, जिसमें राजद सांसद अभय कुशवाहा की भूमिका अहम बताई जा रही है। वहीं इमामगंज से हम की दीपा कुमारी विजयी रहीं, जिससे पार्टी को महत्वपूर्ण बढ़त मिली है।

## बेगूसराय के सभी सीटों का हाल जानिए

बेगूसराय की सभी सात विधानसभा सीटों के नतीजे साफ हो गए, जिसमें एनडीए ने पांच और महागठबंधन ने दो सीटों पर जीत दर्ज की। मटिहानी की हॉट सीट पर राजद के नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह ने जेडीयू के राजकुमार को करीब छह हजार वोटों ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

## मोदी और नीतीश के नेतृत्व में विश्वास जताया !

**पटना (ए.)।** बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों में एनडीए बंपर जीत की तरफ बढ़ रहा है। राजद के नेतृत्व में महागठबंधन का बुरा हाल है। साफ है कि बिहार की जनता ने पीएम मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर विश्वास जताया है। जानिए राजद, कांग्रेस और लोजपा रामविलास के खाते में कितनी सीटें आई हैं?

**आम आदमी पार्टी ने जीती तरनतारन सीट** : पंजाब की तरनतारन सीट पर आम आदमी पार्टी के हरमीत सिंह संधु ने जीत दर्ज की है। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल की नेता सुखविंदर कौर को 12 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है।

**राघोपुर सीट पर करीब पांच हजार वोटों से पीछे चल रहे तेजस्वी** : राजद नेता तेजस्वी यादव 11/30 राउंड की गिनती के बाद राघोपुर से 4829 वोटों के अंतर से पीछे चल रहे हैं। इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार सतीश कुमार आगे चल रहे हैं।

**बिहार तो झांकी है, आगे बंगाल बाकी है**: बिहार के मंत्री और गया टाउन विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रेम कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम पर कहा, 'बिहार तो एक झांकी है और आगे बंगाल बाकी है। अगला पड़ाव भाजपा का बंगाल में होगा और वहां पर हम सरकार बनाएंगे। बिहार में चुनाव संपन्न होने के बाद अगला चढ़ाई हम बंगाल में करेंगे और वहां पर हम ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर करेंगे। वहां पर जो जंगलराज आ गया है और वहां की जनता को जंगलराज से मुक्त कराकर राम राज लाने का काम करेंगे। एआईएमआईएम के उम्मीदवार पांच ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

### हर बिहारवासी की जीतः शाह

बिहार के नतीजों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'यह विकसित बिहार में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले किसी भी भेष में आएं, उन्हें लूटने का मौका नहीं मिलेगा। जनता अब सिर्फ और सिर्फ प्रदर्शन की राजनीति के आधार पर जनादेश देती है। नरेंद्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी व एनडीए के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं।

## बिहार में नीतीश के बिना भी सरकार बना सकती है भाजपा

नई दिल्ली/पटना। (ए.)। बिहार विधानसभा चुनाव के रुझान में एनडीए को भारी बढ़त मिलती हुई दिख रही है। ऐसे में अगर ये रुझान नतीजों में बदलते हैं तो भाजपा बिहार में अपने दम पर सरकार बना सकेगी। उसके नीतीश कुमार की भी आवश्यकता नहीं होगी। बिहार में बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए 122 सीट की जरूरत होती है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को जबरदस्त बढ़त मिलती हुई नजर आ रही है। अगर नतीजों में भी इसी तरह के आंकड़े निकलकर सामने आते हैं, तो राज्य में पहली बार एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जद(यू) के बिना भी सरकार बना सकेगी। राज्य की 243 विधानसभा सीट पर दो चरणों में मतदान हुआ था। छह नवंबर को पहले चरण और 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान हुआ था। किसी भी दल को बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए 122 सीट की जरूरत होती है। रुझानों में एनडीए 208 सीट पर आगे है। इसमें भाजपा 95, जदयू 84, लोजपा (आर) 19, रालोमो ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

## महागठबंधन का बुरा हश्र

साढ़े तीन बजे तक की मतगणना के मुताबिक एनडीए 209 सीटों पर आगे है। महागठबंधन के बुरे हश्र का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसमें शामिल सभी दलों को केवल 29 सीटों पर बढ़त मिली है। एआईएमआईएम जैसे क्षेत्रीय दल भी अपना विस्तार कर रहे हैं। ओवैसी के दल से ताल ठोकने वाले प्रत्याशी छह सीटों पर आगे हैं।

### आज बेबाक

जिसका डर था बेदर्दी वही बात हो गई। ऐसा तीर चला लालटेन पर कि लालू के लाल के लिए दिन में ही रात हो गई। एग्जिट पोल के पूर्वानुमान सही साबित हुए और बिहार में एनडीए की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया। बिहार के मतदाताओं ने अपने नीर क्षीर निर्णय से यह साबित कर दिया कि उन्हें प्रलोभन परोसकर महाठगबंधन वालों ने खुद को डेढ़ होशियार समझने का जो मुगालता पाला था वह उनकी मूर्खता थी। बहरहाल अब देखना दिलचस्प होगा कि हारे हुए बुड़बक अब क्या करेंगे? हवन तो हरगिज नहीं करेंगे।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन जीते चुनाव

### 51,936 वोटों से रेखा कुमारी को दी पटखनी

**पटना(वार्ता)।** बिहार के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में 28 राउंड तक चली मतगणना के बाद परिणाम साफ़ हो चुका है. भाजपा उम्मीदवार और छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने 51,936 वोटों से राजद उम्मीदवार रेखा कुमारी को पटखनी दी है. नितिन नबीन को कुल 98,299 वोट मिले हैं।

**2020 में भी नितिन नबीन ने लहराया था परचम** : बांकीपुर सीट पर 2020 के विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा के नितिन नबीन ने जीत हासिल की थी. बांकीपुर सीट पर हार जीत का अंतर 39036 वोट का रहा था. पिछले चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार लव सिन्हा को हराया था। बांकीपुर में 2020 के चुनाव में 35.91%. मतदान ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

## जाको राखे साईंया मार सके न कोए, जहां गईं 13 जान वहां खड़े दो पुलिसवालों को खरोंच न आई

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये दोनों पुलिसकर्मी ब्लाइंड स्पॉट की वजह से बचे हैं। उन्होंने बताया कि जब बम धमाका होता है तो उससे विस्फोटक अन्य वस्तुएं चारों तरफ निकलती है। इन खतरनाक घातुओं से बम धमाके चारों तरफ खड़े लोगों को जान-माल का नुकसान होता है।

कहते हैं कि जाको राखे साईंया, मार सके न कोए.. जी हां लाल किले बम धमाके के दौरान दिल्ली पुलिस के दो हवलदार के साथ ऐसा ही हुआ है। लालकिले चौकी में तैनात हवलदार अजय चहल व एक अन्य हवलदार बाल-बाल बच गए। दिल्ली पुलिसकर्मियों में चर्चा है कि भगवान की विशेष कृपया से ही दोनों बचे हैं। ये दोनों पुलिसकर्मी धमाके वाली जगह से मात्र 30 से 50 फुट की दूरी पर खड़े हुए थे और इन्हें खरोंच तक नहीं आई।

## सीबीआई ने धोखाधड़ी के मामले में वांछित भगोड़े को यूएई से वापस लाया

**नयी दिल्ली (वार्ता)** केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उत्तराखंड में धोखाधड़ी और आपराधिक मामले में फरार चल रहे एक भगोड़े अपराधी को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से वापस लाया गया है और उसे उत्तराखंड पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

एक अधिकारी ने बताया कि विदेश और गृह मंत्रालय के सहयोग से आरोपी जगदीश पुनेठा की वापसी संभव हो पाई है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक षडयंत्र के आरोप में पिथौरागढ़ पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वह यूएई भाग गया था। सीबीआई ने उसका पता लगाने और उसे पकडऩे के लिए यूएई अधिकारियों के साथ समन्वय किया। सीबीआई ने उत्तराखंड पुलिस के अनुरोध पर छह मई को इंटरपोल के माध्यम से जगदीश पुनेठा के खिलाफ रेड नोटिस प्रकाशित करवाया था। उत्तराखंड पुलिस की एक टीम यूएई गई और 13 नवंबर को उसे लेकर नयी दिल्ली वापस आई।

## चेन्नई के पास क्रैश हुआ वायुसेना का ट्रेनर विमान

**चेन्नई (वार्ता)।** भारतीय वायुसेना का एक पीसी-7 पिलाटस बेसिक ट्रेनर विमान शुक्रवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान तम्बरम, चेन्नई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खुशकिस्मती से पायलट समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आया, इसलिए किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

**हादसे की जांच के लिए कमेटी गठित** : वायुसेना ने बताया कि उड़ान सामान्य प्रशिक्षण मिशन का हिस्सा थी। हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी (जांच कमेटी) गठित कर दी गई है, जो घटना की विस्तृत जांच करेगी। घटना स्थल पर राहत और सुरक्षा टीमों को तुरंत भेजा गया। स्थानीय प्रशासन ने भी वायुसेना की मदद की है। इस हादसे के बाद वायुसेना ने कहा कि उड़ानों की सुरक्षा उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और जांच रिपोर्ट आने के बाद जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### गरमा-गरम

### साय कैबिनेट का बड़ा फैसला

### लीज पर दिया जाएगा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम

# धान खरीदी के लिए विपणन संघ को देंगे 11,200 करोड़ अतिरिक्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । मंत्रिपरिषद द्वारा खरीफ एवं रबी विपणन मौसम में दलहन-तिलहन फसल के उपार्जन हेतु पूर्व वर्ष की भांति ''प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान'' प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत उपार्जन किए जाने का निर्णय लिया गया।

**उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होने की संभावना** : यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी मौसम में दलहन-तिलहन फसल जैसे चना, सरसों, मसूर का उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया जाता है। दलहन-तिलहन का समर्थन मूल्य पर उपार्जन की व्यवस्था प्रदेश की मंडियों में होने से बाजार में प्रतिस्पर्धा बनी रहती है, जिसके कारण कृषकों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होने की संभावना होती है।

**वाणिज्य और उद्योग विभाग में और बीस सूत्रीय का संविलियन** : मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ शासन कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन करते हुए सार्वजनिक उपक्रम विभाग को वाणिज्य और उद्योग विभाग में और बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग का संविलियन योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में करने का महत्वपूर्ण ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

### धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू

मंत्रिपरिषद ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं हेतु स्वीकृत 15 हजार करोड़ रूपए की शासकीय प्रत्याभूति को खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए पुनर्वेधीकरण करने के साथ ही विपणन संघ को अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि रूपये 11,200 करोड़ प्रदाय किए जाने का निर्णय लिया।

### क्रिकेट संघ को अनुबंध के अनुसार लीज

शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर अटल नगर को दीर्घ कालीन पूर्णतः संचालन और विकास कार्यों हेतु छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को अनुबंध के अनुसार लीज पर देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस निर्णय से राज्य के उदीयमान क्रिकेट खिलाडिय़ों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण और तकनीकी सुविधाएं प्राप्त होगी। इस निर्णय से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के और अधिक क्रिकेट मैच का आयोजन सुनिश्चित होगा।

### अनुदान की पात्रता निर्धारित आय वर्ग को

ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय हेतु 03 बार विज्ञापन होने के पश्चात अविक्रित भवनों को, पात्र हितग्राही के अतिरिक्त किसी भी आय वर्ग के हितग्राही को विक्रय किया जा सकता है, परन्तु ऐसे हितग्राहियों को शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। अनुदान की पात्रता केवल निर्धारित आय वर्ग के हितग्राही को ही होगी।

### भवनों को मांग अनुसार विक्रय किया जा सकेगा

ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय हेतु 03 बार विज्ञापन होने के पश्चात अविक्रित भवनों को एकल व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा एक से अधिक संपत्ति क्रय करने का प्रस्ताव दिया जाता है, तो एकल व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय अथवा निजी संस्था के नाम पर एक से अधिक भवनों को मांग अनुसार विक्रय किया जा सकेगा, परन्तु इन्हें शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। इस निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को इसका लाभ मिले।

### सुविचार

सभी वीर अर्जुन नहीं होते कि हर युद्ध जीत ही जाएं कुछ लोगों के भाग्य में चक्रव्यूह भी आता है। - अज्ञात

# बिहार में एनडीए की सुनामी

बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम विभिन्न एक्जिट पोल के पूर्वानुमानों के मुताबिक रहें। एक एक्जिट पोल ने एनडीए को दो सौ से ज्यादा सीटें मिलने की संभावना जताई थी जो सत्यता के सबसे निकट निकली। वाकई बिहार में एनडीए की सुनामी आ गई जिसने महागठबंधन के अरमानों पर न सिर्फ़ पानी फेरा बल्कि उन्हें कहीं मुंह दिखाने लायक भी नहीं छोड़ा। राष्ट्रीय जनता दल का प्रदर्शन इस कदर दयनीय रहा कि उसके नेता तेजस्वी यादव जो मुंगेरी लाल की तरह यह हसीन सपना देख रहे थे कि वे इस बार मुख्यमंत्री बनकर रहेंगे वे अब विपक्ष के नेता भी नहीं बन पाएंगे। राजद के सहयोगी दलों कांग्रेस, वीआईपी और वामपंथियों का सूपड़ा ही साफ हो गया। एनडीए ने 2010 की शानदार जीत से भी बड़ी जीत कर एक नया इतिहास रचा दिया। बिहार का यह जनादेश इस बात का प्रतीक है कि लोगों का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार पर ही कायम है और उन्हें इस बात पर भी भरोसा है कि डबल इंजन सरकार ही बिहार की प्रगति को रफ्तार दे सकती है। इस जनादेश को जंगलराज के खिलाफ बिहार के लोगों के आक्रोश के रुप में भी देखा जा सकता है। वे नौवीं फेल तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रुप में कतई नहीं देखना चाहते थे जिसने बिहार के हर परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का ऐसा झूठा वादा किया था जिस पर कोई नादान बच्चा भी यकीन न करें। बिहार के मतदाताओं ने एनडीए को एकतरफा ऐतिहासिक जीत दिलाकर महागठबंधन वालों को यह भी संदेश दे दिया है कि जनता अब परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति से ऊब चुकी है। अब वो दिन हवा हुए जब इन सरमायादारों का पसीना भी गुलाब हुआ करता था। अब तो जनता उसी को अपना रहनुमा बनाएगी जो जनहित के लिए अपना खून पसीना बहाने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। महागठबंधन की इतनी बुरी गत बनने की मुख्य वजह शायद यही रही कि उसने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की गलती कर दी। इस खतरे को राहुल गांधी भांप गए थे इसलिए वे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करना चाहते थे लेकिन तेजस्वी यादव ने दबाव बनाकर खुद को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करा लिया और यहीं से महागठबंधन की करारी हार की उल्टी गिनती शुरू हो गई थी। बहरहाल महागठबंधन को इस जनादेश का सम्मान करना चाहिए और विनम्रता पूर्वक जनता के निर्णय को शिरोधार्य करना चाहिए। खासतौर पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को भी चाहिए कि वे बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों को लेकर वोट चोरी का राग अलापना बंद करें। बिहार के चुनाव परिणामों को लेकर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस तरह का बयान दिया है उससे स्पष्ट है कि वे बिहार में कांग्रेस के शर्मनाक प्रदर्शन को पचा नहीं पा रहे हैं और चुनाव आयोग पर वोट चोरी कराने का आरोप लगा रहे हैं। इसी तरह कांग्रेस नेता राशिद अलवी ने भी बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर चुनाव आयोग पर निशान साधा है इन नेताओं को इस तरह की बयानबाजी से परहेज करना चाहिए।

# बिहार में सत्य और सकारात्मकता की जीत

नीरज मंजित

*इधर महाराष्ट्र में मौलानाओं के बेजा बयानों ने इंडी गठबंधन को पीछे धकेलकर वोटों का ध्रुवीकरण कर दिया था। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना, कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी के त्रिगुट महाविकास अघाड़ी की सरकार में जो भ्रष्टाचार और बेलगाम तंत्र देखा गया, उसने भी इंडी गठबंधन को काफी नुक़सान पहुँचाया था। क्या हरियाणा में कांग्रेस ने नकारात्मक साजिशों के जरिए चुनाव जीतने की कोशिश नहीं की थी? क्या हरियाणा में कांग्रेस और राहुल गांधी अति आत्मविश्वास और अहंकार का शिकार नहीं हो गए थे? क्या हरियाणा में कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई हार की जिम्मेदार नहीं थी? इन सभी सवालों का जवाब है--हाँ। ये सारे फैक्टर कांग्रेस के चुनाव अभियान में साफतौर पर नज़र आ रहे थे। हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा ने बेहतर रणनीति और कड़ी मेहनत के दम पर जीत हासिल की थी।*

बिहार में इस बार अपरिमित असत्य, घोर नकारात्मकता और अहर्निश अहंकार की बहुत बड़ी पराजय हुई है और महागठबंधन को बिहार के इतिहास की सबसे बड़ी हार झेलना पड़ी है। बिहार की जनता ने सत्य, सकारात्मकता और सच्चे वादे करके काम करने वाली सरकार के पक्ष में भारी जनादेश दिया है। एनडीए की इस अभूतपूर्व जीत में युवाओं, महिलाओं, दलित, पिछड़े, अगड़े सहित जनता के हर तबके के वोट शामिल हैं। खास तौर पर युवाओं ने नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार के वादों पर पूरी तरह से भरोसा जताया है। तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को यकीन था कि इस दफा युवा और महिलाएं महागठबंधन को वोट देंगी। तेजस्वी यादव ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं और महिलाओं के लिए लार्जर दैन लाइफ से भी बड़े वादे किए थे।

इधर राहुल गांधी भाजपा और चुनाव आयोग पर वोट चोरी का इल्ज़ाम चस्पां करके जेन-जी को सड़क पर उतरने का आव्हान कर रहे थे। मगर बिहार के जेन-जी ने साफ़ और बहुत ही ऊँची आवाज़ में राहुल और कांग्रेस को बता दिया है कि वोट चोरी के असत्य आरोपों को वे पूरी तरह नकारते हैं। सच कहा जाए तो यह पूरे देश के युवाओं--हर उम्र के युवाओं--की आवाज़ है। राहुल गांधी और कांग्रेस यदि इस आवाज़ को सुनकर सबक ले सकें और अपनी रणनीतियों को सकारात्मकता की ओर मोड़ सकें, तो यह कांग्रेस के लिए भी अच्छी बात होगी और देश के लिए भी।

बिहार के बारे में अक्सर एक मुहावरे जा ज़िक्र किया जाता है कि बिहार लोकतंत्र की जननी है और यहाँ की जनता पूरे देश को रास्ता दिखाती है। इस चुनाव में भी बिहार की जनता ने देश को रास्ता दिखाया है। बिहार की जनता ने मोदी और नीतीश को विशाल जनादेश देकर नितांत स्पष्ट रूप से बताया है कि वह परिवारवाद, जाति के समीकरणों, झूठे वादों और वोट चोरी जैसे नकारात्मक मुद्दों के ख़िलाफ़ खड़ी है। बिहार की जनता अब पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहती। उसने नीतीश कुमार के 20 वर्षों के कार्यकाल में बिहार को बदलते देखा है। बिहार की जनता अब तरक़्क़ी के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहती है। उसे प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश के रोडमैप पर पूरा यकीन है। इसीलिए बिहार ने इस बार एंटी इनकम्बेंसी अर्थात सत्ता विरोधी

फैक्टर जैसे कई मुहावरों को ध्वस्त कर दिया है।

राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके समर्थित इकोसिस्टम ने बिहार के चुनाव को पूरी तरह वोट चोरी के बहुत बड़े असत्य नैरेटिव पर टिका कर नकारात्मक प्रचार की सारी हदें लांघ दी थीं। जहाँ तक अहंकार की बात है, क्या वह राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम की अहर्निश पहचान नहीं बन गया है? क्या राहुल गांधी बिहार के चुनाव को एक प्रयोग के तौर पर लड़ रहे थे? यदि ऐसा है तो वे बिहार में बुरी तरह विफल हुए हैं।

बिहार में एसआईआर का अंध विरोध और वोट चोरी का असत्य नैरेटिव पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। जबकि उन्हें इस असत्य कहानी की कामयाबी पर इतना यकीन था कि वे आख़िरी क्षणों तक बिहार में महागठबंधन के सीनियर पार्टनर तेजस्वी यादव और राजद की उपेक्षा करते रहे।

बिहार के नतीजों ने यह भी बताया है कि राहुल और उनके बुद्धिमान सहयोगियों को बिहार की ज़मीनी हक़ीक़त का ज़रा भी अंदाज़ा नहीं था। उन्हें और उनके इकोसिस्टम को ऐसा लग रहा था कि वोट चोरी का आरोप बिहार में एक बड़े मुद्दे के रूप में उभर कर आएगा और वे बिहार की जनता के बड़े तबके को अपनी तरफ़ खींचने में सफल हो जाएँगे। संभवतः उन्हें यह भी लग रहा था कि बिहार में कांग्रेस अपनी बदहाली से निकलकर तेजस्वी यादव के बराबर खड़ी हो सकती है।

इसीलिए राहुल और कांग्रेस आख़िर तक राजद से सौदेबाज़ी करते रहे। जब कांग्रेस को ऐसा लगा कि वोट चोरी का उनका सबसे बड़ा मुद्दा बुरी तरह धराशायी हो चुका है और सारे सूत्र उनके हाथ से निकल चुके हैं, तब जाकर राहुल और कांग्रेस अपने अहंकार के वृत्त से निकले और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया।

लगता है राहुल और कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र की भारी पराजय से कोई सबक नहीं सीखा है। बल्कि इसके ठीक उलट महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों के एक साल बाद परिणामों को वोट चोरी के असत्य आरोपों से जोड़कर अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग और भाजपा पर फोड़ने की नाकाम कोशिश की है। हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव बांग्लादेश में हिंदुओं पर अनवरत अत्याचार की खबरों के बीच लड़े गए थे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ÷बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो सेफ रहोगे÷ का मुहावरा लेकर मैदान में उतरे थे। इसके अलावा विकास और दूसरे सकारात्मक मुद्दे तो थे ही।

इधर महाराष्ट्र में मौलानाओं के बेजा बयानों ने इंडी गठबंधन को पीछे धकेलकर वोटों का ध्रुवीकरण कर दिया था। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना, कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी के त्रिगुट महाविकास अघाड़ी की सरकार में जो भ्रष्टाचार और बेलगाम तंत्र देखा गया, उसने भी इंडी गठबंधन को काफी नुक़सान पहुँचाया था।

क्या हरियाणा में कांग्रेस ने नकारात्मक साजिशों के जरिए चुनाव जीतने की कोशिश नहीं की थी? क्या हरियाणा में कांग्रेस और राहुल गांधी अति आत्मविश्वास और अहंकार का शिकार नहीं हो गए थे? क्या हरियाणा में कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई हार की जिम्मेदार नहीं थी? इन सभी सवालों का जवाब है--हाँ। ये सारे फैक्टर कांग्रेस के चुनाव अभियान में साफ तौर पर नज़र आ रहे थे। हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा ने बेहतर रणनीति और कड़ी मेहनत के दम पर जीत हासिल की थी।

# बिरसा मुंडा का उलगुलान – भारतीय समाज का स्वाभिमान

– प्रवीण गुगनानी

बिरसा मुंडा महान क्रांतिकारी थे, जनजातीय समाज को साथ लेकर उलगुलान किया था उन्होने। उलगुलान अर्थात हल्ला बोल, क्रांति का ही एक देशज नाम। वे एक महान संस्कृतिनिष्ठ समाज सुधारक भी थे, वे संगीतज्ञ भी थे जिन्होंने सूखे कद्दू से एक वाद्ययंत्र का भी अविष्कार किया था जो अब भी बड़ा लोकप्रिय है। इसी वाद्ययंत्र को बजाकर वे आत्मिक सुख प्राप्त करते थे व दलित, पीड़ित समाज को संगठित करने का कार्य भी करते थे। ठीक वैसे ही जैसे भगवान श्रीकृष्ण अपनी बंशी से स्वांतः सुख व समाज सुख दोनों ही साध लेते थे। सूखे कद्दू से बना यह वाद्ययंत्र अब भी भारतीय संगीत जगत मे वनक्षेत्रों से लेकर बालीवूड तक बड़ी प्रमुखता से बनाया व बजाया जाता है। वस्तुतः बिरसा मुंडा की मूल कार्यशैली जनजातीय समाज को इसाइयों के धर्मांतरण से बचाने, अत्याचारों से समाज को बचाने, समाज मे व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने व शोषक वर्ग से समाज को बचाने की रही। भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण व अविभाज्य अंग रहा है जनजातीय समाज। मूलतः प्रकृति पूजक यह समाज सदा से भौतिकता, आधुनिकता व धनसंचय से दूर ही रहा है। "अबुआ दिशोम रे अबुआ राज " अर्थात अपनी धरती अपना राज का नारा दिया था वीर बिरसा मुंडा ने। वीर शिरोमणि बिरसा की जयंती के अवसर बिरसा के राष्ट्र हेतु प्राणोत्सर्ग करने की कहानी पढ़ने के साथ साथ यह भी स्मरण करने का अवसर है कि अब स्वतंत्र भारत मे अर्थात अबुआ दिशोम मे जनजातीय व वनवासी बंधुओं के साथ, उनकी संस्कृति के साथ क्या क्या षड्यंत्र हो रहे हैं?

**वस्तुतः** जनजातीय समाज के समक्ष अब भी बड़ी चुनौतियाँ वैचारिक व सांस्कृतिक स्तर पर लगातार रखी जा रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है समूचे भारत मे फैलाया जा रहा आर्य व अनार्य का विघटनकारी वितंडा।

कथित तौर पर आर्य कहे जाने वाले लोग भी भारत मे उतने ही प्राचीन हैं जितने कि अनार्य का दर्जा दे दिये गए जनजातीय समाज के लोग।



वस्तुतः वनवासी समाज को अनार्य कहना ही एक अपशब्द की भांति है, क्योंकि आर्य का अर्थ होता है सभ्य व अनार्य का अर्थ होता है असभ्य। सच्चाई यह है कि भारत का यह वनवासी समाज पुरातन काल से ही सभ्यता, संस्कृति, कला, निर्माण, राजनीति, शासन व्यवस्था, उत्पादकता और सबसे बड़ी बात राष्ट्र व समाज को उपादेयता के विषय मे किसी भी शेष समाज के संग कदम से कदम मिलाकर चलता रहा है व अब भी चल रहा है।

अपने विभेदकारी लक्ष्य की पूर्ति हेतु पश्चिमी विद्वानों ने भारतीय जातियो मे विभेद उत्पन्न करना उत्पन्न किया व द्रविड़ों को भारत का मूलनिवासी व आर्यों को बाहरी आक्रमणकारी कहना प्रारंभ किया। ईसाइयों ने अपने धर्म की श्रेष्ठता सिद्ध करने हेतु इस प्रकार के षड्यन्त्र रचना सतत चालू रखे। विदेशियों ने ही भारत के इतिहास लेखन मे इस बात को दुराशय पूर्वक बोया कि आर्य विदेश से आई हुई एक जाति थी जिसने भारत के मूलनिवासी द्रविड़ समाज की सभ्यता को आक्रमण करके पहले नष्ट भ्रष्ट किया व उन्हे अपना गुलाम बनाया। जबकि यथार्थ है कि आर्य किसी जाति का नहीं बल्कि एक उपाधि का नाम था जो कि किसी विशिष्ट व्यक्ति को उसकी विशिष्ट योग्यताओं, अध्ययन या सिद्धि हेतु प्रदान की जाती थी। आर्य शब्द का सामान्य अर्थ होता है विशेष। पहले अंग्रेजों ने व स्वातंत्र्योत्तर काल मे अंग्रेजों द्वारा लादी गई शिक्षा पद्धति ने भारत मे लगभग छः दशकों तक इसी दूषित, अशुद्ध व दुराशयपूर्ण इतिहास का पठन पाठन चालू रखा।

भारत मे इसी दूषित शिक्षा पद्धति ने आर्यन इंवेजन थ्योरी की स्थापना की व सामाजिक विभेद के बीज लगातार बोये।

जर्मनी मे जन्में किंतु संस्कृत के ज्ञान के कारण अंग्रेजों द्वारा भारत बुलाये गए मेक्समूलर ने आर्यन इन्वेजन थ्योरी का अविष्कार किया। मेक्समूलर ने लिखा कि आर्य एक सुसंस्कृत, शिक्षित, बड़े विस्तृत धर्म ग्रन्थों वाली, स्वयं की लिपि व भाषा वाली घुमंतू किंतु समृद्ध जाति थी। इस प्रकार मैक्समूलर ने आर्य इंवेजन थ्योरी के सफ़ेद झूठ का पौधा भारत मे बोया जिसे बाद मे अंग्रेजी शिक्षा पद्धति ने एक बड़ा वृक्ष बना दिया।

यद्द्पि बाद मे 1921 मे हड़प्पा व मोहनजोदाड़ो सभ्यता मिलने के बाद आर्यन थ्योरी को बड़ा धक्का लगा किंतु अंग्रेजों ने अपनी शिक्षा पद्धति, झूठे इतिहास लेखन व षड्यन्त्र के बल पर इस थ्योरी को जीवित रखा। सबसे बड़ी खेद की बात यह है कि अंग्रेजों के जाने के पश्चात भारत मे एक बड़ा वर्ग ऐसा जन्मा जो कहने को तो भारतीय संतति ही है किंतु उसकी मानसिकता भारत विरोधी है। यह वर्ग सेकुलर, नक्सलवादी, माओवादी, बुद्धिजीवी, प्रगतिशील, जनवादी, आदि आदि नामों से आपको यहाँ वहाँ समाज सेवा के नाम पर समाज व देश को तोड़ते हुये बड़ी सहजता से मिल जाएगा। सिंधु घाटी सभ्यता की श्रेष्ठता को छुपाने व आर्य द्रविड़ के मध्य विभाजन रेखा खींचने की यह कथा बहुत विस्तृत चली व अब भी इस कथित विघ्नसंतोषी वर्ग द्वारा चलाई जा रही है किंतु इन्हे हमारा समाज अब भी चिन्हित नहीं कर पाया है। आज सबसे महती आवश्यकता इस बात की है कि वनवासी समाज मे घुसपैठ कर रहे इस कालनेमी वर्ग को पहचानना और उनके देशविरोधी, समाज विरोधी चरित्र पर ढके हुये छदम आवरण को हटाना। इस विघ्नसंतोषी वर्ग की बातों को अलग कर यदि हम भारत के जनजातीय समाज व अन्य समाजों मे परस्पर एकरूपता की बात करें तो कई कई अकाट्य तथ्य सामने आते हैं। कथित तौर पर जिन्हे आर्य व द्रविड़ अलग अलग बताया गया उन दोनों का डीएनए परस्पर समान पाया गया है। दोनों ही शिव के उपासक हैं। प्रसिद्ध एन्थ्रोपोलाजिस्ट वारियर एलविन, जो कि अंग्रेजों के एडवाइजर थे, ने जनजातीय समाज पर किए अध्ययन मे बताया था कि ये कथित आर्य और द्रविड़ शैविज़्म के ही एक भाग है और गोंडवाना के आराध्य शंभूशेक भगवान शंकर का ही रूप हैं।

## सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

- ❖ दुष्ट अगर कभी तुम्हारे पीछे पड़ भी जाए तो भयभीत मत होना। अत्यधिक करीब रहने वाला दुष्ट विचार का व्यक्ति तुम्हारे इस आत्म कल्याण के मार्ग में बाधा देने की कोशिश करे तो तुम बहुत ज्यादा प्रयत्न मत करना। वहाँ प्रकृति, परमात्मा सदैव तुम्हारे लिए खड़े रहेंगे। यहीं पर गोविंद काम आयेंगे।
- ❖ अध्यात्म के पथ पर चलना कठिन हो सकता है लेकिन जिस पथ पर चल रहे हो उस पर अध्यात्म को लेकर चलना कठिन नहीं हो सकता।
- ❖ देश काल पात्र के अनुसार जब जो चीज आवश्यक हो वही करनी चाहिए और वो भी सदगुरु के कृपा के अनुरूप, उनकी वाणी के अनुरूप ।
- ❖ सर्वस्व की राह पर एक-एक अनुभप तुम्हें जीव से शिव की ओर ले जाएंगे।
- ❖ जिसने सिक्के के एक पहलू को जाना और दूसरे को नहीं जाना वह काहे का ज्ञानी ! वह काहे को बुद्ध !

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली(वार्ता)।** 1808 महमूद द्वितीय (1808-1839) मुस्तफा चतुर्थ (1807-1808) को तुर्क साम्राज्य के सुल्तान के रूप में चुना गया। 1859 ग्रीस में पहला ज़प्पा ओलंपिक शुरू किया गया। 1859 व्यवसायी इवेंजेलोस ज़प्पा द्वारा प्रायोजित, ओलंपिक खेलों का पहला आधुनिक खेल एथेंस, ग्रीस में हुआ। 1902 वियतनाम के हनोई शहर में हनोई प्रदर्शनी की स्थापना हुई। 1943 होलोकॉस्ट-हेनरिक हिमलर ने आदेश दिया कि रोमियों को 'यहूदियों के समान स्तर पर रखा गया था और उन्हें एकाग्रता शिविर में रखा गया था'। 1948 लुई स्टीफन सेंट लॉरेंट कनाडा के 12 वें प्रधानमंत्री बने। 1955 पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1956 मध्य पूर्व तकनीकी विश्वविद्यालय तुर्की के अंकारा में स्थापित किया गया। 1971 इंटेल ने दुनिया की पहली माइक्रोप्रोसेसर इंटेल 4004 रिलीज़ किया। 1971 इंटेल ने दुनिया का पहला सिंगल चिप माइक्रोप्रोसेसर 'इंटेल 4004' लॉन्च किया। 1971 विश्व की पहली व्यावसायिक पूर्ण केंद्रीय प्रसंस्करण इकाई (सीपीयू) एक चिप पर सिंगल-चिप माइक्रोप्रोसेसर 4004 का इंटेल द्वारा अनावरण किया गया है। 1973 जर्मनी में एक रेस्तरां के मालिक की बेटी का अपहरण कर लिया गया था, लेकिन उसे रिहा करने के लिए एक मिलियन डॉलर से अधिक की फिरौती देने के बाद वापस नहीं लौटा। 1978 मक्का से इंडोनेशिया ले जा रहा एक विमान श्रीलंका में हादसे का शिकार हो गया। जिसमें 183 लोगों की मौत हुई।

## पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### आँखों में बसा

आँखों में बसा लूँ तुम्हें या ख्वाबों में ही रहने दूँ ऐ- इश्क़..! तू सपना है..। दिल में छुपा लूँ तुम्हें या जज़्बातों में बहा लूँ ऐ- इश्क़..! तू नदी सा है..। जुल्फ़ों में उलझा लूँ तुम्हें या हवाओं में उड़ने दूँ ऐ- इश्क़..! तू परिंदा सा है..। यादों में सजा लूँ तुम्हें या भूलने की कोशिश करूँ ऐ- इश्क़..! तू सवाल है..। होंठों पर बसा लूँ तुम्हें या अनकहे शब्दों में रहने दूँ ऐ- इश्क़..! तू गीत सा है..। क़लम से लिख लूँ तुम्हें या दिल में ही महसूस करूँ ऐ- इश्क़..! तू कला है..। – **उमा मेहता त्रिवेदी**

### कैसे कह दूं ये

कैसे कह दूं ये दुनिया आलय है कहां तक ढूंढे वह रौनकें किसी खामोश खड़ी दयार में छूने की चाहत है मगर डर है जाने कौन सी ईंट पिघल जाए भरभरा कर गिर सकती है कहीं न नींव निकल आए डबडबाई सी आंखें हैं और रिश्तों का सच सामने है एक अकेला लड़ रहा कबसे हलाहल की घुंट पीए एक हाथ को खबर नहीं जब दूजा किस हाल में है रेखाएं शिकन की गहरी उस चिकने भाल पर है।

– **सपना चन्द्रा**

### रिश्तों को बुखार हो गया... अहंकार शुमार

रिश्तों को बुखार हो गया... अहंकार शुमार हो गया। तुम हम, हम तुम, आगे पीछे... अमन-चैन बीमार हो गया। रिश्तों को बुखार हो गया... जादू सब बेकार हो गया... जादूगर लाचार हो गया। तपती धूप पड़ी सिर पर जब... छप्पर तिनका चार हो गया। रिश्तों को बुखार हो गया... अहंकार शुमार हो गया... – **राकेश मिश्रा**

### हर रिश्ते में दो लोग होते हैं,

हर रिश्ते में दो लोग होते हैं, एक जो सुनता है और दूसरा जो समझता है. जब दोनों ही सिर्फ़ ÷कहने÷ लगें और कोई मानने को तैयार न हो, तो प्रेम भी तर्कों के बोझ तले दब जाता है. स्वीकार करने का साहस ही रिश्तों की सबसे बड़ी मरहम है. इसे बचाए रखना चाहिए। – **मिनाक्षी सिंह**

### जिनके पास अपने हैं वो अपनों से

जिनके पास अपने हैं वो अपनों से झगड़ते हैं। जिनका कोई नहीं अपना वो अपनों को तरसते हैं। कल कमल न हम होंगे न गिला होगा। सिर्फ सिमटी हुई यादों का सिलसिला होगा। जो लम्हे हैं चलो हंसकर बिता लें। जाने कल जिंदगी का क्या फैसला होगा।। आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो....

– **कमलकांत डोंगरे**

### कभी खुद को उतार कर देखो जिम्मेदारीयों

कभी खुद को उतार कर देखो जिम्मेदारीयों की खूटी से! कितने बेबस नजर आते हो, कह नही पाओगे अपनो को, खोने के एहसास से! हर कोई नही होता जिम्मेदार जिम्मेदारीयों के लिए? नसीब होता है उसे ,जो भरा हो भवनाओं से! –**अजयश्री**

### मानव सिद्धांत, टेक्नोलॉजी, विज्ञान

मानव सिद्धांत, टेक्नोलॉजी, विज्ञान मन के मालिक होते हैं। सच्चाई, ईमानदारी दुनिया से अलग अलग भीड़ में कभी एक साथ नहीं चलते है। गौरी स्वयं ही परिश्रमी होते हैं। निस्वार्थ कार्य में पूर्ण विश्वास रखते हैं। अपने नियम पर खड़े रहते हैं। आपश्री बुजुर्ग एवं छोटे बच्चे सभी के साथ विनम्र स्वभाव गौरी पटले करते हैं।?? – **गौरी पटले**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेष** : आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा बुद्धि विवेक रहने के बाद भी हर काम मे अपनी ही चलाएंगे।

**वृषः** आज का दिन आपको प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य कुछ समय के लिये प्रतिकूल होगा।

**मिथुनः** आज के दिन का पूर्वार्ध शुभफलदायी रहेगा स्वभाव में मनमानी रहने के कारण परिजनों को परेशानी होगी।

**कर्कः** आज का दिन आपको मिश्रित फल प्रदान करेगा। आज कार्य व्यस्तता अधिक रहने से थकान एवं शारीरिक शिथिलता अनुभव होगी।

**सिंहः** आज के दिन आप का मन आवश्यकता से अधिक चंचल रहेगा। मित्र मंडली में लंबी-लंबी डींगें हांकने पर हंसी के पात्र बनेंगे।

**कन्याः** आज के दिन आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा की योजना फिलहाल स्थगित करें सेहत एवं धन व्यर्थ खराब होंगे।

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा। आज आप वाणी की मधुरता एवं युक्तियों के बल पर बड़े लोगो से सम्बन्ध बनाएंगे।

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए कार्य सफलता वाला रहेगा। घरेलू खर्चो के अतिरिक्त बड़े बुजुर्गो पर खर्च करना पड़ेगा।

**धनुः** आज के दिन आप की धार्मिक भावनाओं में वृद्धि होगी। पुण्य पर भी थोड़ा बहुत खर्च करेंगे सेहत आज ठीक-ठाक ही रहेगी।

**मकरः** आज के दिन प्रातः काल से ही सेहत में नरमी बनेगी। आज किसी भी प्रकार के जोखिम भरे कार्य से दूर ही रहना बेहतर है।

**कुंभः** व्यापारिक दृष्टिकोण से आज का दिन आपको शुभफलदायक रहेगा। सेहत को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे।

**मीनः** आज के दिन आप सार्वजनिक क्षेत्र पर बेहतर प्रदर्शन कर प्रशंसा के पात्र बनेंगे। जटिल कार्यो को भी अपने व्यवहार कुशलता से आसान बनाएंगे।

सूर्योदय : 06:50, सूर्यास्तः : 05:33,चन्द्रोदयः : 26:10, चन्द्रास्तः :14:06, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतुः : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : उत्तराफाल्गुनी, योग : विष्कुम्भ, प्रथम करण : वणिज (12:07 तक), द्वितीय करण : विष्टि (24:49 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : कन्या (27:51 से), मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनिः मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

## QUIZ TIME

1) जूडो में शिडो शब्द का प्रयोग किसलिए किया जाता है?

2) इंग्लैंड का बॉन्ड स्ट्रीट किस लिए मशहूर है?

3) किसके द्वारा रचित नागानंद, एक संस्कृत नाटक है, जिसमें नागों को बचाने के लिए विद्याधर राजा जिमुतवाहन के आत्म-बलिदान की लोकप्रिय गाथा का वर्णन है?

4) सर चार्ल्स विल्किन्स किस अनुवाद के लिए प्रसिद्ध है?

5) मोहिनीअट्टम की जननी किसके जीवन पर आधारित एक डॉक्यू-फिक्शन है?

Ramaquiz



उत्तरमाला- (1) मामूली जुर्माना (2) ज्वेलरी और टेलरिंग (3) हर्षवर्धन (4) भगवद् गीता (5) कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा

## शब्द सागर

## संक्षिप्त खबरें

### तान नदी पर दायीं तट का कटाव रोकने 4.23 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कोरबा जिले के विकासखण्ड- पोंडी-उपरोड़ा के अंतर्गत लेपरा से पोंडी उपरोड़ा तक तान नदी के दायीं तट का कटाव रोकने के लिए बैंक प्रोटेक्शन कार्य हेतु 4 करोड़ 23 लाख 35 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना का कार्य पूर्ण कराने के लिए जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता, मिनिमाता (हसदेव) बांगो परियोजना, जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### बिहार सरकार की तर्ज पर राज्य कर्मचारियों, पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ते हेतु पृथक बजट प्रावधान हो : फेडरेशन

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को पत्र लिखकर बिहार सरकार की भांति छत्तीसगढ़ में भी राज्य कर्मचारियों, पेंशनरों एवं अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों के लिए महंगाई भत्ते (डी.ए./डी.आर.) हेतु पृथक बजट प्रावधान करने की मांग की है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बिहार सरकार केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत महंगाई भत्ते को शीघ्र ही समान दर पर राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों को भी प्रदान करती है। इसके लिए बिहार सरकार अपने वार्षिक बजट में ÷स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद÷ के अंतर्गत पृथक बजट प्रावधान करती है। इसी क्रम में बिहार सरकार ने हाल ही में पत्रांक ब-15/बी.एस.जी.-221/2025-831/वि., दिनांक 10.11.2025 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु सभी विभागों से बजट तैयार कर वित्त विभाग को प्रेषित करने के निर्देश जारी किए हैं।फेडरेशन ने कहा कि यदि छत्तीसगढ़ में भी इसी प्रकार की व्यवस्था लागू की जाती है, तो राज्य के कर्मचारियों, पेंशनरों एवं अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों को समय पर महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा और इसकी स्वीकृति में अनावश्यक विलंब नहीं होगा। इससे कर्मचारियों को अपने वैध अधिकार के लिए आंदोलन या आग्रह करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।फेडरेशन ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि आगामी मुख्य बजट (वित्तीय वर्ष 2026-27) में बिहार सरकार की तर्ज पर महंगाई भत्ते हेतु पृथक बजट प्रावधान कर कर्मचारियों एवं पेंशनरों के हित में एक सराहनीय निर्णय लिया जाए।

### साय सरकार ने 2 साल में रोजगार छीना : कांग्रेस

**रायपुर/नवप्रदेश।** इस स्थानीय निकाय चुनाव में युवा भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार 2 साल में एक भी युवा को रोजगार नहीं दे पायी है, बल्कि युवाओं से रोजगार छीनने का ही काम किया है। कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी दर मात्र 0.60 प्रतिशत था। भाजपा सरकार बनने के बाद बेरोजगारों की संख्या में भारी वृद्धि हुआ है। 2 साल में अतिथि शिक्षक, विद्या मितान, क्रेडा के संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, विद्युत विभाग के कर्मचारी, वन विभाग के संविदा कर्मचारियों, गोठान महिला स्व सहायता समूह, रीवा के तहत रोजगार प्राप्त कर रहे लोगों को काम से बेदखल किया गया, ई-श्रेणी के लाइसेंस में काम कर रहे युवाओं से भी काम छिन गया है, पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप है कोई नई भर्ती पूरी नहीं हुई है, पूर्व से चल रही भर्ती में भी नियुक्तियां नहीं दी जा रही है, हर विभाग में काम करने वाले युवाओं से उनका हक अधिकार को छीना गया है। युवा स्थानीय निकाय में भाजपा सरकार से बदला लेंगे।

### महापौर जोन 6 पहुंचीं

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था को राजधानी शहर के अनुरूप सुधारने अब नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने वार्ड पार्षदों से वार्डो का निरीक्षण करने की अपील की है. महापौर ने कहा है कि वे हर माह पार्षदों सहित सफाई को सुधारने वार्डो का निरीक्षण करने फील्ड पर उतरेंगी। महापौर ने पार्षदों को सफाई कार्य को सुधारने राजधानी शहर में लगातार सजग और जागरूक रहने का सुझाव जनहित में दिया है।आज महापौर श्रीमती मीनल चैबे नगर निगम जोन 6 कार्यालय पहुंचीं एवं नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन 6 अध्यक्ष श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, श्रीमती अंजली गोलछा जैन, श्रीमती जयश्री नायक, सर्वश्री रमेष सपहा, प्रमोद कुमार साहू, रवि सोनकर जोन 6 जोन कमिष्नर श्री हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता श्री दिनेष सिन्हा, सहायक अभियंता श्री आषीष श्रीवास्तव, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आदित्य हजारी अन्य संबंधित जोन 6 अधिकारियों, रामकी कम्पनी के स्थानीय अधिकारी प्रतिनिधि की उपस्थिति में सफाई कार्य को लेकर समीक्षा कर सफाई व्यवस्था राजधानी के अनुरूप सुधारने वार्ड पार्षदों से चर्चा कर सुझाव लिए और अधिकारियों को अनेक निर्देश दिए।

# नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत दूरस्थ अंचलों में पहुंची स्वास्थ्य सेवाएं

■ चिंतलनार-बुरकापाल के ग्रामीणों को मिली नि:शुल्क इलाज व आयुष्मान कार्ड की सुविधा

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की परिकल्पना के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं को जिले के सबसे दुर्गम कोनों तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को ÷नियद नेल्लानार योजना÷ के तहत पूरा किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर घने जंगलों के बीच बसे सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक के चिंतलनार और बुरकापाल जैसे पहुंचविहीन क्षेत्रों में तीन दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। घने जंगलों के बीच पेड़ की छांव में सजे इस शिविर में वह स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचीं, जिनसे यह

*चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ मोर्चा संभाला*

*कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अगुवाई में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी कोंटा डॉ. दीपेश चंद्राकर ने तीन दिन तक शिविर लगाकर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ मोर्चा संभाला। घने जंगलों के बीच, पेड़ की छांव में ही ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, उनका उपचार किया गया और आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।*

**स्वास्थ्य के साथ मिला आयुष्मान का भरोसा**

*इस शिविर का एक बड़ा लाभ यह रहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ प्रशासन की टीम ने मौके पर ही 162 ग्रामीणों के नवीन आयुष्मान कार्ड भी बनाए। कुछ ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया। ये कार्ड इन ग्रामीणों को भविष्य में गंभीर बीमारियों के लिए भी निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त करने में मदद करेंगे।इस पहल से उन ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है, जो अब तक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से दूर थे। ग्रामीणों ने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से उन्हें अपने स्वास्थ्य की जांच कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का एक सुनहरा अवसर मिला है।*

# कलिंगा विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव 'कलिंगा उत्सव -2025' का आयोजन

## विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम ने सबका मन लुभाया

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलिंगा विश्वविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अवसर पर 13 नवंबर 2025 को 'कलिंगा उत्सव-2025' में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गीत-संगीत, डांस और फैशन शो की मनमोहक प्रस्तुति से विद्यार्थियों ने सबका मन मोह लिया। विश्ववि?द्यालय के वार्षिक उत्सव 'कलिंगा उत्सव' के आयोजन में मुख्य अतिथि श्री गुरु खुशवंत साहेब, छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार और अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री थे।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों के स्वागत के उपरांत कलिंगा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने वार्षिकोत्सव कलिंगा उत्सव -2025-26 के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि -वार्षिकोत्सव का आयोजन करना विश्वविद्यालय के लिए उपलब्धि का क्षण होता है। विद्यार्थियों के लिए यह खुशी का पल जीवन के यादगार अवसरों में एक होता है। कलिंगा विश्ववि?द्यालय अपने विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. संदीप अरोरा, उप-कुलाधिपति डॉ. सज्जन सिंह, कुलपति डॉ. आर. श्रीधर, महानिर्देशक डॉ. बायजू जॉन, कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी के साथ समस्त गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

श्री गुरु खुशवंत साहेब,छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार और अनुसूचित जाति विकास के माननीय मंत्री ने वि?द्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए आप सभी कड़ी मेहनत करें। पूर्ण आत्मविश्वास के साथ जीवन में आने वाली सभी मुश्किलों को परास्त करें और अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने वार्षिकोत्सव की बधाई देते हुए सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्य अतिथि के उद्बोधन के पश्चात कलिंगा विश्वविद्यालय के कलिंगा बैंड के विद्यार्थी दीपेन शाह, मो.कैफ, पुण्योतया, आशीर्वाद, अनुराग, आदित्य, अनुभव, अपूर्ब, यथार्थ, अपूर्व और प्रिंस ने शानदार गीत-संगीत प्रस्तुत करके सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया गया। इसी क्रम में कलिंगा विश्ववि?द्यालय की विद्यार्थी रीतु वर्मा, दिव्यांका और शुभश्री ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमामयी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। फिर देवाशीष,गुरुदीप,रीना,ब्लेसी और श्रुति ने शानदार छत्तीसगढ़ी नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को ताली बजाने मजबूर किया एवं खूब वाहवाही बटोरी।

## भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर सभी जिलों में आज होगा जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

■ प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण और मुख्यमंत्री के संदेश का होगा वाचन

**रायपुर/नवप्रदेश।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनायी जाएगी। इस अवसर पर जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण, सांसद एवं विधायकगण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण अधिकारिक यू-ट्यूब चैनल एवं डीडी न्यूज के माध्यम से होगा, जिसे देखने और सुनने की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल पर होगी। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश पत्र वाचन होगा तथा ÷पीएम जनमन÷, ÷आदि कर्मयोगी÷, ÷धरती आबा÷ जैसी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी।

राज्य शासन द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में बस्तर के जिला मुख्यालय जगदलपुर में जनजातीय गौरव दिवस का गरिमामय आयोजन होगा। इस मौके पर वनमंत्री श्री केदार कश्यप और विधायक श्री किरण सिंह देव विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। दुर्ग जिले में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, रायपुर में केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री तोखनलाल साहू और राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, बलरामपुर में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, बेमेतरा में खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल,मुख्य अतिथि होंगे।

## राजभवन के अधिकारियों को स्थानांतरण पर दी गई बिदाई

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजभवन से स्थानांतरित अधिकारियों को आज बिदाई दी गई।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने राज्यपाल के परिसहाय श्री निशांत कुमार और श्री सुनील शर्मा, पूर्व संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, पूर्व परिवहन अधिकारी श्री प्रेमकांत त्रिवेदी के स्थानांतरण पर उन्हें नये दायित्वों तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं तथा सफाई कर्मी श्री एस कसैय्या की सेवानिवृत्ति पर सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिसका पालन सभी को करना होता है। इसलिए एक स्थान पर लंबे समय तक रहने की मानसिकता से बाहर निकलना आवश्यक है। जहां भी कार्य करें अपना सर्वश्रेष्ठ दें। शासकीय दायित्वों के साथ अपने परिवार को भी समय दें।

## कचरा इधर-उधर ना डालकर स्वच्छता कायम करने सहभागी बने : महापौर मीनल चौबे

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत जोन 9 क्षेत्र में कुषाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7, पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 50 क्षेत्र अंतर्गत विविध 5 नये विकास कार्यो के 51 लाख 50 हजार रू. की लागत से लोकार्पण की शानदार सौगात रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू और रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने नगर निगम नेता प्रतिपक्ष श्री आकाष तिवारी, एमआईसी सदस्य श्री खेमकुमार सेन, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद श्रीमती रेणु जयंत साहू, डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड क्रमांक 11 पार्षद श्री मोहन साहू, महात्मा गांधी वार्ड

क्रमांक 8 की पार्षद श्रीमती सावित्री धीवर, आदर्ष संकल्प सोसायटी के अध्यक्ष श्री सूरज यादव, सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजकुमार राठी, निगम अधीक्षण अभियंता श्री राजेष राठौर, जोन 9 जोन कमिष्नर श्री अंषुल शर्मा सीनियर बडी संख्या में संकल्प सोसायटी प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर के रहवासीगणो, गणमान्यजनो, महिलाओ, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवको, आमजनो, बच्चो की उपस्थिति में शानदार सौगात दी गई।

विधायक निधि से कुषाभाउ ठाकरे वार्ड में बीएसयूपी अम्बेडकर खालबाडा सेक्टर 3 सड्डू में 5 लाख में सामुदायिक भवन निर्माण वार्ड 7 में सड्डू साहूपारा के पास 10 लाख में सामुदायिक भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक एएचपी परियोजना 1015 अंतर्गत लाभांडी संकल्प होम्स फेस 2 में 232 नग आवासीय परिसर में 18 लाख 78 हजार में सामुदायिक भवन निर्माण, पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 51 फुण्डहर चंडी चैक में 10 लाख में शेड निर्माण, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड संकल्प सोसायटी लाभांडी में 7 लाख 72 हजार में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य करवाया गया है।

# जनगणना के फील्ड कार्य के दौरान आंकडों के संग्रहण हेतु प्रथम बार मोबाइल एप का उपयोग

**रायपुर/नवप्रदेश।** जनगणना 2027 पूर्व परीक्षण (प्री टेस्ट) का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य के 3 जिलों यथा कबीरधाम जिले के कुकदूर तहसील के 26 एवं महासमुंद जिले के महासमुंद तहसील के 24 चयनित ग्रामों तथा रायपुर जिले के नगर पालिक निगम रायपुर के वार्ड क्रमांक 52 (डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड) में 10 नवंबर, 2025 से 30 नवंबर 2025 के दौरान संपादित किया जा रहा है। जनगणना के फील्ड कार्य के दौरान आंकड़ों के संग्रहण हेतु प्रथम बार मोबाइल एप का

उपयोग किया जा रहा है जिसकी टेस्टिंग भी पूर्व-परीक्षण के फील्ड कार्य के दौरान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के जनगणना निदेषक श्री कार्तिकेय गोयल और रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विष्वदीप ने आज रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 10 अंतर्गत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड अंतर्गत जनगणना 2027 पूर्व परीक्षण प्री टेस्ट के कार्य को फील्ड पर पहुंचकर प्रत्यक्ष देखा । आकडो के संग्रहण हेतु फील्ड कार्य के दौरान प्रथम बार मोबाईल एप का उपयोग किया जा रहा है जिसे जनगणना निदेषक और नगर निगम आयुक्त ने प्रत्यक्ष निरीक्षण कर प्रक्रिया अंतर्गत कार्य को देखा ।

जनगणना 2027 की प्रारम्भिक तैयारियों के क्रम में पूर्वाभ्यास के रूप में प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का पूर्व परीक्षण (प्री टेस्ट) परीक्षण (प्री टेस्ट) किया जाना है। इसका उद्देश्य जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नो, जनगणना प्रक्रिया की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण की प्रभावशीलता, लॉजिस्टिक्स, प्रिंटिंग प्रक्रिया, डाटा की गुणवता का आंकलन, फील्ड कार्य के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं की पहचान करना आदि का परीक्षण किया जाएगा।

## बिजली बिल से जनता हलाकान, उस पर 7.10 प्रति. एफपीपीएस सरचार्ज अत्याचार

**रायपुर/नवप्रदेश।** बिजली बिल हाफ योजना शुरु करने एवं फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज घटाने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट तक छूट को शुरू किया जाए, फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज को पूर्व की तरह - 1.41 प्रतिशत रखा जाये और कोयला में जो केंद्र सरकार ने 400 रु प्रति टन सेस को खत्म किया है, उसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलना चाहिये। बिजली के प्रति यूनिट दर में कमी किया जाया ताकि प्रदेश की जनता को महंगी बिजली से राहत मिल सके।

भाजपा की सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट तक मिलने वाली छूट को खत्म किया है और फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज को-1.41 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.10 प्रतिशत किया है जिसके कारण आम जनता को भारी भरकम बिजली बिल से परेशानी हो रही है। भाजपा सरकार का यह जनविरोधी निर्णय है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य बनने के बाद से प्रदेश में बिजली के दाम सबसे ज्यादा वर्तमान समय में है। सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया जिससे लोगों के बिजली के बिल दुगुना, तिगुना से भी अधिक आ रहा है। महंगी बिजली के बाद भी सरकार, जनता को चौबीस घंटे बिजली नहीं उपलब्ध करवा पा रही। ग्रामीण क्षेत्र में आठ-नौ घंटे तक हो रही बिजली कटौती से जनता परेशान हो रही है। लोग बिजली कटौती के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### राजस्व मंत्री जिले के प्रवास पर जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत

**कांकेर/ नवप्रदेश।** प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा आज जिला मुख्यालय कांकेर पहुंचे। राजस्व मंत्री वर्मा के शासकीय विश्राम गृह कांकेर पहुंचने पर विधायक कांकेर आशाराम नेताम एवं कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान शासकीय विश्राम गृह में सांसद भोजराज नाग, अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भी केबिनेट मंत्री वर्मा से आत्मीय भेंट की।

### आज से शुरू होगा विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**कांकेर/ नवप्रदेश।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम पंचायतों में 15 नवम्बर को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। विशेष ग्रामसभा में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक सहभागिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जिला, ब्लॉक और गांव, ग्राम पंचायत स्तर पर सामुदायिक मोबिलाईजेशन किया जाएगा।कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अपने स्तर पर पीठासीन अधिकारी नियुक्त की जावे। ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के बाद ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ''ग्रामसभा निर्णय'' (तस् हृढ्ढत्रह्वड्ड) मोबाईल एप में अपलोड कराया जावे।

### जनजातीय गौरव दिवस पर आज पीएम करेंगे वर्चुअल संबोधन .......

**कांकेर/ नवप्रदेश।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 15 नवम्बर को नरहरदेव पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के प्रांगण में किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 3.30 बजे से शाम 05 बजे के मध्य सम्बोधित करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मण्डावी, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा छग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत शामिल होंगी।इसके अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगी।

### आगामी 13 दिसंबर को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर आज न्यायालय परिसर स्थित न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संतोष कुमार आदित्य द्वारा किया गया। बैठक में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, दंतेवाड़ा न्यायालय के समस्त पीठासीन न्यायाधीश, अधिवक्तागण, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता, विद्युत विभाग, नगर पालिका दंतेवाड़ा, गीदम, बारसूर, दूरसंचार विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, कैनरा बैंक, सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक तथा जिला अंत्यावसायी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हुए सांस्कृतिक आयोजन

**अंतागढ़/ नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंतागढ़ में रजत जयंती महोत्सव सह दीक्षांत समारोह 2025 के अंतर्गत दिनांक 11.11.2025 को रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता, दिनांक 12.12.2025 को मॉडल प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता एवं दिनांक 13.11.2025 को छ.ग. राज्य स्थापना रजत जयंती थीम पर छ.ग. लोक गीत, नृत्य एवं एलुमिनाई मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोरमा मंडावी, अध्यक्ष जनपद पंचायत अंतागढ़, अध्यक्षता राधेलाल नाग, अध्यक्ष नगर पंचायत अंतागढ़, विशिष्ट अतिथि अमल सिंह नरवास, उपाध्यक्ष, नगर पंचायत अंतागढ़, अतिथि माननीय बलराज दरवड़े, अनुविभागीय अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतागढ़, अतिथि माननीय श्मेश्वर इडपाचे, संयुक्त संचालक (प्रशि.), औप्रसंस्थाएँ, क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री कुबल भुसाखरे, कल्पना जैन, सुश्री सुमन आचला, गोलू महोबे, लक्ष्मण ठाकुर (मंडल उपाध्यक्ष) विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा छ.ग. राज्य स्थापना रजत जयंती थीम पर विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम सुवा, करमा एवं बस्तर के आंचलिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई तथा भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थियों को सम्मान स्वरूप श्रीफल एवं गमछा तथा पूर्व वर्ष के परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये प्रशिक्षणार्थियों को मंचासीन अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ लोक कला एवं संस्कृति का अवलोकन एवं अध्ययन हेतु अंजोर सिंह पैंकरा, अपर कलेक्टर अंतागढ़ के नेतृत्व में 11 प्रशिक्षु आई.ए.एस., आई.एफएस., आई.पी.एस. तथा आई.आर.एस. अधिकारियों का भ्रमण शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंतागढ़ में किया गया तथा प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षा के महत्ता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों एवं सफलता के लिए मार्गदर्शन दिये गये। प्राचार्य श्री अनिल कुमार टेम्भेकर के द्वारा अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में संस्था के एच. एम. नाग, दिलीप कुमार जांगड़े, समीर देवांगन, रिकेश कुमार सिन्हा, राजेश कुमार उपाध्याय, निलेश वर्मा, तरूण कुमार साहू, सूरज कुमार साहू, राहुल जायसवाल, चन्द्रशेखर रात्रे, कृपाराम जगत, श्रीमती सारिका खापर्डे, हिमालय दर्रो, प्रीतेश तोड़ेकर, सुकलाल पुंगड़ा एवं श्रीमती पुष्पा माहला उपस्थित रहे। मंच का संचालन श्री गीतेश्वर यदु द्वारा किया गया।

# धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

कांकेरः-छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में स्थित 149 धान खरीदी केन्द्रों के नियमित रूप से निरीक्षण व पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। धान खरीदी केंद्र कांकेर हेतु राकेश वर्मा, दशपुर के लिए गणेशराम सहारे, मर्दापोटी के लिए दिनेश हिड़को, ईच्छापुर रामकरण सुमन, नाथियानवागांव गुमेश कुमार नाग, सरंगपाल श्रीमती रीता दर्रा, सुभियामुड़पार भागवत सिन्हा, बागोडार धनेश जैन, सिदेसर ईशुराम कावड़े, पटौद समीक्षा सिंह, बेंवरती भिरेन्द्र सिन्हा, पुसवाड़ा अमित बाला, मालगांव रविकांत मारगिया, पीढ़ापाल ममता भण्डारी, तेलावट मुलेश उईके, सुरेली विवेक साहू, कापसी बालकृष्ण तोमर, मरकाटोला अजय शोरी, पोटगांव वरूण दिवाकर, तालाकुर्रा प्रीतम प्रसाद नेताम, बारदेवरी रविशंकर नेताम, कोदागांव नोहर सिंह उईके, अमोड़ा एम.आर. नेताम, चवांड़ श्रीमती रश्मि मरकाम, उमरादाह एस.के. कावड़े, नावडबरी श्रीमती घृत कश्यप, कुरना संतोष सिंह, चरभट्ठी आशाराम कुंजाम तथा हटकाचारामा हिरदेलाल जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार दुधावा महेन्द्र साहू, मुसुरपुट्टा धनेश्वर ठाकुर, सारवण्डी श्रीमती सुनिता प्रधान, घोटियावाही श्रीमती तनूजा गंगवंशी, दबेना तामेश्वर साहू, जामगांव हरिओम सिन्हा, बादल कृष्णकुमार मेश्राम, नरहरपुर संजीव नेताम, थानाबोड़ी पानेश्वर पाल, बिरनपुर अनिल दुग्गा, डुमरपानी उमेन्द्र सिंह नेताम, बुदेली डी.के. नेताम, डंवरखार बिरझूराम नेताम, बासनवाही बिरझूराम कवाची, मांडाभर्री सुश्री मंगखाइन कोर्राम, ठेमा श्रीमती अनिता यादव, कुम्हानखार बलदेव शोरी, सरोना डी.के. कुंजाम, मालगांव रमेश कोड़ोपी, अभनपुर पी.आर. सेठिया को नोडल अधिकारी। लिलेझर के लिए कंवल कश्यप, कोटतरा रामसाय मांझी, परसोदा श्रीमती पुष्पलता पोया, काटागांव किशोर शोरी, मरकाटोला लोकेश तारम, पुरी रमेश कुमार दुबे, उंकारी हिम्मतलाल सोनवानी, आंवरी तामेश्वरलाल साहू, चारामा बालाराम जैन, चांवड़ी नंदकिशोर गायकवाड़, खरथा महेश सोनकर, डोकला देवलाल नायक, माहुद दुर्गेश सलाम, पंडरीपानी संजय कुमार कुर्रे, लखनपुरी विवेक गंगवाल, चिनौरी हिमांशु मंडावी, उड़कुड़ा श्रीमती पुष्पलता कुंजाम, हल्बा टेमनलाल सिन्हा, गितपहर रामगोपाल साहू, रानीडोंगरी नितेश जोशी, पलेवा श्रवण मरकाम, शाहवाड़ा सुश्री दशबत्ती भूआर्य, हाराडुला श्रीमती अजीता मंडावी, जेपरा कमलेश गंजीर, टांहकापार नवलराम नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बालक प्राथमिक शाला अंतागढ़ में बालदिवस धूमधाम से मनाया गया

**14 नवम्बर बा. प्रा.शाला अन्तागद बाल दिवस पर**

आचार्य समनव्यक नरेन्द्र कोमेरा इवारा सर्व प्रथम भारत के किया गया प्रथम प्रधानमन्त्री पं. जवाहर लाल नेहरू जी के छायाचित्र में तिलक लगा कर. माल्यापर्ण किया गया । तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत किया गया अवसर पर शिक्षको ने पंडित नेहरू के बच्चों के प्रति स्नेह और उनके 'चाचा नेहरू' के रूप में लोकप्रिय व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया

बाल दिवस केअवसर पर एफएल.एन. मेला का आयोजन किया गया। -जिसमें गणित, अंग्रेजी, हिन्दी, शब्दो गाकर, प्रदर्शन गया। एफएल.एन मेला का की. चन्दन ठाकुर, किया सराहनीय रहा। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे ।

### जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा : शासकीय हाई स्कूल पाराडोल में जल जीवन मिशन पर निबंध प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन

**एमसीबी/ नवप्रदेश।** जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत पाराडोल स्थित शासकीय हाई स्कूल पाराडोल में किया गया। यह कार्यक्रम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती (15 नवम्बर) को समर्पित रहा। उनकी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समाज के योगदान को सम्मान देना तथा विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर विद्यालय में ÷जल जीवन मिशन÷ विषय पर हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर एवं वार्षिक प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन

**14/11/2025 बालदिवस के अवसर पर**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल, व्यापार विहार, बिलासपुर में आज चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर के उद्घाटन तथा वार्षिक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति श्री प्रदीप घोष थे, जिनका विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विशेष रूप से विद्यालय के सीएमडी श्री जी. एस. पटनायक, प्राचार्य श्री जे. एस. हुंडल, उप-प्राचार्या श्रीमती रंजना बहादुर तथा एच.एम. श्रीमती ए. ललिता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बाल मेला, हॉरर शो, नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिता, विज्ञान, कला एवं विभिन्न विषयों की प्रदर्शनी, तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और नवाचार के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया।मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, शैक्षणिक संस्थान समाज के स्तंभ होते हैं, और यहाँ के विद्यार्थियों की प्रतिभा यह प्रमाणित करती है कि हमारा भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल है।÷सीएमडी श्री जी. एस. पटनायक ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को सफलता के साथ-साथ असफलताओं का सामना करने और उन्हें सकारात्मक रूप से संभालने का भी मार्गदर्शन दें। ङ्खठ्ठकार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति हार्दिक धन्यवाद दिया गया।

### जनकपुर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कहानी एवं भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ के अंतर्गत आज शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, जनकपुर में बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रेरणादायी एवं सृजनात्मक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम की प्रमुख थीम ÷हर बालिका राष्ट्र की पूंजी÷ रही। कहानी लेखन प्रतियोगिता का विषय ÷मेरे सपनों का भविष्य÷ रखा गया, जिसमें बालिकाओं ने अपने विचारों, सपनों और आकांक्षाओं को प्रभावशाली शब्दों में अभिव्यक्त किया। उनकी कहानियों में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास, समानता और सशक्त भारत के निर्माण की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।इस आयोजन का मूल उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनकी सोच को सकारात्मक दिशा देना और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करना था।

# रिश्तेदार के घर दस लाख से अधिक का सोना चांदी लेकर हुए चंपत......

**दो आरोपी को चारामा पुलिस ने किया गिरफ्तार समान जब्त**

**कांकेर/चारामा / नवप्रदेश।**करीब 05 महीने पहले रिश्तेदार के घर में रहकर लाखो के सोने चांदी पर हाथ साफ करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने 10 लाख से अधिक का सोना चांदी जब्त करते हुए लीना भूतड़ा पति मनोज भूतड़ा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बिरेतरा चौकी हल्दी थाना गुण्डरदेही जिला बालोद मनोज भूतड़ा पिता स्व0 भंवरलाल भूतड़ा उम्र 34 वर्ष निवासी मोतीतालाबपारा जगदलपुर थाना कोतवाली जगदलपुर हाल ग्राम बिरेतरा चौकी हल्दी थाना गुण्डरदेही जिला बालोद को गिरफ्तार किया गया है।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 10 नवंबर 2025 को प्रार्थी नरेन्द्र कुमार महेश्वरी पिता सुरेश कुमार महेश्वरी उम्र 44 वर्ष निवासी नाकापारा चारामा थाना उपस्थित आकर लिखत रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह स्वास्तिक स्टील ट्रेडर्स का संचालक है कि 25 अप्रैल 2025 को अपनी पत्नि मधु महेश्वरी के साथ कम्पनी ट्रीप में विशाखपटनम घुमने गया था, कम्पनी ट्रीप समाप्ती के बाद यह अपनी पत्नि के साथ से 05 मई 2025 को रात्रि 08:00 बजे वापस आने के बाद अपने कमरे की आलमारी खेलकर देख तो उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात लगभग सोना 14 तोला चांदी 70 ग्राम चोरी हो गया था, प्रार्थी नरेन्द्र महेश्वरी के कम्पनी ट्रीप के दौरान इनकी भाभी गायत्री महेश्वरी की चचेरी बहन लीना भूतड़ा इनके घर घूमने आई थी, जो दो दिनों तक 27- 28 अप्रैल 2025 को धर पर रूकी थी लीना भूतड़ा के द्वारा मौके का फायदा उठाकर चोरी किया गया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर से थाना में अपराध 158/2025 धारा 305(1) भा.न्या.सं. पांजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

चोरी के गंभीर मामले को देखते उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला के निर्देशनपर अति. पुलिस अधीक्षक कांकेर दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी कांकेर श्री मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना चारामा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी लीना भूतड़ा एवं उसके पति मनोज भूतड़ा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लीना भूतड़ा के पास से चोरी का सोने का 01 नग लेडिस ब्रेसलेट एवं सोने के 01 नग चैन आरोपी मनोज भूतड़ा के पास से सोने का 01 नग जेन्स ब्रेसलेट एवं सोने के सामान को गला कर सोने का गोल बुस्कुट का टुकड़ा कुल वनज 107.770 मिली ग्राम कीमती 10,32,990 रूपये को आरोपियों के द्वारा ग्राम बिरेतरा उनके घर से छिपाकर रखे स्थान से निकालकर पेश करने पर उनके कब्जे से जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# दूरस्थ अंचल तक पहुँचा अन्न का अधिकार

**कदमझरिया में चलित वाहन से अब होगा घर-घर राशन वितरण**

**कोरबा** जनजातीय बाहुल्य एवं अनुसूचित जिला कोरबा के दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में निवासरत ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं का लाभ सुलभ कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में हाल ही में एक ऐसी पहल की गई, जिसने ग्राम कदमझरिया के पहाड़ी कोरवा जनजातीय परिवारों के जीवन में राहत और भरोसे की नई किरण जगाई है।

ग्रामपंचायत गढ़उपरोड़ा के आश्रित ग्राम कदमझरिया में रहने वाले लगभग 35 राशनकार्डधारी परिवारों को प्रतिमाह शासन की महत्वाकांक्षी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन प्राप्त करने के लिए 6 से 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मुख्यालय तक पैदल जाना पड़ता था। पहाड़ी मार्गों और सीमित परिवहन सुविधा के कारण यह कार्य विशेष रूप से महिलाओं, वृद्धजनों और बच्चों के लिए अत्यंत कठिन था।

इस समस्या से ग्रामीणों ने बुधवार, 12 नवम्बर 2025 को गाँव के दौरे पर पहुँचे कलेक्टर श्री अजीत वसंत को अवगत कराया। ग्रामीणों की पीड़ा सुनते ही जिलाधीश ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए समाधान के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम कँवर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र एक दिन के भीतर, 13 नवम्बर 2025 से ही, ग्राम कदमझरिया में चलित वाहन (मोबाइल पीडीएस यूनिट) के माध्यम से राशन वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था प्रारंभ कर दी। अब पहाड़ी कोरवा जनजाति के परिवारों को अपने ही गाँव में अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

## पेज 1 का शेष

**बेगूसराय के सभी सीटों ...**

से हराया। चेरियां बरियारपुर से जदयू के अभिषेक आनंद, बछवारा से खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता और बेगूसराय से भाजपा के कुंदन कुमार ने क्रमशः अपने विरोधियों को मात दी। बखरी से लोजपा (रा.) के संजय पासवान ने सीपीआई विधायक सूर्यकांत पासवान को हराया, जबकि तेघरा में भाजपा के रजनीश कुमार ने सीपीआई के रामरतन सिंह को पराजित किया। साहेबपुर कमाल सीट पर राजद के सतानंद संबद्ध विजयी रहे। सभी विजेताओं ने अपनी जीत को जनता और विकास की जीत बताया।

**मोदी और नीतीश के...**

सीटों जोकीहाट, ठाकुरगंज, कोचाधामन, अमौर, बइसी सीटों पर आगे चल रहे हैं। गौरतलब है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस एआईएमआईएम से भी पीछे है और सिर्फ चार सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार आगे चल रहे हैं।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश ...**

हुआ था। चुनाव में 59.05 प्र. वोट पाकर पहले नंबर पर भाजपा रही थी।

**धान खरीदी के लिए ...**

निर्णय लिया गया। यह निर्णय शासकीय कार्य में सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य ''मिनिमम गवर्मेंट मैक्सिमम गवर्नेंस'' का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

राज्य प्रवर्तित दीनदयाल आवास योजना

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य प्रवर्तित दीनदयाल आवास योजना, अटल आवास योजना, अटल विहार योजना एवं नवा रायपुर मुख्यमंत्री आवास योजना हेतु पूर्व में जारी नियम एवं शर्तों में पात्रता हेतु निम्नलिखित अतिरिक्त प्रावधानों का समावेश कर विक्रय की अनुमति प्रदान की गई।

# जल घर के संपवेल में लाश मिलने से हड़कंप, अस्थायी रूप से रोकी गई पानी सप्लाई

**दुर्ग/नवप्रदेश।** बस स्टैंड के सामने स्थित नगर निगम के जलघर परिसर में गुरुवार को सुबह संपवेल में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। संपवेल का वाटर लेवल रोज चेक किया जाता है। आज वाटर लेवल चेक करते समय कर्मचारियों ने एक शव तैरता हुआ देखा।

सूचना मिलते ही नगर निगम प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जल घर का संपवेल काफी गहरा है। यहीं से पानी फिल्टर होकर टंकी में भरते हैं। यहीं से नगर निगम द्वारा शहर के हजारों घरों में रोज पानी की सप्लाई की जाती है। मृतक की उम्र लगभग 40 से 50 साल बताई गई है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक जल घर के भीतर कब आया और कहां से प्रवेश किया, इसका पता करने सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

नगर निगम प्रशासन ने जल आपूर्ति को अस्थायी रूप से रोक दिया है और संपवेल की सफाई के निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शव सड़ी-गली अवस्था में मिला है, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है। डीएसपी भारती मरकाम ने बताया कि पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ मौके का मुआयना किया है। शव जल घर की मशीन के पास फंसा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों और मृतक की पहचान को लेकर स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

अधिकारियों ने बताया कि संपवेल में पानी के लेवल की रोज जांच होती है। आज संपवेल की जांच के समय लाश दिखाई दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। संपवेल में लाश का पता चलने के बाद पानी सप्लाई नहीं की गई। संपवेल की पूरी तरह सफाई की जा रही है। पानी सप्लाई अस्थायी रूप से रोक दी गई है।

## महापौर, आयुक्त ने किया निरीक्षण

जल गृह विभाग के परिसर में स्थित 11 एमएलडी फिल्टर प्लांट में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की जानकारी मिलने पर महापौर अल्का बाघमार ने आज निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन व अधिकारियों के साथ परिसर का निरीक्षण किया। जलघर परिसर के पीछे स्थित जल शोधन प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट से जुड़े सप्लाई क्षेत्र में पानी सप्लाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि जल शुद्ध करने के बाद पानी सप्लाई की जाए। इसके अलावा सुरक्षा के उपाय करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इससे पहले महापौर अलका बाघमार ने जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन के कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने के घटनाक्रम की जानकारी ली। जलघर कार्यालय के पीछे स्थित फिल्टर प्लांट के संप वेल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस प्रकार की घटना को रोकने अधिकारियों को सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगाने व चारों तरफ फेंसिंग तार लगाने के साथ ही परिसर के अंदर खाली जगह पर उगे झाड़ जंगल को साफ करने के निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि जलघर परिसर में अनधिकृत प्रवेश रोकने के लिये जरूरी व्यवस्थाएं की जाएगी। इस दौरान एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, जल गृह विभाग के ईई गिरीश दीवान, जल निरीक्षक नारायण ठाकुर उपस्थित थे।

## जलघर परिसर में अनधिकृत रूप से प्रवेश गलत

जलघर परिसर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करना सरासर गलत है। पूर्व में शिकायत मिल चुकी है कि फ्रंट गेट से लोग प्रवेश कर लेते हैं। कई बार पीछे के हिस्से से भी लोग रात के समय परिसर में प्रवेश करते हैं। यहां शराब का सेवन करने की शिकायतें भी मिली है। मई माह में पुलिस को जल घर परिसर की सुरक्षा के संबंध में पत्र लिखा गया था। इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले जाना जरूरी है। सुरक्षा कर्मचारियों की तैनाती भी आवश्यक है।

**लीना दिनेश देवांगन,**
**एमआईसी मेंबर (जल कार्य प्रभारी) नगर निगम दुर्ग**

## संपवेल में लाश मिलना गंभीर मामला

संपवेल में मृतक की लाश मिलने से पानी सप्लाई व्यवस्था और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस घटना से नगर निगम की घोर लापरवाही का पता चलता है। जल घर के संपवेल में सड़ी गली लाश मिलना गंभीर मामला है। यहीं से पानी सप्लाई होती है। यह जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। नगर निगम ने जल आपूर्ति जारी रखी, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर खतरा हो सकता है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिये।

**संजय कोहले, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, दुर्ग**

## न्यूज गैलरी

### जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे उपमुख्यमंत्री शर्मा

**दुर्ग।** शासन द्वारा 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि घोषित कर दिये गए हैं। दुर्ग जिला मुख्यालय में 15 नवम्बर को सिविक सेन्टर भिलाई स्थित कला मंदिर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**भिलाई।** जामुल थाना क्षेत्र में संचालित स्वास्तिक इंजीनियरिंग वर्क्स में काम करने वाले मजदूर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। कंपनी प्रबंधन ने मृतक परिवार को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि फैक्ट्री क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। बिजली लाइन से दूरी और सुरक्षा उपकरणों का उपयोग किया गया होता तो यह हादसा न होता। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कर्मचारियों ने बताया कि 12 नवंबर को सुबह नवल पटेल (25 साल) काम के दौरान करंट की चपेट में आ गया था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नवल पिछले एक साल से स्वास्तिक इंजीनियरिंग वर्क्स में मजदूर के रूप में काम कर रहा था। सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम होने के बाद परिजनों को सौंपा गया। जामुल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### सहायिका पद हेतु दावा आपत्ति 20 तक

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग (शहरी) द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र शिवपारा केन्द्र क्रमांक 3 वार्ड क्रमांक 34 में सहायिका पद की नियुक्ति के लिये आवेदन आमंत्रित किये गए थे। मूल्यांकन समिति द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 20 नवंबर तक दावा आपत्ति आमंत्रित किए गए है। दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की अनन्तिम सूची परियोजना कार्यालय एवं नगर पालिक निगम दुर्ग के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा की गई है। निर्धारित अवधि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### अभिव्यक्ति कार्यक्रम में छात्राएं पुरस्कृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान' के अंतर्गत बाल दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बघेरा में अभिव्यक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान नवम्बर माह की थीम मैं भविष्य में क्या बनना चाहती हूँ पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य के सपनों को व्यक्त किया। छात्राओं ने प्रशासनिक अधिकारी बनने, आईआईटी में शिक्षा हासिल कर तकनीकी क्षेत्र में योगदान देने का लक्ष्य बताया। सभी प्रतिभागियों ने दृढ़ संकल्प और निडरता के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही।

# स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने दुर्ग शहर को दी 60 लाख की सौगात

## चण्डी मंदिर परिसर में डोमशेड व मंच निर्माण का किया भूमिपूजन

**दुर्ग/नवप्रदेश।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज दुर्ग शहरवासियों को विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने माता चण्डी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन के बाद वार्ड क्रमांक 3 व 33 के समीप स्थित चण्डी मंदिर के पास डोमशेड, मंच व अहाता निर्माण कार्य के लिये 60 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मंत्री यादव ने कहा कि चण्डी मंदिर नगर की आस्था का केन्द्र है, यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर परिसर को भव्य एवं सुंदर स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न मंदिरों में विधायक निधि से डोमशेड का निर्माण कराया था। देवधामों को स्वच्छ और आकर्षक बनाना हमारा दायित्व है, क्योंकि इनसे समाज में श्रद्धा और सकारात्मकता का संचार होता है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, पार्षद नरेन्द्र बंजारे, सभापति श्याम शर्मा, पार्षद शशि द्वारिका, कार्यपालन अभियंता जेके मेश्राम और अनुविभागीय अधिकारी सीके सोने सहित अनेक जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

### शीतला माता मंदिर में विकास कार्यों का भूमिपूजन

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने शीतला माता मंदिर में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। यादव ने माता शीतला मंदिर पहुंचकर माता का आशीर्वाद लेने के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर डोमशेड, मंच व अहाता निर्माण के लिए 60 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री यादव ने कहा कि चण्डी माता मंदिर और शीतला माता मंदिर दुर्ग जिले की आस्था और शक्ति के प्रतीक हैं। यहां डोमशेड का निर्माण भव्य और दिव्य रूप में किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां इसकी सुंदरता और आस्था की भावना को अनुभव कर सकें। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, पार्षद निलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, सभापति श्याम शर्मा, कार्यपालन अभियंता जेके मेश्राम व अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर यूनिटी मार्च

**दुर्ग।** सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर दुर्ग में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। पटेल चौक दुर्ग से प्रारंभ यूनिटी मार्च के दौरान देशभक्ति के गीतों से गूँजते रहे। सांसद विजय बघेल ने सिर पर खुमरी धारण कर पदयात्रा का नेतृत्व किया। समाज के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के साथ लगभग 8 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। पदयात्रा का समापन महाराजा चौक दुर्ग में हुआ। सांसद बघेल ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। सांसद बघेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी थी। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका वाघमार, जिपं अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, नीलम चंद्राकर, प्रदेश भाजपा मंत्री जितेन्द्र वर्मा, दिव्या कलिहारी, प्रीतपाल बेलचंदन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समापन सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

## वार्षिक कार्यक्रम के दौरान छात्रों के दो गुटों में मारपीट

**भिलाई/नवप्रदेश।** शंकराचार्य यूनिवर्सिटी में वार्षिक कार्यक्रम के दौरान छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया। मंच के पास बहस इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों के छात्र आपस में भिड़ गए। जमकर मारपीट हुई। छात्र एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाने लगे। यूनिवर्सिटी प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों ने बीच-बचाव कर छात्रों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलने के बाद दोनों गुटों के छात्र स्मृति नगर थाने के पास फिर आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू कर दी। घटना में कई छात्रों को चोटें आईं। छात्र ईशान चंद्रवंशी को काफी चोटें आने की खबर मिली है। पुलिस ने छात्रों को थाने लाकर पूछताछ शुरू की। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि यूनिवर्सिटी के एनुअल फंक्शन के दौरान छात्रों में विवाद हुआ था। बाद में थाने के सामने भी विवाद हुआ। घटना में छात्र ईशान चंद्रवंशी को चोटें आई हैं। उसकी शिकायत पर पुलिस ने आदित्य गिरी और अन्य छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दो छात्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वीडियो फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

स्मृति नगर पुलिस चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंह संधू ने बताया कि शंकराचार्य यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम के दौरान छात्र आपस में भिड़ गए। एक दूसरे को घूरने को लेकर विवाद शुरू हुआ। ईशान चंद्रवंशी की शिकायत पर आदित्य गिरी और उनके साथियों पर मामला दर्ज किया गया है।

## 15086 विद्यार्थियों का हुआ मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले के चिन्हित सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन व आधार अपडेशन का कार्य जारी है। 50 विभिन्न स्कूलों में शिविर लगाकर आज 2062 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन और 299 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन किया गया। एक विद्यार्थी का नया आधार बनाया गया। जिले में 28 अक्टूबर से 7 नवम्बर 2025 तक चलाए गए इस विशेष अभियान के अंतर्गत अब तक 349 शासकीय व अशासकीय स्कूलों में शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

# वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण कार्य में भाजपा कार्यकर्ता सक्रियता से जुटें : देवांगन

**भिलाई/नवप्रदेश।** भाजपा कार्यालय में एसआईआर और यूनिटी मार्च के संबंध में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने एसआईआर से जुड़े मुद्दों पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में वैध मतदाता न हटें और अवैध मतदाता न जुड़ें। इसके लिये भाजपा कार्यकर्ता लगातार सक्रिय होकर कार्य करें। उन्होंने मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता गंभीरतापूर्वक अपने बूथ के सभी अध्यक्षों और शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक एसआईआर से जुड़े विषयों को लेकर आयोजित करें। घर-घर जाकर सर्वे करने में सहयोग भी दें। भिलाई में 14 नवंबर को होने वाले रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी की। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के संयोजक पूर्व महामंत्री बिजेन्द्र सिंह ने पदाधिकारियों को जानकारी दी। बैठक में भाजपा महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, त्रिलोचन सिंह, नटवर ताम्रकार, चन्ना केशवलु, गोपाल कृष्ण वर्मा, चंद्रकांता मांडले, पूनम शुक्ला, विनोद सिंह, मनोज तिवारी, कुबेर शर्मा, पारस जंघेल, रश्मि सिंह, भारती साहू, शैलेन्द्र सिंह, हेमंत देवांगन, योगेंद्र सिंग कुशवाहा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। तिलक राज यादव, सचिन ताम्रकार राजेन्द्र सिंह, मदन सेन प्रेमलाल साहू, विजय सिंह जिला मीडिया प्रभारी सुभाष शर्मा सूरज जायसवाल, रवि कश्यप ज्ञानदास मानिकपुरी, रिंकू साहू, दीप पटेल, विजय चौहान, सहसंयोजक सुभाष शर्मा, ज़ाकिर हुसैन, डॉ प्रदीप चौधरी, छोटेलाल चौधरी, द्वारिका चन्द्रवंशी, जेपी घनघोरकर, मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी, प्रशांत गुप्ता उपस्थित थे।

# खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है साय सरकार : विधायक चंद्राकर

- **सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक**

**भिलाई/नवप्रदेश।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरई में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के प्रथम दिन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। दौड़, बॉलीबॉल, खो-खो जैसे खेलों का आनंद लेते हुए विजयी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है। एक बार जीत से कोई सिकंदर नहीं बन जाता और एक बार हार से कोई फक़ीर नहीं बनता। हार और जीत सोच पर निर्भर करती है। मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है। प्रदेश की साय सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबध्द है। सरकार ने खिलाड़ियों के सम्मान में खेल अलंकरण पुरस्कार दोबारा शुरू किये हैं। सरकार ने युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ खेल युवा रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की है। विधायक ने मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य में सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की। सही जानकारी प्रदान करने और नाम गलत होने पर सही नाम लिखने, मृत्यु होने पर मतदाता का नाम कटवाने और नए मतदाता का नाम जोडने की प्रक्रिया में सहयोग देने का आव्हान किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ रूपेश कुमार पांडे, भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, चंदू देवांगन, प्रवीण यदु, पुरई सरपंच डोमार सिंह साहू, खोपली सरपंच मंजू वर्मा, हनोदा सरपंच किशोर साहू, सोसाइटी अध्यक्ष फलेंद्र राजपूत व फत्ते लाल वर्मा, सांसद प्रतिनिधि छबि लाल साहू, ग्राम पंच भुनेश्वरी साहू, अनिल देशलहरे, अंजू कोसे, उमरपोटी सरपंच विजेंद्र साहू, गिरेश शर्मा, पीटीआई सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### इन खिलाड़ियो को मिला पुरस्कार

खेल गेड़ी दौड़ प्रथम तुषार यादव द्वितीय हेम शंकर यादव, कुर्सी दौड़, प्रथम गुंजन साहू द्वितीय नंदनी साहू प्रथम सोनाली साहू द्वितीय खुशबू साहू फुगड़ी प्रथम कृतिका द्वितीय खेमलता विश्वकर्मा फुगड़ी चंचल द्वितीय जानवी कबड्डी बालिका वर्ग प्रथम खोपली द्वितीय रिसाली प्रथम उतई द्वितीय रिसाली खो खो बालिका वर्ग प्रथम खोपली द्वितीय उतई बालक वर्ग प्रथम पुरई द्वितीय रिसाली निगम दौड़ बालक प्रथम प्रवीण देवांगन, ओमकार मांडवी बालक करण विश्वकर्मा लक्की साहू दौड़ बालक प्रथम सोनल निर्मलकर द्वितीय शुभम मिश्रा, बालक वर्ग दौड़ 100 मीटर ललित साहू द्वितीय दिव्या यादव तृतीय दिव्या कुमारी पटेल 400 मीटर दौड़ प्रथम ट्विंकल पटेल द्वितीय जागृति साहू तुमेश्वरी साहू तेजेश्वरी साहू शामिल है।

# भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में जनजातियों के संघर्ष का अभूतपूर्व योगदान : देवलाल

**भिलाई/नवप्रदेश।** प्रियदर्शनी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर हर साल 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे देश में भाजपा द्वारा 1 नवंबर से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मनाया जा रहा है। देवलाल ने कहा कि देश की स्वाधीनता के अमृतकाल में हम ऐसे समय से गुजर रहे हैं जहां जनजाति संघर्षों और वनवासी स्वाधीनता सेनानियों के योगदान के विषय में चर्चा हो रही है। जिस योगदान को स्वाधीनता के प्रारंभिक समय से ही मान्यता मिलनी चाहिए थी, उसे अब बताया जा रहा है। इतिहास में दबे इन वीरों की कहानियों को 75 वर्ष बाद याद किया जा रहा है। स्वाधीनता संग्राम में गांधी नेहरु और प्रमुख सेनानियों का जितना योगदान था, उतना या कई मामलों में उनसे ज्यादा योगदान जनजातियों और वनवासी स्वाधीनता सेनानियों का भी रहा है। संथाल संघर्ष, भूमकॉल आंदोलन या वीर बिरसा मुंडा और वीर नारायण सिंह के बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में अभूतपूर्व योगदान दिया। इनके संघर्षों में केवल स्वतंत्रता की भावना ही नहीं थी, बल्कि भूमि, धर्म और परंपरा की रक्षा का संकल्प भी था। जनजातियों का आक्रमणकारियों के विरुद्ध संघर्ष तब से है, जब इस्लामिक आक्रमणकारियों ने भारत में कदम रखे थे। 14 वीं शताब्दी में रोहतासगढ़ में की गई क्रांतिकारी गतिविधियों को भुलाया नहीं जा सकता। रोहतासगढ़ की राजकुमारी सिनगी देई और वहां के सेनापति की पुत्री कइली देई ने अपने अद्भुत युद्ध कौशल एवं बुद्धिमता से इस्लामिक आक्रमणकारियों को नाकों चने चबवा दिए थे। गोंडवाना साम्राज्य की रानी दुर्गावती ने भी इस्लामिक आक्रमणकारियों को मात दी। देवलाल ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा व जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य के सभी जिलों में किया जाना है। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष भिलाई पुरुषोत्तम देवांगन, जिलाध्यक्ष दुर्ग सुरेंद्र कौशिक, जिला प्रवक्ता प्रेमलाल साहू उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध

**दुर्ग।** जिले में एंटी रेबीज वैक्सीन और रेबीज इम्युनोग्लोब्युलिन की दवाएं उपलब्ध हैं। ये दवाएं चंदूलाल चन्द्राकर चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई, चरौदा एवं दुर्ग शहरी क्षेत्र में उपलब्ध है। ये दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। किसी भी पशु के काटने या खरोंचने पर तुरंत साबुन और बहते पानी से कम से कम 15 मिनट तक घाव धोएं। घाव को धोने के बाद कोई तेल, हल्दी या अन्य पदार्थ न लगाएं। फौरन निकटतम स्वास्थ्य या अस्पताल जाएं। चिकित्सक द्वारा बताई गई टीका श्रृंखला पूरी करें।

# 56.93 प्रतिशत मतदाताओं को बीएलओ ने किया गणना पत्रक वितरण

- **एक मतदाता के नाम, दो गणना पत्रक किये जा रहे है वितरित, गणना पत्रक भरने ऑनलाइन सुविधा**
- **मतदाताओं से 4 दिसम्बर के पूर्व तक गणना पत्रक भरने की अपील**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिले में अब तक 56.93 प्रतिशत मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण किया जा चुका है। शीघ्र शत-प्रतिशत गणना पत्रक का वितरण बीएलओ द्वारा कर दिया जाएगा। इस कार्य में सहयोग के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा 2645 बीएलए की नियुक्ति की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि जिन मतदाताओं के आधार और मतदाता परिचय पत्र में नाम एक समान हो और मोबाईल नंबर लिंक है, वे मतदाता स्वयं वेबसाईट से गणना पत्रक ऑनलाईन भर सकते हैं। गणना पत्रक भरने के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट में उपलब्ध है। मतदाता अपने नाम और पिता के नाम से 2003 की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण सर्च कर सकते हैं। अभी तक जिले में कुल 350 मतदाताओं ने ऑनलाईन गणना पत्रक भर लिया है। समस्त मतदाताओं से अपील की गई है कि वे 4 दिसम्बर के पूर्व तक गणना पत्रक स्वयं ऑनलाईन भरें या गणना पत्रक भरकर बीएलओ को शीघ्र प्रदान कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत दुर्ग जिले के कुल 1520 मतदान केन्द्रों में नियुक्त 1520 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को गणना पत्रक भरने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया है। वर्ष 2025 की मतदाता सूची में दर्ज समस्त मतदाताओं के गणना प्रपत्र 02 प्रति में प्रिंट कर समस्त मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण हेतु समस्त बीएलओ को 2 प्रतियों में प्रदाय किया गया है।

# संस्कारों की सरिता में विज्ञान का संगम : 'संस्कार 3.0' वार्षिकोत्सव में खिला नवाचार का नूतन प्रभात

**भाटापारा/नवप्रदेश।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खमरिया-भाटापारा परिसर में तीन दिवसीय "विक्रम साराभाई साइंस एग्ज़ीबिशन-2025" के दौरान विज्ञान, संस्कृति और सृजनशीलता के अद्वितीय संगम से आलोकित रहा। इस वर्ष प्रदर्शनी का द्वैतीय थीम "परंपरा से प्रगति" एवं "संस्कार 3.0" रहा, जिसने भारतीय मूल्यबोध और आधुनिक वैज्ञानिक चेतना के समन्वय को साकार रूप प्रदान किया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस आस-पास के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से लगभग दो हजार विद्यार्थी एवं शिक्षक सम्मिलित हुए। प्रतिभागियों ने इसरो द्वारा प्रस्तुत विविध वैज्ञानिक तकनीकों एवं मॉडलों का अवलोकन कर ज्ञानवर्धन किया तथा भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। सांध्यकाल में विद्यालय प्रांगण में "संस्कार 3.0 - सांस्कृतिक संध्या" का आयोजन संपन्न हुआ, जिसने पूरे परिसर को उल्लास, संगीत और सृजन की मधुर लहरों से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीपक सोनी कलेक्टर, बलौदा बाजार-भाटापारा तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. पी.के. पाण्डेय (कुलपति, एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर) एवं रवि कुमार वर्मा (सीनियर साइंटिस्ट, इसरो) की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच पर विद्यालय प्रबंधक अश्वनी शर्मा, संदीप गोयल, स्टेट साइंस कोऑर्डिनेटर एम.एन. सिंह, प्रधानाचार्य योगेश पोपट तथा कौशिक मुनि त्रिपाठी (प्रधानाचार्य, आत्मानंद विद्यालय) सहित अनेक प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं प्रधानाचार्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत विधि-विधान से हुआ प्रधानाचार्य योगेश पोपट द्वारा विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन भी साझा किया गया तत्पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत, संगीत, वादन एवं नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकगण श्रीकांत दुबे, विवेक कुमार मिश्रा एवं रवि कुमार वर्मा अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधनों में विद्यालय परिवार की अनुशासित, संयोजित एवं सृजनशील कार्यशैली की सराहना की तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# खल्लारी में आवास उन्मुखीकरण पर कार्यशाला पुराने और नवीन आवास निर्माण की समीक्षा

**नगरी/नवप्रदेश।** धमतरी जिले नगरी विकास खण्ड प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन एवं आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य सेदिन, गुरुवार को धमतरी जिले के नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर पर घने जंगलों के बीच स्थित ग्राम पंचायत खल्लारी में आवास उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे खल्लारी सहित आश्रित 05 ग्रामों के लगभग 150 ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी रोहित बोरझा द्वारा की गई। सीईओ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पुराने आवासों की प्रगति की समीक्षा की तथा नवीन आवासों के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने लाभार्थियों को योजना के सभी नियमों एवं चरणों की जानकारी देते हुए कहा कि पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करें।

कार्यशाला के पश्चात प्रगतिरत आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक शाला चमेंदा का अवलोकन भी किया तथा विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण एवं संसाधनों का जायजा लिया। इस अवसर पर ADEO मिश्रीलाल गौर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा आयुष झा, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक, ग्राम पटेल तथा स्थानीय ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आवास योजना के प्रति जागरूक कर उन्हें समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण हेतु प्रेरित करना रहा।

## न्यूज गैलरी

### डी एम सी धमतरी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण

**नगरी/नवप्रदेश।** पीएम श्री शास.श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में डी एम सी धमतरी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण.पी एम श्री शास. श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी मे डी एम सी श्री अनुराग त्रिवेदी समग्र शिक्षा जिला धमतरी द्वारा बोर्ड परीक्षा मे उत्कृष्ट परिणाम लाने के उद्देश्य से आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कक्षा 5 वी, 8वी ,10 वीं, 12 वी,के विद्यार्थियों से विषय आधारित प्रश्न पूछकर बच्चों के ज्ञान का परीक्षण किया गया. सुलेख के लिए प्रेरित किया गया. साथ ही शिक्षको को बेहतर परिणाम लाने विशेष प्रयास एवं अतिरिक्त कक्षा लेकर अध्यापन कार्य करने का निर्देश दिया गया. साथ में डी पी एम यू कुन्ती पाण्डेय, ए पी सी, लता साहू, संस्था के प्राचार्य एस. के. प्रजापति, लोचन साहू,(संकुल समन्वयक), आर. एल. सोनी व्याख्याता सहित समस्त शालेय स्टाफ उपस्थित थे।

### विद्युत तार के नीचे धान की मिंजाई न करे किसान

**धमतरी।** जिले में प्रायः सभी स्थानों पर अब धान की फसल पक चुकी है और मिंजाई शुरू हो चुकी है। किसान धान की मिंजाई थ्रेसर मशीन के माध्यम से करते हैं। इस दौरान खेत खलिहानों से गुजरने वाली विद्युत लाइन पर दुर्घटना की कुछ खबरों ने पॉवर कंपनी प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट किया है। दुर्घटना के कारणों और निदान के संबंध में पॉवर कंपनी द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। कुरुद संभाग के कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे ने किसानों से सावधानी बरतने की अपील की है। धान की मिंजाई थ्रेसर मशीनों से की जाती है। इस दौरान खेत-खलिहानों से गुजरने वाली एलटी लाइन, 11 केवी तथा 33 केवी लाइन में जाकर मिंजाई के दौरान उड़ने वाला पैरा या भूसा लाइन में जाकर चिपक जाता है। सुबह ओस के कारण पैरा या भूसा में नमी आती है तब लाइन के तार आपस में सम्पर्क में आते हैं। इससें निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए। रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार किसानों द्वारा धान की मिंजाई के बाद पैरा या भूसा का ढेर बिजली लाइन के नीचे रखने से भी पैरा या भूसा में आग लगने की संभावना लगातार बनी रहती है।

# पराली न जलाएं अपनी मिट्टी और सेहत बचाएं

### किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील

**राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश/**राजनांदगांव जिले के 80 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। राजनांदगांव जिले में 1.83 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की खेती की जाती है जिसमें से धान का रकबा लगभग 1.73 लाख हेक्टेयर है। खरीफमें धान की कटाई के बाद काफी संख्या में कृषक पैरा को खेत में ही जलाकर रबी फसलों के लिए खेत की तैयारी कर बुआई करते है। हर वर्ष धान की फसल कटाई के बाद खेतों में बची पराली को जलाना एक आम प्रथा बन गई है। यह प्रक्रिया न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य और आने वाली फसलों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है।

**पराली जलाने से होने वाले नुकसान -** पराली जलाने से मिट्टी की गुणवत्ता घटती है। इससे मिट्टी के पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और सल्फर नष्ट हो जाते हैं। पराली जलने से धुआँ और धूल से साँस की बीमारियाँ, आँखों में जलन और हृदय रोग बढ़ाता हैं। हवा में प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ जाता है, जिससे शहरों और गाँवों में धुआं छा जाता है। पराली जलाना दंडनीय अपराध है। इसके लिए जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

**किसानों के लिए बेहतर विकल्प -**किसान पराली को खेत में मिलाने के लिए रोटावेटर, हैप्पी सीडर या सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम जैसी मशीनों का उपयोग कर सकते हैं। पराली को कम्पोस्टिंग या बायो- डीकंपोजर के माध्यम से इसे जैविक खाद में बदल सकते हैं। पराली का उपयोग पशु के लिए चारा तथा बिछावन के रूप में उपयोग कर सकते हैं। कृषि विभाग ने स्वच्छ खेत, स्वस्थ किसान - यही हमारी पहचान का संदेश देते हुए कहा कि किसान पराली जलाने बचें और आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल तरीकों को अपनाएँ। यह न केवल मिट्टी की सेहत सुधारेगा बल्कि परिवार और समाज के स्वास्थ्य की रक्षा भी करेगा।

### अग्रवाल समाज के लिए विशेष शिविर 15 नवंबर को

**राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश/**अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में समाज के सदस्यों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (॥स्त्रक्क) और लर्निंग लाइसेंस हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य समाज के वाहनधारकों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक प्रक्रिया उपलब्ध कराना है, ताकि सभी सदस्य शासन के निर्देशानुसार ॥स्त्रक्क प्लेट लगवा सकें एवं लर्निंग लाइसेंस आसानी से बनवा सकें।

शिविर का विवरण-

दिनांकः 15 नवंबर 2025, शनिवार स्थानः अग्रसेन भवन, पुराना बस स्टैंड के पीछे, काली माई मंदिर के पास समयः सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

HSRP हेतु आवश्यक दस्तावेज (एक पेज में फोटो कॉपी): आधार कार्ड, आरसी बुक (वाहन पंजीयन कार्ड), मोबाइल नंबर। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क, दोपहिया वाहन ङ्क ?483.80, चारपहिया वाहन ङ्क ?774, ट्रक/बस ङ्क ?823।

शिविर में लर्निंग लाइसेंस भी बनेगा- लर्निंग लाइसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेजः आधार कार्ड, लाईव फोटो (शिविर में ही लिया जाएगा), शुल्कः टु व्हीलर ङ्क ?420, 2+4 व्हीलर ङ्क ?570। लर्निंग लाइसेंस के लिए शिविर में स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया व सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने समाज के सभी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस शिविर का अधिकाधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा अनिवार्य हाई सिक्योरिटी प्लेट वाहन सुरक्षा को बढ़ाने तथा पहचान प्रणाली को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कदम है।

# साइबर जोन कंप्यूटर एकेडमी में हुआ कंप्यूटर वितरण

**भाटापारा/नवप्रदेश।** साइबर जोन कंप्यूटर एकेडमीके द्वारा विद्यार्थियों को निशुल्क कंप्यूटर वितरण का आयोजन अग्रसेन भवन भाटापारा में रखा गया ।साइबर जोन कंप्यूटर सेंटर के संचालक मनोज बर्मन ने बताया कि 11 नवंबर* को कुल 41 विद्यार्थियों को वितरण किया गया है जिन्होंने सत्र 2024-25 में अपना साइबर जोन कंप्यूटर एकेडमी मे प्रशिक्षण पूर्ण किया था एवं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मयूर क्लब स्कूल के प्राचार्य नंदलाल बाजपेई , रामसागर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी यदु , देवीरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एच. के साहू दतरेंगी सशासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य टुपेन्द्र शर्मा रोहरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य लखन लाल साहू भाजपा सिमगा मंडल महामंत्री योगेश राहुल साहू , तक्षशिला स्कूल संचालक घनश्याम पाटील , सुनील बर्मन ,दीपक साहू , खिबीराम साहू , गजेंद्र वर्मा अश्वनी , ओमकार सोनवानी के हाथों से विद्यार्थियों को कंप्यूटर वितरण किया गया।

# 15 वित्त आयोग की राशि नही मिलने से पंचायतों के विकास कार्य ठप्प

■ **पंचायत प्रतिनिधियों पर उठने लगे सवाल**

**भाटापारा/नवप्रदेश।** भारत में पंचायत व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतें गांवों के विकास की जिम्मेदारी संभालती है ।

शासन की योजनाओं को लागू करने और गांवों तक पहुँचाने में ये पंचायतें अहम भूमिका निभाती है। लेकिन गत पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद से अभी तक जिले के ग्राम पंचायतों को मिलने 15 वे वित्त आयोग की राशि नही मिलने से पंचायत स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ गया है तथा पंचायतों के लोग निर्वाचित सरपंच पर सवाल उठा रहे है। निर्वाचित सरपंचों का कहना है कि गांवों की समस्याओं का समाधान को लेकर उनके पंचायत में फंड ही नही है। जिसके वजह से सभी विकास कार्य रुक गए है।पंचायतों का अपना कर राजस्व बहुत कम होता है, जबकि उन्हें केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान पर अधिक निर्भर रहना पड़ता है।

ऐसे में मूलभूत व वित्त आयोग की राशि नही मिलने के कारण ग्राम विकास की रफ्तार थम जाने से योजनाओं का लाभ आमजन तक नही पहुँच पा रहा है। जिससे आम जनता निराश और परेशान है और जब पूछते है कि गांव में बुनियादी व्यवस्थाएं दुरुस्त क्यो नही हो पा रहा तो हमारे पास कोई जवाब नही होता। सरपंचगण का मानना है कि ग्रामीणों की जो अपेक्षा उनसे थी, वह पूरा नही हो पा रही है। जब तक गांव मजबूत नही.होंगे, तब तक जिला और राज्य को मजबूत नही किया जा सकता, इसलिए अविलंब 15 वे वित्त की राशि जारी करने पर सरकार और प्रशासन को निर्णय लेना चाहिए, ताकि पंचायतों में ठप्प पड़े विकास कार्यो को गति - मिल सके। ग्राम पंचायत क्षेत्रों कि सड़कों की मरम्मत, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पेयजल व्यवस्था सहित कई योजनाएं अधर में है। ग्रामीण भी अपने मुखिया व पंचों पर सवाल खड़े कर रहे है एवं उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों को चुनने के बावजूद मूलभूत सुविधाओ के लिए वंचित होना पड़ रहा है।

**वर्जन**

15वे वित्त की राशि मे विलम्ब होने से ग्राम पंचायत मे अनेक विकास मूलक कार्य रुके पडे है जिसके लिये शासन स्तर पर सभी पंचायतों को 15 वित्त का राशि जल्द उपलब्ध कराने जाने हेतु शासन से पुनः मांग करेंगे।

*- संकेत अग्रवाल*
*सरपंच संघ अध्यक्ष*

# ठंड की दस्तक से गरम कपड़ों की दुकान में आई ग्राहकी

**भाटापारा/नवप्रदेश।** नगर और आसपास पिछले लगभग तीन दिनों से मौसम में एकाएक आए बदलवा के बाद अंचल में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है जिसके चलते जन समान्य पर मौसम का व्यापक असर पड़ा है। लोग अब ठंड के कारण सुबह देरी से जाग रहे हैं वहीं लोगों की दिनचर्या पर भी इसका असर पड़ा है। एक ओर जहां बढ़ती ठंड के बाद शहर में विभिन्न कपड़ा बाजार तथा गर्म कपड़ों के दुकानों में ग्राहकी का अंबार लगना शुरू हो गया है।

वहीं होटल चाय कैंटिन व ढाबों में भी लोग भारी तादाद में गरम चाय, कॉफी, दुध लेने पहुंच रहे हैं। शहर के गर्म कपड़ों के बाजार में लुधियाना, पंजाब के गरम कपड़े धड़ल्ले से बिक रहे हैं खासकर जेंट्स स्वेटर, लेडिस स्वेटर, लेडिस जैकेट, जैट्स जैकेट, बच्चों का जैकेट तथा हुडी बड़ी तादात में लोग खरीद रहे हैं वहीं बाजार में शॉल, पार्टी वियर, हेयर वुलन स्वेटर, टोपा, मोजा,कंबल, चादर, मफलर, कंटोप सहित अन्य आयटमों की बंपर बिक्री होने से कपड़ा बाजार एक बार फिर दीपावली के बाद ठंड के कारण गरम हो गया है व लोग दूर-दूर से गरम कपड़ा खरीदने भाटापारा मार्केट पहुंच रहे हैं। कपड़ा बाजार में विभिन्न प्रकार के गरम कपड़ा खरीदने लोग पुटपुरा, टेमरी, भटभेरा, सेमराडीह, खपराडीह, मोटियारीडीह, नवागांव, कुरा, संबलपुर, मारो, सरगांव, दगौरी, निपनिया, भटचौरा, आमगांव, सरकीपार, बूचिपार, डोंगरिया, केसदा, कोयदा, बरदा, कोनारी, लच्छनपुर, रामपुर सहित अन्य गांव के लोग भारी तादाद में पहुंच रहे है जिसके कारण बढ़ती ठंड के बीच ग्राहकी का बाजार गरम रहा। बाजार में दुकानदारों के पास टोपा मोजा की भी भारी बिक्री हुई।

# तरेंगा निवासी दिव्यांग मनोज को मिला कृत्रिम अंग

**मनोज ने जताया जिला प्रशासन का आभार**

**भाटापारा/नवप्रदेश।** जिला संपर्क केंद्र की सराहनीय पहल से ग्राम तरेंगा, निवासी मनोज आडिल (पिता स्व. आजूराम आडिल) को कृत्रिम अंग प्रदान किया गया। श्री आडिल लंबे समय से कृत्रिम अंग के अभाव में दैनिक कार्यों में कठिनाई का सामना कर रहे थे। उन्होंने अपनी समस्या संयुक्त जिला कार्यालय स्थित संपर्क केंद्र के मोबाइल नंबर ओर दर्ज कराई। उनकी समस्या संपर्क केंद्र में प्राप्त होते ही, संपर्क केंद्र द्वारा तत्परता से समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित किया गया। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्री आडिल को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराया। कृत्रिम अंग प्राप्त होने के बाद मनोज आडिल ने खुशी और संतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी, जिला प्रशासन एवं संपर्क केंद्र के प्रति हृदय से आभार जताया। संपर्क केंद्र की यह मानवीय एवं संवेदनशील पहल न केवल जरूरतमंदों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को समय पर पहुँचाने का उदाहरण है, बल्कि प्रशासन की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है। जिले के नागरिक अपनी समस्या के शिकायत और समाधान हेतु संयुक्त जिला कार्यालय के संपर्क केंद्र के मोबाइल नंबर 92018-99925 पर संपर्क कर सकते है।

**अधिकारियों की उदासीनता...**

### खुलेआम पॉलीथिन व डिस्पोजेबल सामग्री का उपयोग और बिक्री जारी

# क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे का अंबार, शराब दुकान के आसपास 2 किमी तक फैली गंदगी

**नगरी/नवप्रदेश।** नगर के डमका-डीही वार्ड क्रमांक 1 में संचालित शराब दुकान के आसपास प्लास्टिक कचरे का अत्यधिक फैलाव गंभीर चिंता का विषय बन गया है। दुकान से करीब 2 किलोमीटर के दायरे में जंगल, खेत-खलिहान और रास्तों पर बड़ी मात्रा में पॉलीथिन, डिस्पोजेबल ग्लास, पानी की बोतलें तथा अन्य प्लास्टिक कचरा दिख रहा है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय जैवविविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद क्षेत्र में खुलेआम पॉलीथिन व डिस्पोजेबल सामग्री का उपयोग और बिक्री जारी है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

जंगलों में फैले प्लास्टिक कचरे से प्राकृतिक संसाधन भी प्रभावित हो रहे हैं। डमका-डीही के समीप सराई (साल) पेड़ों से गिरने वाला बोड़ा (बीज) साथ छोटे छोटे औषधि पौधों भारी मात्रा में निकलना रहे थे, लेकिन प्लास्टिक कचरे की भरमार के कारण बीज ढंक जाते हैं, जिससे प्राकृतिक पुनरुत्पादन पर असर पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने कहा कि नगर को पॉलीथिन मुक्त बनाने की आवश्यकता अब अत्यंत जरूरी हो गई है। कई बार लोगों ने स्वयं प्रयास भी किए, लेकिन बिना प्रशासनिक सहयोग या सख्त कार्रवाई के इन प्रयासों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए। उनका कहना है कि केवल नगर पंचायत नगरी की सीमित कार्यवाही पर्याप्त नहीं है—शासन और प्रशासन दोनों को मिलकर ठोस दिशा-निर्देश और सख्त अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

नगर वासियों ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित निरीक्षण कर प्लास्टिक उपयोग और अवैध निपटान पर रोक लगाने ठोस कदम उठाए जाएँ। उनका मानना है कि यदि सख्ती से नियम लागू किए जाएँ, तो धीरे-धीरे लोग पॉलीथिन और डिस्पोजेबल वस्तुओं के उपयोग को कम करने लगेंगे।

विशेषज्ञों के अनुसार, प्लास्टिक और डिस्पोजेबल वस्तुओं का अनियंत्रित उपयोग न केवल नगर की स्वच्छता को प्रभावित करता है, बल्कि मिट्टी, भूजल और वायु प्रदूषण के जरिए मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। लंबे समय तक प्लास्टिक का संपर्क कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों के खतरे को बढ़ाता है। नागरिकों ने स्वयं भी प्लास्टिक मुक्त विकल्प अपनाने और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। उनका कहना है कि पर्यावरण सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है।

# पाटूरु एग्री बायोटेक प्रा. लि. का धान बीज दुर्गा 120 बना किसानों की पहली पसंद

**सेमरा।** पाटूरु एग्री बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा

नगरी - ग्राम सेमरा (नगरी) के साहू सदन में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के लगभग 65 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर श्री चंद्रहास देवांगन ने किसानों को कंपनी के उत्कृष्ट उत्पाद दुर्गा 120 धान बीज की विशेषताओं, उत्पादन क्षमता एवं इसकी बढ़ती लोकप्रियता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ÷दुर्गा 120 अपनी उच्च उत्पादकता, रोग प्रतिरोधक क्षमता और बेहतर गुणवत्ता के कारण आज किसानों की पहली पसंद बन चुका है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले किसानों बलिराम साहू, तिलकराम साहू एवं नंदा देवांगन का सम्मान शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

## न्यूज गैलरी

### राष्ट्रीय अधिवेशन में स्थानीय साहित्यकारों की रही सहभागिता

मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें राष्ट्रीय अधिवेशन में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के साहित्यकार सतीश उपाध्याय और उमाकांत मिश्रा ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। रीवा (म.प्र.) के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित इस तीन दिवसीय अधिवेशन का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। देशभर से लगभग 1000 साहित्यकारों की सहभागिता रही। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि 'साहित्य समाज की आत्मा है और संस्कृति का दर्पण भी।' कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल व परिषद अध्यक्ष डॉ. सुशील चंद्र त्रिवेदी सहित कई बड़ी हस्तिया और साहित्यकार उपस्थित रहे।

### बाल नृत्यांगना अस्मिता सम्मानित

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। एमसीबी–बाल दिवस पर जिले की प्रतिभाशाली भरतनाट्यम नृत्यांगना अस्मिता केवट को समाजसेविका रूपा पोद्दार द्वारा सम्मानित किया गया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक चंदन केवट की सुपुत्री अस्मिता ने राज्योत्सव में उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर विशेष पहचान बनाई है। कक्षा पांचवी की छात्रा अस्मिता के पिता सुप्रसिद्ध गायक एवं मोटिवेटर हैं। हर वर्ष 14 नवंबर को बाल प्रतिभाओं को सम्मानित करने की घोषणा विजय मंगलम प्रतिष्ठान की संचालिका रूपा पोद्दार ने की। कार्यक्रम में अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे तथा संचालन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सतीश उपाध्याय ने किया।

### आदिवासी सांस्कृतिक विरासत के रक्षक थे बिरसा मुंडा : उपाध्याय

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त शिक्षक

सतीश उपाध्याय ने आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा को स्वतंत्रता संग्राम का महान नायक बताया। ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के लिए चार दशक समर्पित उपाध्याय ने कहा कि बिरसा मुंडा ने 'जमीन हमारी माता' का संदेश देकर आदिवासी संस्कृति, जंगल और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व में हुए उलगुलान आंदोलन ने शोषण के खिलाफ आदिवासी समाज को संगठित किया। बिरसा मुंडा को अधिकारों के रक्षक और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक के रूप में देशभर में सम्मानित किया जाता है।

#### एकता, अखंडता और आत्मनिर्भर भारत का संदेश देते हुए रैली का सफल समापन

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मुंगेली में भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मुंगेली में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और एकता रैली का शुभारंभ किया। यह यात्रा रेस्ट हाउस मैदान से प्रारंभ होकर दाउपारा, बालानी चौक होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर में समाप्त हुई। इसी क्रम में आज नगर में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। उन्होंने इस यात्रा में जनमानस के उत्साह को रेखांकित करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री साहू ने कहा कि यूनिटी मार्च का उद्देश्य सरदार पटेल के योगदान से आमजनों को जागरूक करना और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया है।सरदार पटेल देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने रियासतों के एकीकरण में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने सरदार पटेल के योगदान को नमन किया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि आज की यह यात्रा ऐतिहासिक है। बच्चे, जवान, बुजुर्ग सभी ने एक सूत्र में बंधकर इस यात्रा में उत्साह से भाग लिया। यूनिटी मार्च का यह दृश्य भारत की एकता और अखंडता को दर्शाता है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में सार्थक कदम है। कार्यक्रम के समापन में एकता के

प्रतीक सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देने वाले माय भारत टीम को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार स्वच्छता दीदी, वरिष्ठ नागरिक एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत श्रीकांत पाण्डेय, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत सभापति उमाशंकर साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी मानिक सोनवानी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीलू साहू, जनपद सभापति पवन पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम अजय शतरंज, जनपद सीईओ राकेश साहू, तहसीलदार कुणाल पाण्डेय, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### जिले में भव्य 'यूनिटी मार्च' का हुआ आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर जिले में गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय एकता मार्च पदयात्रा ( 'यूनिटी मार्च ' ) का आयोजन किया गया। सरगुजा सांसद श्री चिंतामणी महाराज के नेतृत्व में अम्बिकापुर के राम मंदिर प्रांगण से पदयात्रा को रवाना हुई। हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालय महाविद्यालय के छात्र, बड़ी संख्या में आमजन उत्साहपूर्वक यात्रा में निकले। इस अवसर पर लोगों में उत्साह और एकता का अभूतपूर्व नजारा देखने मिला। एकता का संदेश देते हुए जैसे-जैसे मार्च आगे बढ़ा शहर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों ने फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा से रैली का स्वागत किया। पदयात्रा द्वारा जन-जन तक एकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विकास का संदेश पहुंचाया गया। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणी महाराज ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आज यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया है।

#### पारदर्शिता और निगरानी के लिए जीपीएस ट्रैकिंग व सीसीटीवी से सुसज्जित होंगे सभी उपार्जन केंद

# मुंगेली में आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होगी: प्रशासन ने की पूरी तैयारी

मुंगेली/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू की जाएगी। धान खरीदी के लिए जिले के 66 समितियों के 105 उपार्जन केन्द्रों में तैयारियां सुनिश्चित करने जिला प्रशासन सतर्क है। जिले में पारदर्शिता, सुगमता एवं पूर्ण निगरानी के साथ धान खरीदी सुनिश्चित की जाएगी। सभी उपार्जन केंद्रों में सुचारू धान हेतु खरीदी प्रभारियों और जिला नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। उपार्जन केंद्रों में कांटा-बांट का सत्यापन, कैलिब्रेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। धान खरीदी के लिए जिले के 105 केंद्रों में बायोमैट्रिक डिवाइस भी उपलब्ध कराया जा चुका है तथा जिले के संवेदनशील खरीदी केंद्रों में सीसीटीवी लगाने का काम किया जा रहा है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार धान खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है।अधिकारियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। सुचारू रूप से धान खरीदी के लिए मिलर्स की भी बैठक लेकर सहयोग की अपील की गई है।जिले में धान खरीदी के लिए विशेष मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया गया है तथा बेहतर मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है।रूट मैपिंग करने एवं परिवहन के लिए चिन्हांकित वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाकर विशेष निगरानी की जाएगी और धान परिवहन में किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर ऐप के माध्यम से तुरंत अलर्ट प्राप्त हो जाएगा, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश कुमार डड़सेना ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार खरीदी केंद्रों के लिए स्थल चयन कर अधिकारियों के माध्यम से उसके साफ-सफाई का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। 85 से अधिक केंद्रों में बारदाना पहुंचाया जा चुका है, शेष केंद्रों में शीघ्र ही बारदाना की आपूर्ति

पूर्ण कर ली जाएगी। शासन द्वारा निर्धारित तिथि से जिले में धान खरीदी का कार्य प्रारम्भ हो जाएगा, इसमें किसी भी कृषकों को कोई समस्या नहीं आएगी। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जिले के किसान 15 नवंबर का इंतजार कर रहे हैं। वे धान को सूखाकर समिति में ले जाने के लिए तैयार कर रहे हैं। समर्थन मूल्य पर धान बेचने जिले के किसानों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। टोकन एप के माध्यम से कृषकों द्वारा टोकन काटना भी शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठक व्यवस्था आदि सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है।

### कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने आगामी 15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली धान खरीदी की तैयारियों का जायजा लेने विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत कपिलदेवपुर धान खरीदी केंद्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बारदाने की उपलब्धता, टोकन वितरण, तौल व्यवस्था और किसानों की सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर लें, ताकि धान खरीदी के प्रारंभ होते ही किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं तौल व्यवस्था, तौल मशीनों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### राष्ट्रपति मुर्मू के अम्बिकापुर प्रवास की तैयारियों का कमिश्नर एवं आईजी ने किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 20 नवंबर 2025 को सरगुजा जिला आगमन कार्यक्रम प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के प्रवास की तैयारियों के सम्बंध में शुक्रवार को सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा एवं पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने स्थल निरीक्षण क़िया। इस दौरान कलेक्टर विलास भोसकर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर एवं आईजी ने सर्वप्रथम अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में बनाए जा रहे हेलीपैड स्थल का अवलोकन किया, उन्होंने सुरक्षा मानकों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस दौरान आईजी झा ने स्टेडियम से लगे भवनों का सर्वे कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। हेलीपेड स्थल में ग्रीन रुम बनाए जाने, राष्ट्रपति महोदया के आवागमन हेतु निर्धारित गेट, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात गांधी स्टेडियम के आकाशवाणी गेट से निकलकर गांधी चौक होते हुए आवागमन मार्ग, ट्रैफिक व्यवस्था, सड़क आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में डोम निर्माण का अवलोकन किया गया। अतिथियों एवं आमजनों हेतु बैठक व्यवस्था, आगमन एवं निकासी मार्ग, ग्रीन रूम, पार्किंग व्यवस्था, स्टॉल निर्माण आदि का अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही मैदान की साफ सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। कमिश्नर दुग्गा ने सभी कार्यों को निर्धारित समय- सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए, किसी प्रकार की लापरवाही ना रहे। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें,दिए गए दायित्वों का गम्भीरता से निर्वहन किया जाए।

### मनेन्द्रगढ़ में बनेगा योग प्राकृतिक चिकित्सालय केंद्र

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। स्वस्थ छत्तीसगढ़ अभियान के तहत राज्य सरकार ने मनेन्द्रगढ़ में 10 शैय्या युक्त योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय केंद्र स्थापित करने की स्वीकृति दी है। केंद्र में 20 चिकित्सक एवं कर्मचारी तैनात रहेंगे, जो योग, प्राकृतिक चिकित्सा और जीवनशैली आधारित उपचार प्रदान करेंगे। सरकार द्वारा जशपुर, मनेंद्रगढ़, रायगढ़ और बस्तर में ऐसे केंद्रों की स्थापना के लिए कुल ?11 करोड़ 22 लाख 28 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल प्रदेशवासियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस निर्णय के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल नें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### युवाओं को नि :शुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने आवेदन 25 नवंम्बर तक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना (वित्तीय वर्ष 2025-26) के अंतर्गत युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने आवेदन 25 नवंम्बर तक आमंत्रित किया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत कुल 11 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जिनमें ड्राईवल मशीन ऑपरेटर, सोलर टेक्निशियन (इलेक्ट्रिकल), ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, फील्ड तकनीकी प्रतिनिधि, टैली अकाउंटिंग, फूड एंड बेवरेज स्टुअर्ड, फ्रंट ऑफिस एग्जीक्यूटिव, फिटनेस ट्रेनर, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा हेल्थकेयर सेक्टर के तहत जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जैसे कोर्स शामिल हैं। इन प्रशिक्षणों में शामिल होने के इच्छुक 18 से 45 वर्ष तक की आयु वर्ग के युवक-युवतियाँ आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवश्यक सुविधाएं एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ 25 नवम्बर तक जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज मुंगेली में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में कॉलेज परिसर तथा मोबाइल नम्बर 7415787010 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### ओपन स्कूल परीक्षा 17 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक आयोजित

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल की परीक्षाएं आयोजित की जानी है। जिसके लिए 17 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2025 तक परीक्षा तिथि निर्धारित की गई है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में उक्त परीक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय बलरामपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा परीक्षा केन्द्र के सघन निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

### आकांक्षी विकासखण्ड शंकरगढ़ की प्रगति पर सीईओ ने ली समीक्षा बैठक

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने विकासखण्ड शंकरगढ़ के सभागार में आकांक्षी ब्लॉक की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि आकांक्षी विकासखण्ड के प्रमुख विकास सूचकांकों में तेजी लाने के लिए विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ बनाना होगा। उन्होंने कहा कि विकास के प्रत्येक क्षेत्र में मापनीय और स्थायी सुधार ही आकांक्षी ब्लॉक की वास्तविक उपलब्धि

मानी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सीईओ तोमर ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अनुपालन को प्राथमिकता देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थान अपने अवसंरचनात्मक अभावों, उपकरणों, मानव संसाधन स्थिति और दस्तावेजी आवश्यकताओं का विस्तृत विवरण शीघ्र उपलब्ध कराएं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती मधुमेह और उच्चरक्त चाप की रोकथाम के लिए ग्राम स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य और अस्पतालों में मरीजों की नियमित जांच तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्क्रीनिंग को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उपकरणों की उपलब्धता और प्रगति की नियमित निगरानी करने को कहा। शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए सीईओ तोमर ने कहा कि ड्रॉपआउट बालिकाओं का विशेष सर्वे प्रारंभ करें, ताकि शिक्षा विभाग को सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें और बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से पुनः जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि हर ड्रॉपआउट बच्चा हमारी जिम्मेदारी है।

### सरपंच और आवास मित्र पर एफआईआर दर्ज

एमसीबी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोथारी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मनरेगा योजनाओं के तहत सरकारी राशि के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में सरपंच और आवास मित्र की मिलीभगत से फर्जी जियो टैग व मस्टररोल तैयार कर भुगतान करने का मामला प्रमाणित पाया गया। प्रशासन ने दोनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम पंचायत कोथारी की सरपंच यशोदा सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.) के अंतर्गत अपने नाम पर एक और परिवार के दो अपात्र सदस्यों के नाम पर आवास स्वीकृत करवाए। आवास मित्र के साथ सांठगांठ कर फर्जी जियो टैग बनवाए गए और उन पर किस्तों का भुगतान भी करवा लिया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत के आवास मित्र राजकुमार यादव ने स्वयं के नाम पर एक और परिवार के चार अपात्र सदस्यों को योजना का लाभ दिलाया। जांच में यह भी सामने आया कि सभी आवासों के जियो टैग फर्जी हैं और भुगतान मनरेगा की गैर प्रमाणित मस्टररोल से किया गया।

### विश्व निमोनिया दिवस पर ग्राम पदमपुर में जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर ग्राम पदमपुर में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पांच वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में हो रही मृत्यु दर को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निमोनिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही घरों में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की व उनके परिजनों को हाथ धो कर बच्चे को पाने की सलाह दी इसके साथ ही कपड़े साफ-सुथरे की रखने की सलाह दी और दूसरे के छींक व खासी से बच्चे को दूर रखने के लिए उपाय बताये और छः माह तक बच्चे को मॉ का दूध पिलाने का सुझाव दिए। डॉ. मनीष बंजारा ने बताया कि हर वर्ष 12 नवम्बर को विश्व निमोनिया दिवस

मनाया जाता है। इसका उद्देश्य निमोनिया से होने वाली रोकी जा सकने वाली मौतों को रोकना और लोगों को जागरूक करना है। इस वर्ष 2025 की थीम ÷हर सांस की कीमत-बाल जीवन की रक्षा÷ है। जो यह संदेश देती है कि हर बच्चे को सांस लेने का अधिकार है और कोई भी बच्चा निमोनिया जैसी बीमारी से अपनी सांसें न खोए। निमोनिया फेफड़ों का संक्रमण है, जिसमें वायु थैलियों में सूजन और मवाद भर जाता है। इससे शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है। यह संक्रमण बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों में ज्यादा होता है। संक्रमण के कारण बैक्टीरिया, वायरस या फंगस से संक्रमण, ठंडी हवा, धूल-धुआं और प्रदूषण, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से, कुपोषण और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली से। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता ललिता साहू, किशोर उईके, मितानीन सविता साहू, सीता यादव के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**आरोप**

#### जिले में 2023-24 को हुए डीएमएफकार्यो को फंड के दुरुपयोग और घोटाले के कई मामले सामने आ रहे है

# जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि के उपयोग पर उठे सवाल, गंभीर आरोप

सुशील शुक्ला/मुंगेली

जिले में 2023-24 को हुए डीएमएफकार्यो को फंड के दुरुपयोग और घोटाले के कई मामले सामने आ रहे है, 2023-24 जिले में लगभग 784 काम कराए गए जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति 9332.87 जिसके लिए 550995790.50 राशि जारी की गई। जिनमें से अधिकांश कामों मे अनियमितता पाई गई है, ग्राम पंचायत रामगढ में जिला चिकित्सालय पहुंच मार्ग में लगभग 50 नग हाईब्रिड सोलर स्ट्रीट लाईट की स्वीकृति हुई थी जो बंद पडी हुई है, इसी तरह से करही ग्राम पंचायत मे गढकलेवा खोला गया था जो बंद पडा हुआ है, गढ़कलेवा में 52 लाख से अधिक की राशि से निर्मित हैं, जिसमें डीएमएफ फंड की राशि लगाई गई हैं, सबसे बड़ी बात यह हैं कि जिले के बंद हो चुके गढ़कलेवा में 12 लाख रुपये का विद्युतीकरण, गढ़कलेवा में प्रकाश व्यवस्था का कार्य हुआ हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश की संस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मुंगेली के ग्राम करही में गढ़कलेवा खोला गया था, जो वर्तमान में बंद पड़ा हुआ है। 52 लाख से अधिक की लागत से बना था गढ़कलेवा आप सभी को जानकर बहुत हैरानी होगी कि जो गढ़कलेवा छत्तीसगढ़ की संस्कृति तथा व्यंजन की पहचान को दर्शाता था, वो गढ़कलेवा



मुंगेली में 52 लाख से अधिक की राशि से निर्मित हैं, जिसमें डीएमएफफंड की राशि लगाई गई हैं, सबसे बड़ी बात यह हैं कि जिले के बंद हो चुके गढ़कलेवा में 12 लाख रुपये का विद्युतीकरण, गढ़कलेवा में प्रकाश व्यवस्था का कार्य हुआ हैं, जो नजर ही नहीं आता है। ग्राम पंचायत रामगढ में जिला चिकित्सालय पहुंच मार्ग में लगभग 50 नग हाईब्रिड सोलर स्ट्रीट लाईट की 07.09.2023 को हुई थी, जिसके लिए 28.50 प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी जिसे अनुभागीय अधिकारी वि./यां. लाईट मशीनरी नलकुप उपसंभाग सकरी को एजेंसी बनाया गया था जिसके लिए 2280000.00 राशि जारी की गई थी जो लाई पूरी तरह से बंद पडी है। मुख्य आरोप-फंड का दुरुपयोग-न्यास की राशि का उपयोग उन कार्यो में किया गया है जो डीएमएफ्टी के मूल उद्देश्यों (जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण आदि) से सीधे तौर पर जुड़े नहीं हैं। फर्जी फर्मों, टेंडरों का खेल-आरोप है कि कुछ खास ठेकेदारों और फर्मों को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई और काम की गुणवत्ता खराब होने के बावजूद पूरा भुगतान कर दिया गया।विकास कार्य अधूरे-कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जिनके लिए डीएमएफ्टी से राशि आवंटित की गई थी, या तो शुरू ही नहीं हुईं या अधूरी पड़ी हैं, जबकि रिकॉर्ड में उन्हें पूरा दिखाया गया है।राजनीतिक प्रतिक्रिया-विपक्षी दलों ने इस मामले में उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। विपक्ष के कांग्रेस नेता संजीत बेनर्जी का कहना है कि यह गरीबों और आदिवासियों के हक पर सीधा डाका है, और इसमें शामिल उच्चाधिकारियों व राजनीतिक व्यक्तियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।प्रशासनिक पक्ष-इस संबंध में जब जिला प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि आरोपों की जांच की जाएगी और यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हार्ट और किडनी दुरुस्त रखना है तो डायबिटीज नियंत्रित रखें: डॉ. चंदेल

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। विश्व डायबिटीज दिवस पर एमसीबी जिले की एकमात्र स्वास्थ्य जागरूकता संस्था एमसी योग सेवा समिति द्वारा डायबिटीज बचाव एवं संतुलित आहार विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. संदीप चंदेल ने कहा कि योग, नियमित व्यायाम और संतुलित भोजन से डायबिटीज को नियंत्रित कर हार्ट और किडनी को स्वस्थ रखा जा सकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र रोग प्रभारी आर.डी. दीवान ने सलाह दी कि लंबे समय से शुगर से पीड़ित लोग हृदय और गुर्दे की समय-समय पर जांच अवश्य कराएं तथा योग को दिनचर्या में शामिल करें। 'डायबिटीज सुरक्षा आख्यान' कार्यक्रम में जगदंबा अग्रवाल, बलवीर कौर, पिंकी सलूजा, चंदन केवट, कविता मंगतानी, भैरव केशरवानी, विवेक तिवारी समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# बिलासपुर रेल हादसा, 10 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट नदारद

## कांग्रेस का विशाल घेराव अधिकारियों की बेरुखी पर फूटा आक्रोश, मृतकों के परिजनों को मुआवज़ा, घायलों को सहायता और आश्रितों को नौकरी देने की मांग

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर रेल मंडल में 4 नवंबर को हुए भीषण रेल हादसे ने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया।12 लोगों की मौत, 20 से ज्यादा लोग घायल और दस दिन बाद भी न जांच रिपोर्ट आई, न जिम्मेदारी तय हुई। इसी लापरवाही और चुप्पी के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर आई। जीएम ऑफिस पर विशाल घेराव किया गयाज भारी नारेबाजी हुई।लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात घंटों तक चले इस प्रदर्शन के दौरान रेलवे का कोई भी बड़ा अधिकारी बाहर नहीं आया, यहां तक कि ज्ञापन लेने तक की जरूरत नहीं समझी।

4 नवंबर की दोपहर मेमू पैसेंजर और मालगाड़ी की गार्ड बोगी की जोरदार टक्कर ने 12 परिवारों को हमेशा के लिए अंधकार में धकेल दिया। 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए और कई की हालत आज भी नाजुक है। हादसे के बाद जांच समिति बनाई गई।सीआरएस बीके मिश्रा ने तीन दिन तक लगातार पूछताछ की,बयान लिए और ऐसा माहौल बना मानो जल्द ही पूरे मामले की तह तक पहुंचकर दोषियों पर कार्रवाई होगी। लेकिन 10 दिन बाद भी न तो रिपोर्ट आई, न किसी अधिकारी को नोटिस, और न ही सुरक्षा व्यवस्था में चूक की कोई आधिकारिक स्वीकारोक्ति।रेलवे की इस खामोशी से बौखलाई कांग्रेस ने शुक्रवार को रामलीला मैदान से विशाल रैली निकालते हुए जीएम ऑफिस का घेराव किया।

हाथों में तख्तियां, पोस्टर और रेल प्रशासन जवाब दो, दोषियों को सजा दो, मृतकों के परिवार के साथ न्याय करो जैसे गगनभेदी नारों से माहौल गरमा उठा। लेकिन हैरानी इस बात की रही कि इतने बड़े जनसमूह और नेताओं की मौजूदगी के बावजूद रेलवे का एक भी अधिकारी बाहर नहीं

आया ये दृश्य प्रदर्शनकारियों के गुस्से को और भड़काने वाला था। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि रेलवे हादसे को ढकने में लगा है। न मुआवजा दिया, न सहायता, न भविष्य के लिए कोई आश्वासन। कांग्रेस ने मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये, घायलों को 50 लाख रुपये और प्रभावित परिवारों के आश्रितों को रेलवे या संबंधित विभाग में नौकरी देने की मांग की है।

### रेलवे की चुप्पी के खिलाफ कांग्रेस का विशाल घेराव

बिलासपुर रेल मंडल में 4 नवंबर को हुए भीषण रेल हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। मेमू पैसेंजर और मालगाड़ी की गार्ड बोगी की टक्कर में 12 लोगों की मौत और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए। दस दिन बाद भी न जांच रिपोर्ट आई और न ही किसी अधिकारी की जवाबदेही तय हुई। इसी लापरवाही और खामोशी के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस सड़कों पर उतरी और रामलीला मैदान से जीएम ऑफिस तक विशाल रैली निकालकर घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने रेलवे प्रशासन से जवाब मांगते हुए 'दोषियों को सजा दो', 'जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करो' जैसे नारे लगाए।

### जांच, मुआवजा और कार्रवाई नहीं तो आंदोलन

रेलवे की चुप्पी और लापरवाही को लेकर प्रदर्शन के दौरान माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने एक रेलवे अधिकारी की घटना वाले दिन मुस्कुराते हुए तस्वीर भी दिखाई, जिसने भीड़ के आक्रोश को और भड़का दिया। हालात को देखते हुए जीएम ऑफिस और डीआरएम कंट्रोल ऑफिस के बाहर भारी आरपीएफ और पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी।

---

**न्यूज गैलरी**

## मंत्री अश्विनी ने बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने जनजातीय गौरव पखवाड़ा के समारोह के तहत आज, नई दिल्ली स्थित रेल भवन में भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की।जनजातीय नायकों की वीरता, दूरदर्शिता और योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए, जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा 1 से 15 नवंबर 2025 तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। पखवाड़े भर चलने वाला यह उत्सव भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष भर मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव वर्ष का हिस्सा है। भगवान बिरसा मुंडा भारत के सबसे सम्मानित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे और औपनिवेशिक उत्पीड़न के खिलाफ प्रतिरोध के एक चिरस्थायी प्रतीक थे।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के आदिवासी समुदायों के बलिदान, संस्कृति और विरासत का सम्मान करने और उनके साहस एवं राष्ट्र-निर्माण की कहानियों को राष्ट्रीय चेतना में लाने के लिए जनजातीय गौरव वर्ष मनाने की घोषणा की थी।

---

### एनीकट बना नहीं और ठेकेदार ने निकाल ली सुरक्षा निधि की राशि

# काम पूरा किए बगैर ठेकेदार को भुगतान; अब फाइनल-बिल रोकने का दावा कर रहे अफसर

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* बिलासपुर में सिंचाई विभाग में 53 लाख रुपए का एपीएस घोटाला सामने आया है। विभाग के अफसरों ने नियमों को दरकिनार कर ठेकेदार को एपीएस की राशि का भुगतान कर दिया है। जबकि, अभी तक ठेकेदार ने काम पूरा ही नहीं किया है।मामला कोटा डिवीजन में दबेना एनीकट निर्माण का है। अब अनियमितता सामने आने पर कार्यपालन अभियंता ने ठेकेदार के फाइनल बिल का भुगतान रोकने का दावा किया है। बताया जा रहा है एपीएस की राशि विभाग में वापस जमा नहीं कराई जाएगी, तब यह फाइनल पेमेंट नहीं होगा। अफसरों ने काम पूरा होने के पहले ही ठेकेदार को एपीएस का भुगतान कर दिया। अधिकारियों ने ठेकेदार को व्यक्तिगत लाभ देने के लिए यह गड़बड़ी की है। वहीं, अब दावा किया जा रहा है कि ठेकेदार ने एनीकट का काम पूरा कर

#### अब जानिए पूरा मामला

दरअसल, जल संसाधन संभाग के कोटा डिवीजन में 5.20 करोड़ की लागत से दबेना में एनीकट का निर्माण किया जा रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ी उजागर हुई है। एनीकट बनाने के लिए श्रृंगार कंस्ट्रक्शन्स के ठेकेदार को टेंडर मिला है, जिसने बिलो रेट में टेंडर लिया है।इस काम को पूरा कराने के लिए ठेकेदार से अतिरिक्त सुरक्षा निधि के तौर पर 53 लाख रुपए जमा कराई गई।

लिया है। एपीएस की भुगतान की जानकारी उन्हें बाद में हुई। लिहाजा, ठेकेदार को फाइनल बिल का भुगतान तभी किया जाएगा, जब वो एपीएस की राशि दोबारा विभाग में जमा करेगा।दरअसल, अतिरिक्त सुरक्षा निधि वह राशि है, जो ठेकेदार से किसी कार्य को ठेके की निर्धारित दर से एबव या अधिक दर पर लेने की स्थिति में विभाग में जमा कराई जाती है। कार्य पूर्ण हो जाने एवं विभाग द्वारा ठेकेदार के कार्य से संतुष्ट होने की स्थिति में यह राशि संबंधित ठेकेदार को वापस लौटा दी जाती है। जशपुर जिले में मांड नदी पर सुसडेगा व्यपवर्तन योजना में तत्कालीन कार्यपालन अभियंता द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए 2.93 करोड़ की एपीएस निधि ठेकेदार को कार्य पूर्ण होने के पहले ही भुगतान कर दिया था।यह मामला उजागर हुआ, तब रायपुर के प्रमुख अभियंता के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता ने दोषी अफसर के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया था। लेकिन, कोटा डिवीजन में गड़बड़ी सामने आने के बाद अफसर खामियों को दबाने और दोषी अफसरों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

---

## छत्तीसगढ़ में अगले चार दिनों तक शीतलहर का अलर्ट, कई शहरों में कड़ाके की ठंड

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में अगले चार दिनों तक उत्तर और मध्य क्षेत्रों में शीतलहर चलने की संभावना है। बाकी जिलों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा, हालांकि इसके बाद तापमान में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है।मौसम विभाग के अनुसार 14 से 20 नवंबर 2025 के बीच सुकमा और दंतेवाड़ा में मलेरिया फैलने का खतरा अधिक रहेगा। प्रदेश में ठंडी हवाओं के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है।बलौदाबाजार, पेंड्रा और अंबिकापुर में सुबह-शाम लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की कमी से लोगों को दिक्कत हो रही है।मैदानी इलाकों में दुर्ग सबसे ठंडा शहर बना हुआ है, जहां रात का तापमान 10एष्ट दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 7 डिग्री कम है। रायपुर में नवंबर महीने में 9 साल में दूसरी बार रात का तापमान 13एष्ट तक पहुंचा है।पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 30.6 दुर्ग में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.4एष्ट अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।नवंबर महीने का मौसम रिकॉर्डः 90 साल पहले पड़ी थी सबसे तेज गर्मीनवंबर महीना छत्तीसगढ़ में आमतौर पर ठंड की शुरुआत का समय होता है, लेकिन मौसम विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि कभी यह महीना कड़कड़ाती ठंड लेकर आया तो कभी तेज गर्मी और बारिश का गवाह भी रहा।मौसम विज्ञान केंद्र के पुराने आंकड़ों के अनुसार 2 नवंबर 1935 को अब तक का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35.6 दर्ज किया गया था।

---

## प्राथमिक शाला मिट्ठूनवागांव में स्वेटर वितरण

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* बाल दिवस के अवसर पर बिलासपुर जिले के कुसुम उमाशंकर सेवा ट्रस्ट की ओर से रविशंकर गुप्ता द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मिट्ठूनवागांव के 120 बच्चों को स्वेटर वितरण किया । इसके लिए सुशील पटेल व्याख्याता ने ट्रस्ट से पहल किया था। इस सामाजिक सोच को ग्रामीणों ने सराहा है। सामाजिक संस्था कुसुम - उमाशंकर सेवा ट्रस्ट बिलासपुर के द्वारा ठंड के मौसम से बचाने के लिए एक सार्थक पहल करते हुए शासकीय स्कूलों के बच्चों को निःशुल्क स्वेटर का वितरण किया जा रहा है। इसके पहले भी ट्रस्ट के द्वारा कई शासकीय स्कूलों में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया है । प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठक स्वतंत्र भटपहरे ने प्रसन्नता व्यक्त कर आभार व्यक्त किया।स्वेटर का वितरण संकुल प्राचार्य एस.के.पैकरा और विश्वजीत नाग के कर कमलों से हुआ । शासन के आदेशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला मिट्ठू नवागांव में एफएलएन मेला का भी सफल आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में आदित्य कश्यप, इन्द्रपाल पैकरा, एकता अग्रहरि,मोनिका गोयल,आकांक्षा कश्यप,काजूराम कंवर,मिथलेश

### आंध्र समाज स्कूल ने मनाया बाल दिवस

आंध्रा समाज द्वारा संचालित आंध्रा समाज ऊ मां विधालय रेलवे परिक्षेत्र बिलासपुर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जन्मदिवस पर बाल दिवस बड़े ही हर उल्लास के साथ स्कूल परिसर में बच्चो के द्वारा भव्य रूप से मनाया गया जिसमें अनेक मनोरंजक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता पेपर्स, पेंसिल वेस्ट क्राफ्ट, माचिस कड़ी से क्राफ्ट बनाना, ड्राइंग, निबंध प्रतियोगिता, ग्रीटिंग कार्ड निर्माण, श्रीफल, नेचर पेंटिंग प्रतियोगिता, सोलो सोंग्स प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिता मनाया खेलकूद प्रतियोगिता में सभी बच्चों को क्रमवार पुरस्कृत किया गया जिसमे फैंसीड्रेस में प्रथम कु प्रतिका टंडन, द्वितीय कु वसंतिका चौहान,तृतीय अनानिया सिंह,क्राफ्ट मेकिंग में प्रथम कु जेसिका सिंह,द्वितीय अंकिता यादव,तृतीय जीविका पटेल ड्राइंग में प्रथम कु हर्षिता,द्वितीय कु अयान राते,तृतीय,कुअमायरा,श्रीफल मेकिंग में प्रथम कु अक्षरा मिश्रा,द्वितीय कु झरना,तृतीय कु पायल गुप्ता प्रिंसिपल डी रामम्म,प्रिंसिपल अंग्रेजी माध्यम दयामनी,प्रधान पाठिका आर वरलक्ष्मी, क्लारा पिल्लई बी यू बी रेड्डी के द्वारा प्रथम द्वितीय तृतीया स्थान प्राप्त किए बच्चे को पुरस्कृत किया गया।

---

## बिलासपुर में शुरू हुआ स्वदेशी मेला

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में 14 से 20 नवंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। एक हफ्ते तक चलने वाले इस मेले में बच्चों, युवाओं व बड़ों के लिए प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पारंपरिक कला व व्यंजन के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मेले में लघु उद्यमी भी सामानों के स्टॉल लगाएंगे।इस कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं के साथ ही स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी कला की प्रस्तुति देने के लिए मंच मिलेगा।

---

## जल संसाधन विभाग में अमीन पदों की भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को

**बिलासपुर /नवप्रदेश।** जल संसाधन विभाग में अमीन के रिक्त पदों पर भर्ती की परीक्षा 7 दिसंबर को बिलासपुर सहित प्रदेश के 16 जिलों में एक साथ आयोजित की जा रही है, जिसमें सभी जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। अकेले बिलासपुर में 38 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी 126 केन्द्रों में शामिल होकर परीक्षा देंगे। जिला प्रशासन द्वारा व्यापम के निर्देशों के अनुरूप पुख्ता तैयारी की जा रही है। व्यापम ने निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्ण आयोजन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने

परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा केंद्र में आने का आग्रह किया है।

व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों में परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम के लिए निर्देशित किया गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केंद्र का अवलोकन करने की सलाह दी गई है जिससे परीक्षा के दिन उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश है ताकि फोटोयुक्त मूल पहचान से उनकी जांच की जा सके। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले कड़ी फ्रिस्किंग (तलाशी) अनिवार्य होगी। परीक्षा 12 बजे शुरू होगी। निर्धारित समय से 30 मिनट पहले प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे और देर से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सुबह 11.30 बजे तक अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुमति होगी। इसके बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के कपड़े और सीमित जेवर पहनने की सलाह दी गई है। फुल स्लीव शर्ट, जैकेट, गहरे रंग के कपड़े, मोटे तलवे वाले जूते, हाई हील, बड़े बटन युक्त कपड़े व काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा।

---

## कोनचरा में रेत घाट की लीज को लेकर विवाद तेज, ग्रामीणों ने निरस्तीकरण की उठाई मांग

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले के कोटा जनपद के ग्राम कोनचरा व आश्रित ग्राम जागरा में रेत घाट की लीज को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इसे लेकर आज शुक्रवार को कोटा जनपद पंचायत के पूर्व सभापति एवं कार्यकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बेलगहना कन्हैया गंधर्व एवं पूर्व कोटा जनपद उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता व पूर्व सरपंच बलभद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से कांफ्रेंस में अपनी बात रखी। इसमें उन्होंने कहा कि रेत उत्खनन की स्वीकृति पूरी तरह नियम विरुद्ध दी गई है और पंचायत ने फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव के आधार पर शासन को गुमराह किया है। इसी के साथ

ग्रामीणों ने रेत घाट की लीज को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई है। ग्राम कोनचरा, जनपद पंचायत कोटा अंतर्गत एक अनुसूचित क्षेत्र है जहां पेसा एक्ट लागू है। एक्ट के अनुसार रेत घाट की स्वीकृति के लिए मान्य ग्रामसभा का प्रस्ताव अनिवार्य है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत ने जो प्रस्ताव भेजा, वह 2023 का पुराना प्रस्ताव है और उसमें कोरम भी पूरा नहीं था। कोनचरा क्षेत्र के आश्रित ग्राम जारगा में पहले से ही एक रेत घाट शासन द्वारा नीलामी प्रक्रिया में स्वीकृत किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जारगा और कोनचरा के घाटों की दूरी 1 किलोमीटर से भी कम है, जो नियमों का उल्लंघन है। आरोप यह भी है कि जारगा घाट की स्वीकृति भी फर्जी ग्रामसभा के आधार पर की गई है।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि रेत घाट में मैनुअल खोदाई के नियम को अनदेखा करते हुए मशीनों से उत्खनन किया जा रहा है, जिससे नदी और प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि तेज मशीनरी के उपयोग से अनहोनी की आशंका भी बनी रहती है। ग्राम कोनचरा के सैकड़ों ग्रामीणों ने लिखित आपत्ति दर्ज कराते हुए साफ कहा कि पंचायत द्वारा भेजे गए प्रस्ताव की उन्हें कोई जानकारी नहीं है और वे इसे पूरी तरह फर्जी बताते हैं।

---

## सेक्टर डी के पास जमीन का निगम ने किया अधिग्रहण

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** रायपुर रोड में सेक्टर डी के पास मंडपम भवन के बाजू की जमीन को नगर निगम ने नगर पालिक निगम अधिनियम के अंतर्गत अधिकार हक और हित के अधीन प्रबंधन अधिग्रहण कर लिया है। प्रबंधन अधिग्रहण की कार्रवाई कर निगम ने एसडीएम को नामांतरण के लिए पत्र भी लिखा है। विदित है कि उक्त जमीन में अवैध कॉलोनी और प्लाटिंग की जांच के लिए कलेक्टर द्वारा गठित दस सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया था,कलेक्टर द्वारा गठित समिति ने छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-ग के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राथमिकी दर्ज किये जाने एवं छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-च (अवैध कॉलोनी निर्माण की भूमि का प्रबंधन आयुक्त द्वारा अधिग्रहित किया जाना) एवं 292 छ, (अवैध कॉलोनी निर्माण वाली भूमि का समपहरण) के अन्तर्गत कार्यवाही प्रस्तावित किये जाने की अनुशंसा की थी। उक्त अनुशंसा अनुसार आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा क्रमशः 03 आम सूचना के माध्यम से दावा-आपत्ति आमंत्रित किया था।

---

**सम्मान**

### स्वच्छता पखवाड़ा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी मिला सम्मान

## स्पेशल कैम्पेन 5.0 में कोल-लिग्नाइट कंपनियों में लगातार तीसरे वर्ष नंबर 1 रहा एसईसीएल

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्पेशल कैम्पेन 5.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।

यह सम्मान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी, कोयला सचिव विक्रम देव दत्त तथा अतिरिक्त सचिव (कोयला) एवं अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड (अतिरिक्त प्रभार) सनोज़ कुमार झा द्वारा प्रदान किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी एसईसीएल

को माननीय मंत्रीजी द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एसईसीएल की ओर से यह सम्मान सीएमडी हरीश दुहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, भानु सिंह (जीएम, सिविल), मनीष श्रीवास्तव (उप महाप्रबंधक - मानव संसाधन), डॉ. सनीश चंद्र (पीआरओ), दीपांशु मांधाता, प्रबंधक (सिविल) एवं पीयूष प्रताप मल्ल, उप-प्रबंधक (सीडी) द्वारा ग्रहण किया गया।भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (छ्त्रक्क) तथा कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में 2 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच आयोजित स्पेशल कैम्पेन 5.0 में एसईसीएल ने स्वच्छता, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्क्रैप निस्तारण, डिजिटलीकरण और मीडिया प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धियाँ दर्ज कीं। एसईसीएल ने अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्य 203 के मुकाबले 229 स्थलों की सफाई की तथा 43 लाख वर्गफीट से अधिक क्षेत्र में स्वच्छता कार्य पूर्ण किए।

### स्क्रैप निस्तारण से 24 करोड़ की राजस्व प्राप्ति

रिकॉर्ड दक्षता का परिचय देते हुए एसईसीएल ने 6,400 मीट्रिक टन से अधिक स्क्रैप का निस्तारण किया, जिससे लगभग ?24 करोड़ की आमदनी हुई—जो अभियान लक्ष्य से दोगुने से भी अधिक है।एसईसीएल ने अभियान के दौरान 2,100 से अधिक भौतिक फ़ाइलें तथा 23,000 ई-फ़ाइलों की समीक्षा करते हुए 20,000 ई-फ़ाइलों का क्लोज़र किया जोकि 350% से अधिक रहा। वेस्ट टू वेल्थ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में गेवरा में सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एस-एल-आर-एम) सेंटर स्थापित किया गया।

## न्यूज़ गैलरी

### फर्टिलाइजर की कालाबाजारी और जमाखोरी पर सरकार की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** देश में किसानों को फर्टिलाइजर की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चितत करने के लिए सरकार ने खरीफ और चल रहे रबी सीजन 2025-25 (अप्रैल से नवंबर) में एक अभियान चलाकर कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों पर कार्रवाई की है। सरकार ने बताया कि इस अभियान के दौरान देश में फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को मॉनिटर करने के लिए 3,17,054 निरीक्षण और छापे मारे गए। केमिकल और फर्टिलाइजर मंत्रालय के मुताबिक, इन ऑपरेशंस के तहत पूरे देश में कालाबाजारी के लिए 5,119 कारण-बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिसके चलते 3,645 लाइसेंसों को निलंबित किया गया है और 418 एफआईआर दर्ज की गई हैं। साथ ही, जमाखोरी के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत 667 कारण-बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें 202 लाइसेंस रद्द और निलंबित किए गए हैं और 37 एफआईआर दर्ज की गई हैं।मंत्रालय ने बताया कि डायवर्जन रोकने के लिए, अधिकारियों ने 2,991 कारण बताओ नोटिस जारी किए, 451 लाइसेंस रद्द/निलंबित किए और 92 एफआईआर दर्ज कीं। सभी प्रवर्तन कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत की गईं, जिससे सख्त अनुपालन और जवाबदेही सुनिश्चित हुई।उत्तर प्रदेश ने इस अभियान का नेतृत्व किया, जहां 28,273 निरीक्षण किए गए, कालाबाजारी के लिए 1,957 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, 2,730 लाइसेंस रद्द या निलंबित किए गए, साथ ही 157 एफआईआर भी दर्ज की गईं। बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और गुजरात उन अन्य राज्यों में शामिल थे, जिन्होंने मजबूत प्रवर्तन, बड़े पैमाने पर निरीक्षण दल तैनात करने, व्यापक निगरानी और तेज कानूनी कार्रवाई का प्रदर्शन किया।महाराष्ट्र के अभियान में 42,566 निरीक्षण और डायवर्जन संबंधी उल्लंघनों के लिए 1,000 से अधिक लाइसेंस रद्द किए गए; राजस्थान ने विभिन्न श्रेणियों में व्यापक कार्रवाई के साथ 11,253 निरीक्षण किए, और बिहार ने लगभग 14,000 निरीक्षण किए और 500 से अधिक लाइसेंस निलंबित किए। इन पहलों ने पीक एग्री सीजन के दौरान अर्टिफिशियल शॉर्टेज और कीमतों में हेराफेरी को रोका। इन सक्रिय और सख्त कदमों ने समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की, बाजार अनुशासन को मजबूत किया और देश के सभी क्षेत्रों में फर्टिलाइजर की उपलब्धता बनाए रखने में मदद की है।

### नेचर पॉजिटिव इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है

# अदाणी सीमेंट ग्लोबल टीएनएफडी फ्रेमवर्क को अपनाने वाली भारत की पहली सीमेंट कंपनी बनी

**अहमदाबाद।** अदाणी सीमेंट टास्कफोर्स ऑन नेचर रिलेटेड फाइनेंशियल डिस्क्लोजर्स (टीएनएफडी) फ्रेमवर्क को अपनाने वाली भारत की पहले सीमेंट कंपनी बन गई है। यह जानकारी कंपनी की ओर से शुक्रवार को दी गई। इसके साथ ही, अदाणी सीमेंट उन सात ग्लोबल सीमेंट कंपनियों में शामिल हो गया है, जिन्होंने टीएनएफडी फ्रेमवर्क को अपनाया है।अदाणी सीमेंट के अंतर्गत अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी दो ब्रांड आते हैं।

टीएनएफडी फ्रेमवर्क को ऐसी कंपनियां अपनाती हैं, जो नेचर पॉजिटिव बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन पर फोकस करती हैं। अदाणी सीमेंट वित्त वर्ष 26 से टीएनएफडी-संरेखित सिफारिशों को औपचारिक रूप से अपनाएगा, जिससे पर्यावरणीय प्रदर्शन में कंपनी की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।अदाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के सीईओ विनोद बहेटी ने कहा, टीएनएफडी फ्रेमवर्क को अपनाना अदाणी सीमेंट की नेचर पॉजिटिव ग्रोथ और क्लाइमेंट लीडरशीप की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें अपनी इंडस्ट्री में टीएनएफडी-संरेखित डिस्क्लोजर्स के लिए प्रतिबद्ध होने पर गर्व है, जो हमारे इस विश्वास को दर्शाता है कि जिम्मेदार व्यवसाय दीर्घकालिक सफलता की नींव है। इससे पहले अदाणी सीमेंट ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए दुनिया में पहली बार कमर्शियल स्तर पर कूलब्रूक की रोटोडायनामिक हीटर (आडीएच) टेक्नोलॉजी को स्थापित करने का ऐलान किया था।

बहेटी ने कहा, हम नेट जीरो की दिशा में प्रगति को गति दे रहे हैं एवं जैव विविधता को बढ़ा रहे हैं और अपने सभी परिचालनों को मजबूत कर रहे हैं। अदाणी समूह के एकीकृत इकोसिस्टम द्वारा समर्थित, इनोवेशन,

डिजिटलीकरण और रिन्यूएबल एनर्जी पर हमारा ध्यान हमें भारत के सतत विकास लक्ष्यों का समर्थन करते हुए सभी पक्षकारों के लिए बेहतर मूल्य प्रदान करने में सक्षम बनाता है।टीएनएफडी की सिफारिशों को अपनाकर, अदाणी सीमेंट प्रकृति से संबंधित जोखिमों और अवसरों की पहचान, आकलन, प्रबंधन और डिस्क्लोजर के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे सतत विनिर्माण में उसका नेतृत्व और मजबूत होगा।टीएनएफडी एक वैश्विक, विज्ञान-आधारित पहल है जिसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम वित्त पहल (यूएनईपी एफआई), संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) और ग्लोबल कैनोपी द्वारा की गई है। यह कंपनियों को रणनीतिक निर्णय लेने और कॉर्पोरेट रिपोर्टिंग में प्रकृति से संबंधित विचारों को एकीकृत करने में मार्गदर्शन प्रदान करता है।इसके अलावा, अदाणी सीमेंट ने पहले ही मजबूत ईएसजी मानकों को संस्थागत रूप दे दिया है, जिसमें बड़े पैमाने पर वनीकरण शामिल है जिसके तहत इसने 70 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं।इससे पहले बुधवार को अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) टीएनएफडी फ्रेमवर्क को अपनाने वाली भारत की पहली एकीकृत ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी बन गई, जिसने नेचर पॉजिटिव इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है।

### इस स्कीम का ऐलान आम बजट 2025-26 में किया गया था

# एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन और क्रेडिट गारंटी स्कीम पूरे इकोसिस्टम के लिए गेमचेंजर : फियो

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) ने केंद्रीय कैबिनेट की ओर से एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईएमपी) को मंजूरी देने के मोदी सरकार के फैसले का स्वागत किया है और इसे गेमचेंजर बताया है। इस स्कीम का उद्देश्य देश की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, एमएसएमई, फर्स्ट-टाइम एक्सपोर्ट्स और अधिक लेबर उपयोग वाले सेक्टर्स को मजबूत करना है। इस स्कीम का ऐलान आम बजट 2025-26 में किया गया था।फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन भारत के व्यापार क्षेत्र के लिए एक व्यावहारिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

यह मिशन वित्तीय और गैर-वित्तीय हस्तक्षेपों को एक एकीकृत फ्रेमवर्क के अंतर्गत लाकर वैश्विक व्यापार गतिशीलता के लिए आवश्यक निरंतरता, लचीलापन और जवाबदेही प्रदान करता है। यह विशेष रूप से

एमएसएमई को सशक्त बनाएगा, जिन्हें अकसर किफायती वित्त और अनुपालन सहायता तक पहुंच में कठिनाई होती है। उन्होंने आगे कहा कि एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन उन संरचनात्मक चुनौतियों के लिए एक समयोचित प्रतिक्रिया है, जो भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को लंबे समय से प्रभावित कर रही हैं, जिसमें वित्त तक सीमित पहुंच और उच्च अनुपालन लागत से लेकर कमजोर ब्रांडिंग और लॉजिस्टिक्स बाधाएं शामिल हैं। रल्हन के मुताबिक, इस मिशन के आने से निर्यात में निरंतरता सुनिश्चित होगी, रोजगार के अवसरों को पैदा किया जा सकेगा और नए क्षेत्रों में भारत के निर्यात आधार को बढ़ाने में मदद मिलेगी।मिशन के तहत, कपड़ा, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग गुड्स और समुद्री उत्पादों जैसे हालिया वैश्विक टैरिफ वृद्धि से प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे निरंतर निर्यात ऑर्डर और रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित होगी।इस मिशन के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा, जो पारदर्शिता, गति और सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक एकीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी प्रक्रियाओं का डिजिटल प्रबंधन करेगा।

### नए साल से पहले आरबीआई देगा तोहफा, एक बार फिर ब्याज दरों में हो सकती है कटौती

**नई दिल्ली।** अर्थशास्त्रियों ने गुरुवार को कहा कि अक्टूबर में महंगाई दर में कमी के कारण केंद्रीय बैंक एक बार फिर से दिसंबर की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है।खुदरा महंगाई दर अक्टूबर में रिकॉर्ड 0.25 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है, जो कि सितंबर में 1.44 प्रतिशत थी। यह मौजूदा सीपीआई सीरीज में दर्ज की गई अब की सबसे कम महंगाई दर है। समग्र महंगाई में कमी आने की वजह खाद्य महंगाई के साथ-साथ मुख्य महंगाई दर में कमी आना है।क्रिसिल ने अपने नोट में कहा कि उम्मीद से अधिक खाद्य महंगाई दर में कमी आने, बाकी बचे वर्ष में खाद्य उत्पादों की आपूर्ति मजबूत रहने, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम होने और जीएसटी का फायदा आम लोगों तक पहुंचने के कारण हमारा अनुमान है कि खुदरा महंगाई दर इस वित्त वर्ष में औसत 2.5 प्रतिशत पर रह सकती है, जो कि पिछले वर्ष के आंकड़े 4.6 प्रतिशत से कम है। नोट में आगे कहा गया कि कई बड़ी कैटेगरी में जीएसटी का प्रभाव अक्टूबर में पूरी तरह से ट्रांसफर नहीं हुआ है, जिसका प्रभाव आने वाले समय में हमें नवंबर में देखने को मिलेगा। खुदरा महंगाई दर नवंबर में वर्तमान में 0.9 प्रतिशत पर है, जिसमें जीएसटी के प्रभाव के कारण और गिरावट आ सकती है। वित्त वर्ष 26 में मुख्य महंगाई दर अब 2 प्रतिशत से कम रहने का अनुमान है, जिसका सीधा अर्थ है कि आरबीआई के 2.6 प्रतिशत के अनुमान में 50 आधार अंकों की और गिरावट आएगी। आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर के अनुसार, आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) वित्त वर्ष 2026 के लिए अपने खुदरा महंगाई दर के अनुमान को 2.6 प्रतिशत से और कम कर सकती है, जो खाद्य कीमतों में नरम क्रमिक गति के साथ-साथ सीपीआई बास्केट में कई वस्तुओं पर जीएसटी दर युक्तिकरण के प्रभाव को देखते हुए संभव है।

# ओलंपिक 2028 का शेड्यूल: पुरुष क्रिकेट का फाइनल 29 जुलाई को

**नईदिल्ली।** लॉस एंजेलिस ओलंपिक आयोजकों ने बुधवार को 2028 खेलों का पूरा कार्यक्रम जारी किया। इस बार उद्घाटन दिवस पर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ को शामिल किया गया है। 14 से 30 जुलाई तक चलने वाले ये खेल अब तक के सबसे बड़े होंगे, जिनमें 49 स्थानों पर 51 स्पर्धाओं में 11,200 खिलाड़ी भाग लेंगे। पहली बार लैंगिक समानता और नए कार्यक्रम निर्धारण को प्राथमिकता दी गई है, जबकि सुपर शनिवार का आयोजन इस खेल का विशेष आकर्षण रहेगा। लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 खेल इतिहास में लैंगिक समानता की नई मिसाल कायम करेगा। इस बार कुल प्रतिभागियों में 50.5 प्रतिशत महिला खिलाड़ी होंगी और पहली बार सभी टीम खेलों में पुरुषों के बराबर या उनसे अधिक महिला टीमें भाग लेंगी। 15 जुलाई को उद्घाटन दिवस पर अब तक की सबसे अधिक महिला फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनकी शुरुआत महिला ट्रायथलॉन से होगी और समापन रोमांचक 100 मीटर दौड़ से होगा।

ओलंपिक इतिहास में पहली बार एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं पूरे खेल अवधि के दौरान आयोजित की जाएंगी। आयोजकों ने पारंपरिक कार्यक्रम में बड़े बदलाव किए हैं ताकि खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिल सके। मौसम को ध्यान में रखते हुए कई प्रतियोगिताओं का समय बदला गया है। सैंटा एनीटा में होने वाली घुड़सवारी स्पर्धाओं को शाम के सत्र में रखा गया है।

### बांग्लादेश बनाम आयरलैंड, नजमुल हुसैन शांतो ने टेस्ट में अपना 8वां शतक लगाया

**नईदिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट में शतक (100) लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 8वां और आयरिश टीम के विरुद्ध पहला शतक साबित हुआ। इस बीच उन्होंने 5वें विकेट के लिए लिटन दास के साथ मिलकर 98 रन की साझेदारी की। शांतो की इस बेहतरीन पारी की मदद से बांग्लादेश ने अपनी पारी में 550 से अधिक रन बनाए। आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने जब 341 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब शांतो क्रीज पर आए। सिलहट क्रिकेट स्टेडियम में बल्लेबाजी के लिए अनुकल नजर आ रही पिच पर शांतो ने विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर ली और 53 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

ग्राम-भीरावाही तहसील कांकेर

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कमला बाई सिन्हा पति राजेश्वर सिन्हा, जाति कलार, निवासी अलबेलापारा कांकेर, तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम भीरावाही, तहसील कांकेर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 280/19 रकबा 0.0240 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/11/2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कांकेर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN:U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-II/CHP/W/TN-175/T-270/25/3368 Marwa, dtd.13-11-2025

**NOTICE INVITING E-TENDER NO.TN 175/2025**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No. | Tender Specification No. | Rfx No. E-Tender No. | Particulars | Last Date Time of submission of bid | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-II/ CHP/W/ T-270/25 | 8100047403 | Work Contract for Awarding Operation and Maintenance contract of Signaling and Telecommunication (S&T) system installed at In-Plant Cabin for a period of 1 month at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 10.12.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%) | Rs. 9860/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

S-45918/2

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्र. 24/न.पा.नि./जोन क्रमांक -7/लो.नि.वि./2025-26 दिनांक 13/11/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु फार्म-B में मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाखों में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्र. 07 में कचरा संग्रहण हेतु संचालित मिनी टीप्पर के मरम्मत हेतु। | 09.90 | 04/12/2025 |
| 2 | जोन क्र. 07 में संचालित जेसीबी के मरम्मत हेतु। | 05.00 | 04/12/2025 |
| 3 | जोन क्र. 07 में संचालित मिनी डम्पर/ट्रैक्टर/पानी टैंकरो के मरम्मत हेतु। | 05.00 | 04/12/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

सम्पतिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 07
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 24.11.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र. /दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 379 | कोटा अचानकमार मार्ग के कि.मी. 40 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य, बुटेना धौराभाठा मार्ग के कि.मी. 2/4 में दांयी ओर बाढ़ से हुए क्षतिग्रस्त का विशेष मरम्मत कार्य, सकरी सैदा मार्ग के कि.मी. 2/2 में तालाब के किनारे रिर्टनिंग वाल का निर्माण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी., बोड़सरा खरकेना मार्ग के कि.मी. 2/2 में रिर्टनिंग वाल का निर्माण कार्य लंबाई 3.65 कि.मी. पोड़ी चोरभट्ठी मार्ग के कि.मी. 2/2 एवं 2/8 में विशेष मरम्मत कार्य, कोटा अमाली बिल्लीबंद मार्ग के कि.मी. 5/8 एवं 6/2, लिंक रोड कोटा मार्ग के कि.मी. 2/10 एवं बेलगहना कोनचरा खोंगसरा मार्ग के कि.मी. 1/10, 1/6, 10/10 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर।** | 98.12 |
| 2 | 380 | कोथारी सोहागपुर उमरेली मार्ग 4/2 में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण एवं 4/6 में सड़क उन्नयन कार्य, मड़वारानी लबेद मार्ग 1/8, 2/4, 2/8, 2/10, 3/6 जी.एस.बी. डब्ल्यू.एम.एम. बी.टी. एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण। **द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग।** | 110.00 |
| 3 | 381 | हरनमुंडी पहुंच मार्ग (सी.सी. मार्ग निर्माण), पाली दीपका मार्ग कि.मी. 2/4 में निर्मित पुलिया का विशेष मरम्मत, कि.मी. 11/4, 12/2 में शोल्डर एम्बेंकमेंट का विशेष मरम्मत, कटघोरा कोरबा मार्ग कि.मी. 2/4 में शोल्डर एम्बेंकमेंट का विशेष मरम्मत एवं कटघोरा से जुराली मार्ग अहिरन नदी पहुंच मार्ग का विशेष मरम्मत। **द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग।** | 123.50 |
| 4 | 382 | कोटनी-पसान-कटघोरा मार्ग (रा.मा.04), 294/4 (2 मी. स्पान स्लेब कटवर्ट), 300/10 (100 डाया एच.पी. सी.), 301/2 (50मी. रिटेनिंग वाल) 306/2 to 329/10 332/8, 332/10, 333/2, 333/2, 335, 10, 339/10 (पुल पुलिया मरम्मत), 353/2 (एप्रोच मरम्मत), चोटिया-चिरमिरी मार्ग (रा.मा.क्र. 15) कि.मी. 11/6 पुल पुलिया मरम्मत, कटघोरा बायपास मार्ग कि.मी. 2/10, 3/4 सी.सी. मार्ग निर्माण, राहा से रावा मार्ग कि.मी. 8/8 बनवार नाला पुलिया में एप्रोच रोड निर्माण एवं कोरबी जल्के मार्ग कि.मी. 5/4 पुल पुलिया मरम्मत। **द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग।** | 108.60 |
| 5 | 383 | चांपा कोरबा मार्ग (एन.एच.149बी) कि.मी. 1/8-10 सी.सी. मार्ग निर्माण एवं सीपत बलौदा कोरबा मार्ग कि.मी. 42/4 सी.सी. मार्ग निर्माण। **द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग।** | 160.00 |
| 6 | 384 | बाराद्वार-हसौद-जैजैपुर मार्ग के कि.मी. 1/4, 1/6 एवं 1/8 (मुख्य जिला मार्ग क्र. 72) में विशेष मरम्मत का कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। सक्ती संभाग।** | 165.00 |
| 7 | 385 | तमनार-उरबा-लैलूंगा मार्ग कि.मी. 6/2, 8/6 एम.डी.आर.-282, पूंजीपथरा-तुमीडीह मार्ग कि.मी. 1/2 (150) व्ही.आर.-05 में विशेष मरम्मत का कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़** | 69.70 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते हैं।

जी-252604750/3

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho.no. 0771-2535780,90, Fax 077172227395, Email-dc_rmc@rediffmail.com

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/299/का.अ./फि.प्लांट/न.नि./25 रायपुर, दिनांक 13/11/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवी एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित समयावधि में सील बंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। सभी सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावेगी। निविदा खोलने के समय ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। विवरण निम्नानुसार है :-

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 26/11/2025 सांयकाल 5.00 बजे तक
2 परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को निविदा जारी करने की अंतिम तिथि - 28/11/2025 सांयकाल 2.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 01/12/2025 सांयकाल 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 04/12/2025 सांयकाल 4.00 बजे तक

| क्र. | विवरण | प्राक्कलन राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | प्रपत्र का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंटेकवेल के अंतर्गत नीर एवं क्षीर पंप हाउस स्थित मोटर पंप के बाउल एसेम्बली का मरम्मत कार्य | 9,34,228,00 | 9,500,00 | 750.00 | 03 माह | ''B'' |

**निविदा की शर्ते**

1. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन तिथि / समय में फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम, रायपुर रावणभाठा से प्राप्त की जा सकती है।
2. अमानती राशि (FDR) आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।
3. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, न.पा.नि. रायपुर को होगा।
4. निविदाकारों को लिफाफा 'अ' में अमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/ PWD Registration/3 year tax return इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफा 'ब' में निविदा दर, डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र में अंको एवं शब्दों में स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए। निविदा दर में कांट-छांट नहीं होना चाहिए। दोनों लिफाफा को एक अलग से बड़े लिफाफा में भरकर सीलबंद कर जमा करना होगा।
5. निविदाकारो को लिफाफा 'अ' में आमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/ PWD Registration/3 year tax return इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि सही पाये जाने के उपरांत ही लिफाफा 'ब' खोला जायेगा।
6. इसके अलावा नगर पालिक निगम रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते है। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ डीडी के रूप में जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र **कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर रावणभाठा** को प्रेषित करना होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

कार्यपालन अभियंता
फिल्टर प्लांट
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**
**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपए लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 178828 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला कोण्डागांव के अंतर्गत एन.एच. 30 के कि.मी. 246/2 वनउसरी माकड़ी मार्ग के कि.मी. 2/2 नारंगी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 464.12 |
| 2 | 178842 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला सरगुजा के दोरना असकला डेडहेली मार्ग पर गागर डडहौली नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1021.17 |
| 3 | 178855 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | पी.एम. उषा योजनांतर्गत जिला सरगुजा के राजीव गांधी शासकीय पी.जी. महाविद्यालय में जिला कन्या मल्टीपर्पज ट्रेनिंग सेंटर भवन अंबिकापुर का निर्माण कार्य। जमा मद। | 299.85 |
| 4 | 178866 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला गरियाबंद के कौन्दकेरा-खुडियाडीह मार्ग के सरगी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 627.25 |
| 5 | 178869 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला मुंगेली के ऊरईकछार-चुहियापारा-बघनीपारा मार्ग पर मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 384.87 |
| 6 | 178864 प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | जिला रायगढ़ के जामगांव से कोयलांग मार्ग के कि.मी. 23/4 पर कुरू नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 534.50 |
| 7 | 178932 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला बलरामपुर रामानुजगंज के त्रिपुरी-जशपुर पहुंच मार्ग पर लावा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 617.30 |
| 8 | 178938 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला कबीरधाम वि.खं. पंडरिया के जंगलपुर-कुम्ही लंबाई 4.10 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 460.80 |
| 9 | 178931 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला गरियाबंद के मुगिया झाराबहाल मार्ग पर नाला बेलाटजोर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 263.35 |
| 10 | 178945 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला कोरिया के सोस से पेटमा मार्ग पर लोहंदिया नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 454.12 |
| 11 | 178954 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला दुर्ग में मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग परिक्षेत्र दुर्ग कार्यालय भवन एवं संभागीय कार्यालय दुर्ग (भ/स) के नया कार्यालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, सेप्टिक टैंक एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। (समूह निविदा) | 452.84 |
| 12 | 178956 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | जिला राजनांदगांव वि.खं. छुरिया के चिरचारीखुर्द से खुर्सीटिकुल पहुंच मार्ग लंबाई 2.15 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 210.72 |
| 13 | 179047 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | राजनांदगांव-बैलाडिला मार्ग के कि.मी. 176/6 से 193/10 कुल 16.60 कि.मी. (गढ़बेंगाल से धौड़ाई-छोटेडोंगर मार्ग भाग-01) में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित। | 5179.40 |
| 14 | 179044 प्रथम आमंत्रण 07.11.2025 | राजनांदगांव-बैलाडिला मार्ग के कि.मी. 194/2 से 209/10 कुल 16.00 कि.मी. (गढ़बेंगाल से धौड़ाई-छोटेडोंगर मार्ग भाग-02) में सीमेंट क्रांकीट सड़क निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित। | 5193.29 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 13 से सं.क्र. 14 दिनांक 01.12.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 28.11.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी-252604729/6

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

# एचआईवी रिपोर्ट की जानकारी अब केवल डॉक्टर रख सकेंगे, फाइल पर पहचान चिह्न भी नहीं

**रायपुर/नवप्रदेश।** शासन ने अस्पताल में इलाज के दौरान एचआईवी मरीजों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए गाइडलाइन जारी की है। यह गाइडलाइन तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दी गई है। अब एचआईवी पॉजिटिव होने की जानकारी इलाज करने वाले डॉक्टर या नियंत्रण अधिकारी के पास ही रहेगी। यही नहीं फाइल, रजिस्टर, कंप्यूटर रिकार्ड लेवल पर अलग से कोई चिह्न नहीं बनाया जाएगा।

भारत सरकार के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) की 2018 में जारी अधिसूचना के अनुसार एचआईवी, एड्स से ग्रसित लोगों की चिकित्सीय, व्यक्तिगत एवं पहचान संबंधी सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जानी है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को गाइडलाइन जारी कर पालन करने को कहा है। सर्जरी या डिलीवरी के समय ऑपरेशन करने वाली टीम को सुरक्षा के बतौर नाम उजागर

किए बिना मरीज की जानकारी दी जा सकती है। यही नहीं, मरीज की स्थिति की जानकारी इलाज करने वाले डॉक्टर व जरूरी स्टाफ तक सीमित रहेगी। किसी भी परिस्थिति में मरीज की स्थिति को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित, चर्चा या प्रचारित नहीं किया जाएगा। एचआईवी-एड्स मरीजों से संबंधित दस्तावेज, रजिस्टर व रिपोर्ट सुरक्षित स्थान पर रखे जाएंगे। सिर्फ अधिकृत अधिकारी की अनुमति से ही उपलब्ध कराए जाएंगे।

गोपनीयता का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। संक्रमण से बचाव के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी यूनिवर्सल प्रकाशन का पालन करेंगे। रक्त, सुई, ब्लेड या किसी भी शारीरिक द्रव के संपर्क से बचाव के लिए डिस्पोजेबल दस्ताने, मॉस्क, एप्रन, सेफ्टी गॉगल्स आदि का इस्तेमाल किया जाए। इस्तेमाल के बाद सुइयों को निडिल डेस्ट्रोयर या शॉर्प कंटेनर में ही नष्ट किया जाए। सभी को सुई या ब्लेड का दोबारा उपयोग नहीं करने को कहा गया है। ताकि संभावित संक्रमण से बचा जा सके।

### बायो मेडिकल वेस्ट नियम का पालन जरूरी

गाइडलाइन में यह भी कहा गया है कि अस्पतालों में सभी उपकरणों का उचित स्टरलाइजेशन किया जाए। साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम का पालन किया जाए। ब्लड ट्रांसफ्यूजन केवल स्क्रीन किए गए रक्त से किया जाएगा। ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम एवं ड्रेसिंग रूम में संक्रमण नियंत्रण के सभी प्रोटोकॉल लागू करें। यही नहीं इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी हर माह निरीक्षण कर जरूरी रिपोर्ट तैयार करें।

### एचआईवी मदर, 2 लाख का मुआवजा

आंबेडकर अस्पताल में हाल ही में एक शिशु के बेड के सामने एचआईवी मदर का बोर्ड टांग दिया गया था। मीडिया में मामला आने के बाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अस्पताल को पीड़ित महिला को दो लाख का मुआवजा देने को कहा। कॉलेज प्रबंधन ने बिना देरी करते हुए अगले ही दिन महिला को दो लाख रुपए का चेक भी दे दिया।

## काउंसिल ने किया पंजीयन निरस्त फार्मासिस्ट समुदाय हुआ नाराज

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ स्टेट फॅर्मेसी काउंसिल ने फार्मासिस्ट अभिषेक चंदा का पंजीयन हाल ही में निरस्त कर दिया है। इससे फार्मासिस्ट समुदाय में नाराज़गी है। एक हफ्ते से ज्यादा समय हो गया, पर जांच समिति के अध्यक्ष का कोई जवाब नहीं आया है। जानकारी के अनुसार पंजीयन निरस्त करने का निर्णय काउंसिल के उपाध्यक्ष राहुल तिवारी की देखरेख में गठित जांच समिति की अनुशंसा पर लिया गया है। समिति द्वारा की गई जांच प्रक्रिया पर कई गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं, क्योंकि अभिषेक चंदा के पास सभी वैध दस्तावेज और प्रमाण पत्र पूर्व में ही जमा थे। यही नहीं उन्हें विधिवत पंजीयन भी प्राप्त हो चुका था। फार्मासिस्ट समुदाय का मानना है कि यह निर्णय पारदर्शिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों के विपरीत है। जांच समिति ने बिना ठोस साक्ष्य और बिना उचित सुनवाई के यह कार्रवाई की। इससे एक निर्दोष फार्मासिस्ट का भविष्य संकट में पड़ गया है।संगठन ने मांग की है कि जांच समिति की संपूर्ण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

### इस निर्णय की स्वतंत्र पुनः

जांच कराई जाए। जिन व्यक्तियों की भूमिका पर प्रश्नचिह्न हैं, उनमें काउंसिल उपाध्यक्ष राहुल तिवारी की भूमिका की भी जांच की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी फार्मासिस्ट के साथ अन्याय न हो। फार्मासिस्ट और संचालक नेशनल फार्मासिस्ट ऑर्गेनाइजेशन के योगेश साहू ने कहा कि यह मामला न केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे फार्मासिस्ट समुदाय की विश्वसनीयता और पेशेवर गरिमा से जुड़ा है।

## अब मेडिकल स्टूडेंट और डॉक्टर करेंगे रक्तदान

**रायपुर/नवप्रदेश।** पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज संबद्ध आंबेडकर अस्पताल समेत सभी चिकित्सालय में अब डॉक्टर समेत स्टूडेंट्स नियमित रूप से ब्लड डोनेशन करेंगे। इससे जरूरतमंद मरीजों के लिए ब्लड की कमी नहीं होगी। कई बार गंभीर मरीजों को ब्लड मिलने में परेशानी होती है। नई पहल से ब्लड की कमी दूर होने की संभावना है। राजभवन के पत्र के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग नियमित शिविर लगा रहा है। अब मेडिकल एजुकेशन से जुड़े कॉलेजों के विद्यार्थी नियमित रक्तदान करेंगे। इससे ब्लड बैंक में रक्त की कमी दूर करने में मदद मिलेगी। सिकलसेल, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, ल्यूकेमिया, कैंसर के मरीज, सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व डिलीवरी के दौरान महिलाओं को ब्लड ट्रांसयूजन की जरूरत पड़ती है। ब्लड की कमी न हो, इसके लिए राजभवन ने पहले ही हेल्थ साइंस विवि को पत्र लिखा था। डीन व प्राचार्यों को लिखे पत्र में छात्र-छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने को कहा है। शिविर लगाकर ब्लड एकत्रित किए जाएंगे।

### कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में बचाव भी

ब्लड से जुड़ी बीमारी व बोन मेरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ हिमेटोलॉजिस्ट डॉ. विकास गोयल व पीडियाट्रिशियन डॉ. आकाश लालवानी के अनुसार नियमित अंतराल में ब्लड डोनेशन करने से खून साफहोने के साथ शरीर को नए खून बनाने का मौका मिलता है। कई कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों से बचाव भी होता है। यह मानसिक सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। सिकलसेल, हीमोफीलिया के मरीजों को ब्लड की पूर्ति रक्तदान से होती है। यही नहीं नियमित रक्तदान करने से हार्ट अटैक की संभावना 88 फीसदी तक कम हो जाती है। हार्ट संबंधी बीमारी होने की संभावना भी 33 फीसदी घट जाती है। शरीर से ब्लड निकलने से 350 मिग्रा आयरन कम हो जाता है।

## डॉक्टर के घर दो लाख की चोरी

**रायपुर/नवप्रदेश।** आजाद चौक इलाके में एक डॉक्टर के घर चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक चौबे कॉलोनी निवासी डॉक्टर राघव अग्रवाल घर से बाहर थे। इस बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर में धावा बोला। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी को अज्ञात चोर ले भागे। चोर करीब 2 लाख का सामान ले भागे। इसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफकेस दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## 15 लाख गबन करने वाला मैनेजर गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** अपनी ही कंपनी के लाखों रुपए गबन करने वाले को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपी के खिलाफखमतराई थाने में केस दर्ज था। पुलिस के मुताबिक भूटानी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का उरकुरा गोवर्धन नगर में ब्रांच है। यहां मैनेजर के रूप में संदीप कुमार कश्यप कार्य करता था। मई 2025 तक उसने कंपनी के 15 लाख रुपए का गबन किया। वह ग्राहकों से पैसा लेने के बाद कंपनी में जमा नहीं करता था। इसकी शिकायत पर खमतराई पुलिस ने केस दर्ज किया। इसके बाद करीब 6 माह से आरोपी फरार चल रहा था। गुरुवार को पुलिस ने उसे धरदबोचा। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## काव्य संध्या और समान समारोह कल

**रायपुर/नवप्रदेश।** साहित्य सृजन संस्थान की 39वीं मासिक काव्य संध्या एवं समान समारोह 16 नवंबर को दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक विमतारा हॉल, शांति नगर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रदेशभर के कवि-शायर अपनी रचनाओं का काव्यपाठ करेंगे और दीपावली मिलन मनाएंगे। मुय अतिथि डॉ. संजय अलंग (पूर्व आईएएस) एवं विशिष्ट अतिथि साहित्यकार अरुणकांत शुक्ला होंगे। इस अवसर पर जुगेश चंद्र दास को श्रेष्ठ रचनाकार समान और दिनेश राठौर 'दानिश' को श्रेष्ठ काव्य पाठ समान प्रदान किया जाएगा।

## तैराकी स्पर्धा में स्वप्निल और मोनिका अव्वल

**रायपुर/नवप्रदेश।** रविवि के तत्वावधान में गुरुकुल महिला महाविद्यालय की ओर से तैराकी महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में कुल 14 महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरुष वर्ग में स्वप्निल ने प्रथम, रोहन ने द्वितीय, आयुष यादव ने तृतीय तथा लुकेश्वर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में मोनिका प्रथम, मानवती द्वितीय, प्रिया तृतीय और रिंकी ने चतुर्थ स्थान हासिल किया।

# श्रम विभाग का फरमान: फैक्ट्रियों में जोखिम भरे 20 किस्म के काम पर रोक

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश की फैक्ट्रियों-कारखानों में गर्भवती महिलाओं व अधेड़ उम्र के व्यक्तियों को जोखिम भरे कार्यों से मुक्ति मिलेगी। राज्य सरकार के श्रम विभाग ने कुछ कार्यों की लिस्ट जारी की है। इन कार्यों को करने के लिए फैक्ट्री प्रबंधन कर्मचारियों को बाध्य नहीं कर सकता। गर्भवती व नवजात बच्चों को स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साथ ही अल्पवय व्यक्ति जो फैक्ट्री में काम कर रहे हैं, उनके लिए लगभग 20 तरह के कामों पर रोक लगाई गई है। श्रम विभाग के उप-सचिव लोकेश कुमार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए आपत्ति व सुझाव के लिए अधिसूचना प्रकाशित होने के 45 दिन के भीतर की समय-सीमा तय की है। इस समय-सीमा में व्यक्ति अपना सुझाव दे सकते हैं।

### महिला उद्यमिता नीति लागू

राज्य सरकार ने 2023-2028 महिला उद्यमिता नीति लागू की है, जिसके अंतर्गत उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत बनाना है। नियम के अंतर्गत ऋण सहायता के अंतर्गत विनिर्माण उद्योग के लिए 50 लाख, सेवा उद्योग के लिए 25 लाख व व्यवसाय उद्योग के लिए 10 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जानी है। ऐसे उद्यमियों को विद्युत शुल्क, जीएसटी दरें, स्टाप, मंडी शुल्क आदि में छूट प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

**गर्भवती महिलाएं मिट्टी के बर्तन वाले कार्य से पृथक:** गर्भवती महिलाओं को मिट्टी के बर्तन निर्माण संबंधित कार्यों से अलग रखा जाएगा। इसके साथ ही मैगनीज या इसके यौगिकों के विनिर्माण में काम करने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही बेंजीन या बेंजीन निर्माण से संबंधित किसी भी कार्य से अलग रखा जाएगा। गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को स्लेट या पेंसिल निर्माण की फैक्ट्री में पत्थर काटने या खांचा बनाने के कार्यों में नियोजित नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही कैंसरकारी पदार्थों के निर्माण के लिए भी महिलाओं व अल्पवय व्यक्तियों पर काम करने के लिए दबाव नहीं बनाया जा सकेगा।

### इन कार्यों पर प्रतिबंध

धातु की वस्तु पर इलेक्ट्रोलाइटिंग, प्लेटिंग या ऑक्सीकरण से संबंधित, विद्युत संचायकों का निर्माण, कांच निर्माण संबंधित कार्य, पेट्रोल-गैस का उत्पादन करने वाली किसी भी इमारत में काम करने या प्रवेश पर रोक।

## बिहार चुनाव में बीजेपी को बढ़त, सीएम और मंत्रिमंडल ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न

**रायपुर/नवप्रदेश।** साय कैबिनेट की बैठक से पहले भी बधाइयों का दौर जारी रहा, डिप्टी सीएम अरुण साव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मिठाई खिलाकर जीत के रुझानों की बधाई दी। इसके बाद सीएम विष्णुदेव साय ने भी मंत्रियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। बिहार के नतीजों ने भाजपा खेमे में उत्साह कई गुना बढ़ा दिया है और पार्टी इसे जनता के समर्थन की बड़ी जीत के रूप में देख रही है।

**फिर चला 'नितीश-मोदी मैजिक':** 2020 के विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान की विद्रोही रणनीति ने नीतीश की जेडीयू को महज 43 सीटें दिलाई थीं। एनडीए ने कुल 125 सीटें हासिल कीं, लेकिन बहुमत के आंकड़े से महज 3 ज्यादा। विपक्ष ने इसे कमजोरी माना, लेकिन 2025 में चिराग एनडीए में लौटे और सीटों पर 22 की बढ़त बना ली। एक्जिट पोल्स ने एनडीए को 160 पार का अनुमान लगाया था, लेकिन रुझान 190+ दिखा रहे हैं। चुनाव आयोग के आधिकारिक ट्रेंड्स के मुताबिक, एनडीए ने सीमांचल, मगध और कोसी जैसे क्षेत्रों में साफझाड़ू लगाई। तेजस्वी यादव रघोपुर से तो आगे हैं, लेकिन आरजेडी कम सीटों पर सिमट गई।

### जे आर नायडू विद्यालय के बच्चों ने किया एनआईटी रायपुर का भ्रमण

**रायपुर/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर ने 13 नवम्बर 2025 को जे आर नायडू शास. उ. मा. विद्यालय,रविग्राम, रायपुर के विद्यार्थियों के भ्रमण का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन उन्नत भारत अभियान (क्ल) क्लब द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, क्षेत्रीय समन्वयक (उन्नत भारत अभियान क्लब ) डॉ. सुधाकर पांडे रहे । इस दौरान डॉ एस पी महापात्रा, डॉ. गोवर्धन भट्ट, डॉ धर्मपाल, डॉ. टी. पी. साहू, डॉ दीपिका अग्रवाल, जे आर नायडू शास. उ. मा. विद्यालय रविग्राम रायपुर के शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## छत्तीसगढ़ में 'आदि संस्कृति' का सजीव प्रदर्शन

- **वीर नारायण सिंह संग्रहालय में जनजातीय विरासत डिजिटल तकनीक के माध्यम से जीवंत**

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली गाथा का सजीव प्रदर्शन शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में देखने को मिलता है – यह एक ऐसा अद्वितीय सांस्कृतिक केंद्र है, जो आधुनिक डिजिटल तकनीकों के माध्यम से भारत के जनजातीय इतिहास को जीवंत करता है।

यह संग्रहालय देशभर में स्थापित किए जा रहे 11 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों में से एक है, जिसे 1 नवम्बर 2025 को राष्ट्र को समर्पित किया गया। लगभग 9.75 एकड़ क्षेत्र में फैले और ?53.13 करोड़ की लागत से विकसित इस संग्रहालय में 650 से अधिक मूर्तियां, आधुनिक डिजिटल गैलरियाँ, होलोग्राम, 3डी प्रोजेक्शन तथा इंटरएक्टिव एआई-आधारित प्रदर्शनी प्रणाली स्थापित की गई हैं।

संग्रहालय में आगंतुकों को जनजातीय विद्रोहों की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक झलकियाँ देखने को मिलती हैं – जिनमें हल्बा विद्रोह, पारलकोट आंदोलन, भूमकाल क्रांति तथा रानी चो-रिस आंदोलन जैसी उल्लेखनीय घटनाएं शामिल हैं। संग्रहालय में 1857 के क्रांतिकारी वीर शहीद वीर नारायण सिंह को विशेष श्रद्धांजलि दी गई है, साथ ही झाड़ा सिरहा जैसे अल्पज्ञात वीरों की शौर्यगाथा भी प्रदर्शित की गई है, जिन्होंने 1825 के पारलकोट आंदोलन का नेतृत्व किया था। स्वतंत्रता आंदोलन से आगे बढ़ते हुए, संग्रहालय की 14 थीम आधारित गैलरियाँ जनजातीय जीवन की मूल आत्मा को प्रदर्शित करती हैं।

## मरईगुड़ा वन में प्रशासन की त्वरित कार्रवाई ने टाल दी बड़ी घटना

- **फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा, कुशल प्रशासनिक समन्वय की ग्रामीणों ने की सराहना**

**सुकमा/नवप्रदेश।** कोंटा विकासखंड के मरईगुड़ा वन गांव में गुरुवार को शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भीषण आग ने तीन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों के बीच सिलेंडर फटने की आशंका से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, सुकमा जिला प्रशासन की तत्परता, संवेदनशीलता और कुशल समन्वय ने न केवल स्थिति को नियंत्रित किया, बल्कि एक बड़ी जान-माल की हानि को भी टाल दिया।

### कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल हुई कार्रवाई

जैसे ही जिला प्रशासन को इस गंभीर घटना की सूचना मिली, कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने तत्काल अधिकारियों को सक्रिय होने का निर्देश दिया। एसडीएम श्री सुभाष शुक्ला के मार्गदर्शन में, आपदा प्रबंधन तंत्र ने तुरंत पड़ोसी राज्य तेलंगाना के भद्राचलम से फायर ब्रिगेड को मदद के लिए बुलाने का निर्णय लिया। यह त्वरित और सीमा-पार समन्वय ही आपदा को नियंत्रित करने में निर्णायक साबित हुआ।

### तहसीलदार ने संभाला मोर्चा

मौके पर तहसीलदार कोंटा श्री गिरीश निंबालकर स्वयं पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य का नेतृत्व किया। फायर ब्रिगेड के समय पर पहुंचने और ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से आग की लपटों पर जल्द ही पूरी तरह काबू पा लिया गया।

### तत्काल आर्थिक सहायता

प्रत्येक प्रभावित परिवार को जिला प्रशासन के द्वारा 10,000 की सहायता राशि प्रदान की गई। मौके पर ही खाद्यान्न और अन्य आवश्यक राहत सामग्री तुरंत वितरित की गई। प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित अस्थायी आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### आगे की कार्यवाही

प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मौके पर ही पंचनामा तैयार कर लिया गया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द पूर्ण और स्थायी राहत मिल सके।

**2739 धान खरीदी केंद्रों में 25 लाख से अधिक पंजीकृत किसानों का धान खरीदा जाएगा**

# राज्य में धान खरीदी उत्सव की सभी तैयारी पूर्ण

- **सहकारी बैंकों के माध्यम से त्वरित भुगतान की व्यवस्था**
- **मार्कफेड नोडल एजेंसी, 40 करोड़ से अधिक का भुगतान करना होगा किसानों को**
- **15 और 16 नवंबर अवकाश होने के कारण 17 से शुरू होगी खरीदी**

**रायपुर/नवप्रदेश।** छग में धान खरीदी उत्सव 15 नवंबर से शुरू हो रहा है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार 15 और 16 को अवकाश होने के कारण यह खरीदी 17 से शुरू होगी। शासन ने मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। राज्य में करीब 25 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है। समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिए मार्कफेड 40 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान करेगा। प्राथमिक सहकारी समितियों के प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर चले गये हैं। जिसके चलते धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना है।

अपेक्स बैंक, मार्कफेड एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में धान खरीदी उत्सव सबसे बड़ा उत्सव है जो कि 15 नवंबर से शुरू हो रहा है। राज्य सरकार के खाद्य विभाग द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए पैसा दिया जाता है वहीं सहकारिता विभाग के समितियों द्वारा धान खरीदी एवं परिवहन सहित अन्य कार्य किया जाता है जिले के कलेक्टर इसके मॉनिटरिंग करते हैं। कुल मिलाकर यह कार्य सबसे बड़ा कार्य है जिसमें सरकार का एक तिहाई बजट लग जाता है।

### 2739 धान उपार्जन खरीदी केंद्र बनाये गये

राज्य में 25 लाख किसानों का पंजीयन हो चुका है यह पंजीयन एग्रीटेक पोर्टल के माध्यम से किया गया है जो कि राजस्व विभाग द्वारा प्रमाणित किया जाता है। राज्य में मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है जिसमें समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने के लिए करीब 40 करोड़ से अधिक की राशि लोन ली है। मार्कफेड के द्वारा ही धान का भंडारण परिवहन किया जाता है। कलेक्टर के माध्यम से सभी टेंडर जारी किये गये है हमालों की भर्ती तथा अन्य कार्य कर लिये गये है। राइस मिलरों के पास धान भेजे जाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। खाद्य विभाग ने राइस मिलरों धान की मिलिंग करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें धान से चावल बनाने के बाद सेंटर पूल में इसे देना होता है जबकि स्टेट पूल मे शेष चावल जमा किया जाता है जिसमें से बचे चावल को गरीबों को दो रुपये किलो में बांटा जाता है। एफसीआई और राज्य सरकार चावल तथा धान को लेकर आमने सामने हो जाते है जिसके कारण पेंच लग जाता है।

### सहकारी समितियों के कर्मचारी हड़ताल पर

अपेक्स बैंक के अनुसार धान खरीदी के बाद तत्काल भुगतान करने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। जिसके तहत बिलासपुर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर से धान का भुगतान किसानों को किया जाएगा। धान खरीदी के लिए किसानों का एंग्रीटेक पोर्टल होना अनिवार्य है। राज्य के केंद्रीय सहकारी बैंक के पदाधिकारी के अनुसार समिति प्रबंधकों को नोटिस दे दी गई है कि वे काम पर लौटे। रायपुर में सहकारी समिति के प्रबंधकों को धरना प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई है। जिसके चलते सहकारी समिति के कर्मचारी उग्र हो गये है। कर्मचारियों ने नियमितकरण करने शेष भुगतान एवं धान के सुखा पड़त के संबंध में जानकारी देने को कहा है। राज्य में इस समय विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में धान की आवक शुरू नहीं हो पा रही है इस वर्ष पानी काफी गिरा है जिसके कारण खेत गिले है। यहां पर हारवेस्टर नहीं उतर पा रहे है। किसान भी अपने हाथों से धान की कटाई नहीं कर पा रहे है। जल्द पकने वाली फसलें काटी जा रही है। धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रानिक तराजू एवं एक लाख गठान बोरों की व्यवस्था की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com